नई दिल्ली
मंगलवार, 10 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 56
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 41
न्यून. 29

## 16 दिन तक सोनम पुलिस से छिपती रही पर... मोबाइल कॉल डिटेल उसकी लोकेशन देते रहे इंदौर व शिलांग पुलिस के 36 घंटे के ज्वॉइंट ऑपरेशन से सुलझी राजा की हत्या की अंधी गुत्थी

## पांच साल छोटे प्रेमी की खातिर पति की सुपारी देकर शिलांग में कराई हत्या, हनीमून से पहले वहां साजिश की करने गई थी रेकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



शिलांग में हनीमून मनाने गए इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी ने ही की। खुद को मृत बताने के लिए उसने अपनी जैकेट खाई में फेंक दी, लेकिन, सुपारी किलर्स व प्रेमी राज कुशवाह से उसकी मोबाइल पर लगातार बात होती रही। 16 दिन तक सोनम पुलिस से छिपती रही पर कॉल डिटेल से उसकी लोकेशन मिलती रही। वह गाजीपुर के एक ढाबे पर 8 जून की रात 1 बजकर 42 मिनट पर प्लान के मुताबिक पहुंची और उसने सरेंडर कर दिया। उसके सरेंडर करते ही इंदौर व शिलांग पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही प्रेमी राज सहित पांचों हत्यारों को पकड़ लिया। इस हत्याकांड की मास्टरमाइंड सोनम ही है। उसने 9 लाख रुपए में अपने पति राजा की हत्या की ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नमो एप पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा पर नमो एप पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है। पीएम मोदी ने एक पोर्टल का लिंक भी शेयर किया, जहां कोई भी व्यक्ति पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा के बारे में 'जन मन सर्वेक्षण' में भाग ले सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आपके विचार सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं! नमो ऐप पर इस सर्वेक्षण में शामिल हों और हमें बताएं कि आप पिछले 11 वर्षों में भारत की विकास यात्रा को कैसे देखते हैं। 'जन मन सर्वेक्षण' शीर्षक वाले इस सर्वेक्षण का उद्देश्य पिछले 11 वर्षों में देश की विकास दर सहित विभिन्न स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर लोगों की राय जानना है। सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए लोग नमो ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही 1800 20 90 920 पर मिस्ड कॉल भी कर सकते हैं। नमो पोर्टल पर सर्वेक्षण में भाग ले सकते हैं और अपना फोन नंबर दर्ज करके या क्यूआर कोड स्कैन करके लिंक डाउनलोड कर सकते हैं।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता में गिनाई उपलब्धियां

# मोदी सरकार रेस्पोंसिव, रेस्पोंसिबल, अकाउंटेबल, ट्रांसपैरेंट, करप्शन-फ्री

- *नड्डा ने कहा, 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार थी, देश तुष्टिकरण की राजनीति में डूबा हुआ था*
- *मोदी के नेतृत्व में पॉलिटिक्स ऑफ परफ़ोर्मेंस, जवाबदेह और जिम्मेदार सरकार वाली राजनीतिक संस्कृति आई*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार थी, लेकिन पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ऐसे कार्य किए हैं, जिन्हें स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नड्डा ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा सुदृढ़ होने के साथ ही "विकसित भारत" की संकल्पना सशक्त कदम से सिद्धि की ओर तेजी बढ़ रहा है। नड्डा ने कहा कि विकसित भारत के अमृत काल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों से सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के लिए जो काम किया गया है, वह स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने योग्य है। क्योंकि जो कार्य किए गए हैं वह अकल्पनीय और अद्वितीय हैं। 11 साल पहले देश तुष्टिकरण की राजनीति में डूबा हुआ था। कुर्सी को सुरक्षित रखने के लिए तुष्टिकरण के साथ समाज को विभाजित करना ही राजनीतिक संस्कृति का प्रमुख हिस्सा बन गया था। मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव आया है, अब पॉलिटिक्स ऑफ परफ़ोर्मेंस, जवाबदेह और जिम्मेदार सरकार वाली राजनीतिक संस्कृति आई। रिपोर्ट कार्ड की राजनीति संस्कृति शुरू हुई, यानी ऐसी सरकार जो अपने कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने प्रस्तुत करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पूर्व की सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों में डूबी हुई थी। उस समय नकारात्मकता का माहौल था, जिसमें कुछ नहीं बदलने वाला की सोच व्याप्त थी। अगर साहसिक निर्णयों की बात करें, तो 11 वर्षों में लिए गए सभी निर्णायक कदमों को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताना बेहद कठिन है। फिर भी कुछ फैसले ऐसे हैं, जिन्होंने भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ लाए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना एक ऐसा राजनीतिक नैरेटिव था, जिसे देश मान चुका था कि यह संभव नहीं है। मोदी के नेतृत्व में यह धारणा टूट गई, अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ और आज हम इसके परिणाम देख रहे हैं।

इसी तरह तीन तलाक की प्रथा, जो मानवता के लिए एक त्रासदी थी, पर वर्षों तक चुप्पी छाई रही। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित किया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। नड्डा ने कहा कि आर्थिक अनुशासन लाने के लिए मोदी सरकार ने योजनाबद्ध ढंग से फैसले लिए। बजट की प्रस्तुति को एडवांस किया गया, योजना और गैर-योजना व्यय के बीच के भेद को समाप्त किया गया और रेल बजट को मुख्य बजट में समाहित कर समेकित आर्थिक दृष्टिकोण अपनाया गया। इस आर्थिक दूरदर्शिता का परिणाम यह है कि आज भारत दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। कोविड काल में वंदे भारत मिशन के माध्यम से 67 लाख से अधिक लोगों को स्वदेश लाया गया। ऑपरेशन देवी शक्ति के तहत अफगानिस्तान से नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया। यमन में चलाए गए ऑपरेशन राहत के अंतर्गत न सिर्फ 5 हजार भारतीय नागरिकों, बल्कि 1 हजार से अधिक अन्य देशों के नागरिकों को भी सुरक्षित बाहर लाया गया। नेपाल में आए भूकंप के दौरान भारत की राहत टीम सबसे पहले काठमांडू पहुंची और राहत कार्य प्रारंभ किया। वैक्सीन मैत्री के तहत भारत ने 150 से अधिक देशों को वैक्सीन प्रदान की, जिनमें से कम से कम 48 देशों को यह निःशुल्क दी कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान भारत ने जिस तरह प्रतिक्रिया दी, वैसा उदाहरण दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिला। भारत अकेला ऐसा देश रहा जिसने 220 करोड़ से अधिक डोज़, वह भी डबल डोज़, पूरी तरह निःशुल्क लगाकर विश्व का सबसे बड़ा और सबसे तेज़ वैक्सीनेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया। यही एक उत्तरदायी और जवाबदेह सरकार की पहचान है, और कोविड के संदर्भ में यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है, चाहे वे अनुसूचित जाति के भाई-बहन हों, अन्य पिछड़ा वर्ग हो या हमारे आदिवासी समुदाय के लोग। इनके लिए विशेष नीतियाँ, योजनाएँ और छात्रवृत्तियाँ प्रारंभ की गईं, जो पूरी तरह एससी, एसटी और ओबीसी समाज को समर्पित हैं। महिलाओं के लिए विशेष ध्यान देते हुए 'वीमेन लेड गवर्नमेंट' की भावना को केंद्र में रखा गया और महिलाओं को आगे लाने के लिए ठोस प्रयास किए गए। स्वास्थ्य क्षेत्र में गर्भधारण से लेकर प्रसव तक और उसके बाद टीकाकरण तक सभी चरणों में भारत सरकार की योजनाएं सक्रिय रही हैं। मैटरनिटी लीव को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना, वह भी वेतन सहित, एक बड़ा और संवेदनशील कदम रहा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान कर महिलाओं को सशक्त किया गया। जब चंद्रयान की तस्वीरें सामने आईं, तो उसमें सबसे अधिक महिला वैज्ञानिक दिखाई दीं। आज महिलाएं पायलट से लेकर सेना में स्थायी कमीशन प्राप्त कर ▶▶ शेष पेज 5 पर




छह अन्य घायल, घटना के शिकार हुए लोग ट्रेन में लटक कर यात्रा कर रहे थे

## मुंबई में लोकल ट्रेन से गिरकर 5 लोगों की मौत भीड़ की वजह से चलती ट्रेन से गिरे कई यात्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई



मुंबई के पास ठाणे में लोकल ट्रेन में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। जहां ट्रेन से गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। ये हादसा दीवा और मुंब्रा स्टेशन के बीच हुआ। शुरुआती जानकारी के मुताबिक 10 से 12 यात्रियों के गिरने की खबर है। हादसे के शिकार लोग लटक कर यात्रा कर रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रेन इतनी भरी थी कि यात्री दरवाजे पर लटककर सफर कर रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ। सभी पीड़ितों की आयु 30-35 साल के बीच थी। इस हादसे में घायल हुए कुछ लोगों को कलवा ▶▶ शेष पेज 5 पर




### भारत का मान बढ़ाने वाले पल, शुभांशु कल रचेंगे इतिहास



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में भारत का मान और गौरव बढ़ाने वाला पल आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन पर अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार हैं। इस मिशन के साथ भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान में फिर से कदम रखने जा रहा है। शुभांशु शुक्ला 11 जून की शाम भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे। अगले दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

### लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बनाए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को भारत सरकार ने डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया है। वे डीजीएमओ के पद पर भी बने रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने इस खबर की पुष्टि की है। सेना और खुफिया एजेंसी के बीच समन्वय के लिए यह पद बनाया गया है। राजीव घई को उत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय सेना और खुफिया एजेंसी समेत अन्य अहम ▶▶ शेष पेज 5 पर



## पुलिस ने एक महिला को बचाया

# ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगने से दो लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उत्तर पूर्व दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके में एक मकान में ई-रिक्शा चार्जिंग केंद्र पर आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि श्मशान वाली गली में एक मकान के भूतल पर आग लगी थी, जहां ई-रिक्शा को चार्ज किया जा रहा था। आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर दो लोग मृत पाये गये। उनकी पहचान शशि (25) और बल्लू (55) के रूप में हुई है। शशि उसी मकान में रहता था, जबकि बल्लू बेघर था और घटना के दौरान वहीं मौजूद था। पुलिस ने बताया कि शशि उस मकान में अपने माता-पिता और तीन भाइयों के साथ रहता था। पुलिस के स्थानीय बीट कर्मी ने मीरा देवी नामक महिला को बचाया। इस घटना में दो ई-रिक्शा पूरी तरह से जल गये। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं।

अपराध शाखा और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के कर्मियों ने घटनास्थल का दौरा किया और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत नंदनगरी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, रात करीब 11 बजकर 32 मिनट पर ताहिरपुर की कोड़ी कॉलोनी से आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है तथा प्रशीतन का कार्य चल रहा है ताकि फिर चिंगारी न भड़के। पहले, मई में यहां शाहदरा के राम नगर इलाके में एक ई-रिक्शा चार्जिंग और पार्किंग केंद्र में आग लगने पर दो किशोरों की जलकर मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य घायल हो गए थे। इसके अलावा, दिल्ली के शाहदरा में एक अवैध चार्जिंग केंद्र पर चार्ज किए जा रहे ई-रिक्शा में आग लगने से दो बच्चों समेत एक परिवार के छह लोग झुलस गए और उन्हें सांस लेने में गंभीर समस्या हुई। इस बीच, पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में अवैध ई-रिक्शा चार्जिंग केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिनसे सुरक्षा जोखिम के अलावा सालाना लगभग 120 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

# दरिंदगी की शिकार नौ साल की बच्ची के परिजनों से मिले 'आप' नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार को दे आर्थिक मदद

नेहरू विहार में दरिंदगी की शिकार 9 साल की बच्ची के परिजनों से सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं आप नेताओं ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक मदद दी जाए। बच्ची से मिलने पहुंचे आप नेताओं में नेता विपक्ष आतिशी, प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, विधायक संजीव झा और नेता आदिल खान शामिल रहे। इन नेताओं ने कहा कि हम पुलिस कमिश्नर से भी मिलने का समय मांग रहे हैं, ताकि तेजी से कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिले। इस मसले में आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं इन आप नेताओं ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है, फिर भी हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

## मासूम की हत्या, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे यादव

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 9 वर्षीय मासूम बेटी जिसकी बर्बर हत्या कर दी गई थी के पीड़ित परिवार से मिलकर कांग्रेस परिवार की ओर से संवेदनाएं व्यक्त की और पुलिस आयुक्त से मिलकर दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस बारे में यादव ने कहा कि नेहरु विहार, मुस्तफाबाद जाकर पीड़ति परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए न्याय दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया है। सवाल खड़ा करते हुए कहा कि दिल्ली जैसे शहर में एक 9 वर्षीय छोटी लड़की की हत्या करके सूटकेस में बंद करने की घटना दिल दहलाने वाली है। इस घटना ने दिल्ली में ध्वस्त कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस 9 वर्ष की बेटी के परिवार को न्याय दिलवाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाऐंगे। दिल्ली कांग्रेस का डेलीगेशन दिल्ली इस मामले पर जल्द पुलिस आयुक्त से मिलकर जघन्य घटना सहित दिल्ली में बढ़ते अपराधों, नशे के कारोबार के संबध में कानून व्यवस्था दुरस्त करने के लिए चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई केवल पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने तक सीमित नही रहेगी बल्कि यह सुनिश्चित करने की भी रहेगी कि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। पीड़ति परिवार से मिलने वालों में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व मंत्री डा नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज और राजकुमार जैन आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सात साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़, आरोपी दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक कॉलोनी में सोमवार को सात वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोसी ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय आरोपी को स्थानीय लोगों द्वारा पीटने के बाद पकड़ लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंठिया के अनुसार, घटना सुबह उस समय हुई जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी, जिसके बाद वे आरोपी के घर गये। बंठिया ने बताया कि इसके बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और मामला दर्ज कर लिया गया है। इस बीच, उसी इलाके का रहने वाला आरोपी फिलहाल स्थानीय अस्पताल में अपनी चोटों के लिए इलाज करा रहा है। आगे की जांच जारी है।

### प्राकृतिक खेती से खारेपन की समस्या हो सकती है कम : कृषि वैज्ञानिक

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक खेती के माध्यम से खेती की जाए तो सूक्ष्म जीवों, जैविक उत्पाद से भी खारेपन की समस्या को कम किया जा सकता है। 'दिल्ली क्षेत्र में विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत 12वें दिन दिल्ली देहात के कंझावला ब्लॉक में टटेसर एवं घेवरा गांव में कृषि विकास केंद्र (केवीके), दिल्ली सरकार और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ संवाद में यह जानकारी दी। केवीके में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी.के. राणा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि किसान के साथ संवाद करते हुए यहां कृषि वैज्ञानिक डॉ. समर पाल सिंह ने खारे पानी और लवणीय मिट्टी का किस तरह से सुधार किया जा सकता है एवं खारे पानी में होने वाली फसलें जैसे पालक, जौ, सरसों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी प्रजातियां के बारे में जानकारी दी।

# नांगलोई में मकान का हिस्सा ढहने से आठ वर्षीय बच्चे की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के नांगलोई में सोमवार सुबह एक मकान का एक हिस्सा ढहने से आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि 45 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब एक मंजिला मकान की छत पर बना शौचालय नीचे बरामदे पर गिर गया, जिससे छत गिर गई। पुलिस ने बताया कि मृत बच्चे की पहचान वंश के रूप में हुई है, जो एक दिहाड़ी मजदूर का बेटा था। पुलिस ने बताया कि वंश का परिवार उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला है और घर में किराए पर रह रहा था। पुलिस ने कहा कि घर में रहने वाले अन्य लोग सुरक्षित हैं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, उसे नांगलोई के राजेंद्र पार्क एक्सटेंशन से सुबह सात बजकर 12 मिनट पर घटना के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुई, जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। बचाव अभियान के दौरान दमकलकर्मियों को मलबे में दो लोग फंसे हुए मिले।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि मलबे में दो लोग फंसे हुए थे। विभाग ने बताया कि उनमें से एक की पहचान साबिर (45) के रूप में हुई है, जिन्हें मामूली चोटें आईं और उन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। विभाग ने बताया कि उसे संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। एडीसीपी (बाहरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया, ₹इमारत पुरानी थी। छत पर पानी की टंकी होने के कारण लोहे की छड़ों में जंग लग गई थी, जिसके कारण इमारत ढह गई। अधिकारी ने कहा, ₹हम आस-पास की इमारतों की जांच कर रहे हैं कि कहीं उनकी हालत भी ऐसी ही तो नहीं है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और अगर कोई लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।₹ वंश की दादी कृष्णा देवी ने संवाददाताओं को बताया कि जब ऊपर का ढांचा गिरा तो उनका पोता सीढ़ियों पर बैठा था। उन्होंने कहा कि जब यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, तब वंश मोबाइल फोन देख रहा था। उसके पिता ने उसे बाहर निकाला, जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को बुलाया, जिसने बच्चे को अपने साथ ले लिया। उन्होंने किसी को भी बच्चे को देखने नहीं दिया।₹ कृष्णा देवी पिछले दो वर्षों से इस मकान में रह रही हैं, जबकि उनका बेटा और उसका परिवार दो महीने पहले पहली बार दिल्ली आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि घर की हालत बहुत खराब थी। मकान मालिक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

## दिल्ली मेडिकल काउंसिल की कार्यशैली पर कांग्रेस का हमला, सीएम रेखा गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) की कार्य विहीनता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए हमला बोला है। डीएमसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता व ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ. नरेश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा। जबकि ज्ञापन की एक प्रति उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी भेजी गई है। डॉ. नरेश ने बताया कि राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली डीएमसी संस्था महीनों से प्रशासनिक ठहराव का शिकार है, जबकि सरकार तमाशबीन बनी हुई है। डॉ. कुमार के अनुसार ज्ञापन में लिखा है की फरवरी 2025 से दिल्ली मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं हुई है। वहीं वेबसाइट बंद है, और हजारों डॉक्टर व मेडिकल छात्र पंजीकरण, प्रमाण पत्र व लाइसेंस के अभाव में असहाय दिखाई दे रहे हैं। सरकार के पास संस्था को भंग करने की योजना बनाने का समय है, लेकिन संचालन बनाए रखने की नियत नहीं। उन्होंने कहा कि डीएमसी की वेबसाइट केवल तकनीकी कारणों से नहीं, बल्कि सरकार द्वारा कई महीनों से सब्सक्रिप्शन फीस का भुगतान न करने के कारण बंद पड़ी है, जो प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता का स्पष्ट प्रमाण है। डीएमसी की कार्यप्रणाली ठप हो जाना सीएम रेखा गुप्ता सरकार की गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता का शर्मनाक प्रमाण है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वे इस पूरे संकट में पूरी तरह से नदारद हैं।

## बिना चर्चा किए दिल्ली फीस रेगुलेशन बिल लाने के विरोध में कांग्रेस ने एलजी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली के छात्रों के अभिभावकों से बिना चर्चा किए दिल्ली फीस रेगुलेशन बिल लाए जाने के विरोध में एलजी विनय कुमार सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। वहीं विभिन्न स्कूलों के अभिभावकों द्वारा बनाए गए यूनाइटेड पेरेंट्स वॉयस संगठन के प्रतिनिधियों ने यादव से मिलकर ज्ञापन दिया और फीस वृद्धि मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। इस मामले पर यादव ने बताया कि दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के विवाद के संबंध में एलजी व सीएम को पत्र लिखकर बताया कि इससे हर घर प्रभावित हुआ है। अनावश्यक फीस वृद्धि ने दिल्ली के अभिभावकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **नीलम उर्फ अंशू पुत्रीः** स्व. राम भवन **पताः** मकान नंबर बी–92, कात्यानी विहार, काली मंदिर, बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. E-00146/2022, U/s 379/411 IPC थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीलम उर्फ अंशू,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नीलम उर्फ अंशू,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. E-00146/2022, U/s 379/411 IPC थानाः सरोजिनी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नीलम उर्फ अंशू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव कुमार
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 13
प्रथम तल मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7305/SW/2025
(Court Matter)



**अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) कुसुम** पत्नी मनोज **(2) दीपा** पुत्री सुरेन्द्र **(3) अनुराधा** उर्फ़ **चीकू** पुत्री मनोज, सभी निवासी ई-4/13, सुल्तान पुरी, दिल्ली तथा **(4) लेख राज** उर्फ़ **गन्नू** पुत्र स्व. नारायण सिंह निवासी ई-4/51, सुलतान पुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 186/25 दिनांक 11.03.2025 धारा 21सी/22बी//25/29 एनडीपीएस अधिनियम एवं 111/238 बीएनएस एवं 18.1 सी ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक अधिनियम के तहत थाना सुलतान पुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया हे (या संदेह हे कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 BNSS की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 186/25 दिनांक 11.03.2025 धारा 21सी/22बी//25/29 एनडीपीएस अधिनियम एवं 111/238 बीएनएस एवं 18.1 सी ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक अधिनियम के तहत थाना सुलतान पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **(1) कुसुम, (2) दीपा, (3) अनुराधा** उर्फ़ **चीकू** एवं **(4) लेख राज** उर्फ़ **गन्नू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **20.08.2025** को हाजिर हों।

**आदेशानुसारः श्री शिवाजी आनंद,**
**अति. सत्र न्यायाधीश-2, (विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस/एससी/एसटी),**
**कोर्ट संख्या-409,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/7318/OD/2025


# ईएसआई अस्पताल में कटाए जा रहे हैं चक्कर, रोगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ एसी रूम में फोन पर व्यस्त रहते हैं कर्मचारी

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत संचालित रोहिणी सेक्टर 15 स्थित ईएसआई अस्पताल में रोगियों के चक्कर पर चक्कर कटाने का मामला सामने आया है और इसके लिए मरीज के पति ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से भी की है। मरीज के पति ने पत्र में कहा कि उनकी गर्भवती पत्नी को रोहिणी के ईएसआई अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए थे और मरीज के टेस्ट के लिए कई चक्कर इधर से उधर शाम तक कटाए गए और फिर बसई दारापुर के अस्पताल भी रेफर कर दिया। जब बसई दारापुर अस्पताल गए तो वहां के स्टाफ ने बताया कि यह टेस्ट तो आसपास के प्राइवेट अस्पताल में भी हो सकता था। पत्र में परिजन ने आरोप लगाया है कि जानबूझकर मरीजों को परेशान किया जा रहा है और गर्मी में स्टॉफ एयर कंडीशनर कक्ष में मोबाइल पर व्यस्त रहते है। परिजन ने बताया कि ईएसआई अस्पताल रोहिणी में बहुत लापरवाही हो रही है। चक्कर बहुत कटवा रहे हैं और नियमों का पाठ पढाया जा रहा है और विभिन्न प्रकार की परमिशन का हवाला दिया जाता है तब जाकर रोगियों को उपचार दिया जाता है। डॉक्टर एयर कंडीशनर चला कर रूम के अंदर गेट बंद करके फोन पर व्यस्त हो जाते हैं और मरीजों की लाइन बहुत लम्बी लग जाती हैं। मरीज के परिजन ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही के लिए गुहार लगाई है ताकि यहां आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# कक्षा निर्माण से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मनीष सिसोदिया एसीबी के समक्ष नहीं हुए पेश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था। जैन शुक्रवार को एसीबी के समक्ष पेश हुए, जबकि सिसोदिया को सोमवार को पेश होना था। एसीबी ने जैन से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। एसीबी के एक सूत्र ने बताया कि मनीष सिसोदिया के वकील ने हमें बताया कि वह आज नहीं आ पाएंगे। उन्हें फिर तलब किया जाएगा। आप सूत्रों के अनुसार सिसोदिया का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था इसलिए वह एसीबी के समक्ष पेश नहीं हो पाए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उनके वकील ने एसीबी को जवाब भेजा है। एसीबी ने 30 अप्रैल को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी जिसके बाद समन जारी किए गए थे। 'आप' के दोनों नेताओं के खिलाफ दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | सभी अन्य मदों के लिए तीन वर्षीय निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और टी/एफ हेतु छह वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत सेक्टर-36ए, रोहतक में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 01 मरला प्लॉट्स में 2 अदद 200 केवीए टी/एफ, एचटी लाइन और एलटी लाइन का प्रावधान (दरें जीएसटी के बिना) + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 2.77 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35470/I/88/7 दि. 09.06.25



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

कम्प्यूटर साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर), कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (पीजीटीएस) (आरओएच और मेवात कैडर) के लिए आवेदन कर चुके और जो शारीरिक शिक्षा विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु विषय ज्ञान परीक्षाओं के लिए क्वालिफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स / विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :–

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कम्प्यूटर साइंस विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 45/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 15.06.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स (कम्प्यूटर साइंस) (आरओएच और मेवात कैडर) | 26/2023<br>36/2023 | विषय ज्ञान परीक्षा | 15.06.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 3. | शारीरिक शिक्षा विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 60/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 10.06.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :–**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए–4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*
3. *पीजीटी (कम्प्यूटर साइंस) के उम्मीदवार जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 18.07.2023, 15.09.2023 और 29.05.2025 के अनुरूप ऑफलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवा चुके हैं, अपने प्रवेश–पत्र उनकी सम्बन्धित ई–मेल आईडीस में प्राप्त करेंगे। यदि वे अपने प्रवेश पत्र उनकी ई–मेल पर प्राप्त नहीं करते हैं, उन्हें एचपीएससी कार्यालय से 14.06.2025 को अप. 3.00 बजे तक यह व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने का निर्देश दिया जाता है।*

दिनांक : 09.06.2025 — हस्ता/– उप सचिव
संवाद–1156/13/329/2026/35499/88/7 दि. 09.06.25 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला


# पार्टी से हटकर किया मतदान छह साल के लिए किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गत दिनों दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में जोन स्तर पर हुए वार्ड समिति चुनाव में पार्टी लाइन से हटकर चुनाव करने पर प्रदेश भाजपा ने सुमन टिंकू राजौरा की भाजपा से प्राथमिक सदस्यता खत्म कर दी है और साथ ही छ साल के लिए भाजपा से बाहर कर दिया है। प्रदेश कार्यालय मंत्री बृजेश राय द्वारा सोमवार को जारी पत्र में कहा कि दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन में आपने पार्टी की लाइन के विपरीत मतदान किया है और प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के निर्देशानुसार एवं पार्टी के संविधान के अनुसार आपकी प्राथमिक सदस्यता तुरंत प्रभाव से समाप्त की जाती है और आपको भाजपा से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया जाता है। प्रदेश कार्यालय मंत्री के पत्र के अनुसार सभी पार्षदों से व्यक्तिगत बात करके जांच की गई तो स्पष्ट हो गया कि आपने पार्टी की लाइन के विपरीत मतदान किया और आपने स्वयं यह स्वीकार भी किया है कि आपने पार्टी आदेश की अवहेलना की है। यह पार्टी के प्रति अनुशासनहीनता है।

# उपराज्यपाल ने आईएंडएफसी विभाग के कैडर पुनर्गठन को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आईएंडएफसी का कैडर पुनर्गठन किया गया है। यमुना की सफाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को निभाने के मुद्दे पर एक लंबा रास्ता तय करने वाले एक कदम में अब एलजी सक्सेना ने जीएनसीटीडी के आईएंडएफसी विभाग के एक बड़े कैडर पुनर्गठन को मंजूरी दे

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यमुना सफाई अभियान की और तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) विभाग के कैडर के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। एलजी की इस मंजूरी के बाद आई एंड एफसीआई विभाग में 156 अतिरिक्त पद सृजित किए जाएगें। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यमुना नदी में गिरने वाले 22 खुले नालों के रखरखाव और संचालन के लिए दी है। यह दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की सेवा शर्तों और आवश्यकताओं में सुधार के लिए उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप भी है। पुनर्गठित कैडर से 156 अतिरिक्त पदों का सृजन होगा, जिनमें से अधिकतर कार्यकारी अभियंता और कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के होंगे और इसमें लेखा अधिकारी, यूडीसी, एलडीसी, एमटीएस आदि भी शामिल होंगे। सचिवालय कस कहना है कि सभी सृजित पदों से आईएंडएफसी को यमुना नदी में गिरने वाले 22 प्रमुख नालों के प्रबंधन और संचालन की जिम्मेदारी के संदर्भ में बहुत सहायता मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने की 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान की शुरुआत

# इस वर्ष दिल्ली में 70 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने इस वर्ष दिल्ली में 70 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को शालीमार बाग स्थित सरकारी स्कूल के परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान' की दिल्ली में औपचारिक रूप से शुरुआत करने के दौरान दी। सीएम रेखा ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान' सिर्फ एक पर्यावरणीय मुहिम नहीं, बल्कि अपनी मां, मातृभूमि और प्रकृति को समर्पित भावनात्मक, सांस्कृतिक और सामाजिक संकल्प है। उन्होंने इस अभियान को ऐतिहासिक पहल करार दिया और दिल्लीवासियों से अपील की कि वे मातृभूमि और मां के नाम एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं, ताकि हम मिलकर दिल्ली को और अधिक हरा-भरा बना सकें। मुख्यमंत्री ने इस अभियान की शुरुआत शालीमार बाग स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीजीएसएसएस) के परिसर में की। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस अभियान में हर विभाग, हर विद्यालय, हर संस्थान भागीदारी करेंगे। उन्होंने दिल्लीवासियों, सामाजिक संगठनों और सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपनी जननी, मातृभूमि और मां के नाम एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं, ताकि हम मिलकर दिल्ली को और अधिक हरा-भरा बना सकें।

सीएम रेखा ने कहा कि दिल्ली की पर्यावरणीय स्थिति चिंताजनक है और प्रदूषण से लड़ने के लिए पौधरोपण सबसे सशक्त उपाय है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने केवल राजनीतिक विरोध के चलते केंद्र सरकार की कई लोक-हितैषी योजनाओं को नकारा और उन्हें दिल्ली में लागू नहीं किया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि पिछली सरकार ने सामाजिक और पर्यावरणीय हितों की पहल को भी राजनीतिक चश्मे से देखा।

### सीएम ने लगाया सिंदूर का पौधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून को अपने आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया तभी मेरे मन में भी इच्छा जागी थी कि मुझे भी ऐसा पौधा मिले, जिसे मैं मां के नाम समर्पित कर सकूं। आज सुबह संयोग से जन सुनवाई के दौरान कुछ भाइयों ने मुझे जब सिंदूर का पौधा भेंट किया, तब मैंने मुस्कराते हुए सोचा कि यदि कुछ और भी मांगती तो शायद वह भी मिल जाता। ऐसा लगा जैसे ईश्वर ने मेरी कामना पूरी कर दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उन्होंने सिंदूर का पौधा लगाया और कहा कि सिंदूर भारत की सांस्कृतिक भावना का प्रतीक है, जिसका सम्मान हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया है। मैं प्रधानमंत्री और देश की सेनाओं को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से बहनों का सम्मान सुनिश्चित किया। यह केवल एक अभियान नहीं, हमारी राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है।

### मां जीवन की जननी है, और पेड़ धरती पर जीवन के रक्षक : सूद

इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मां जीवन की जननी हैं और पेड़ धरती पर जीवन के रक्षक। जब हम पेड़ को अपनी मां के नाम समर्पित करते हैं, तो हम पर्यावरण की रक्षा के लिए एक व्यक्तिगत और भावनात्मक संकल्प लेते हैं। यह अभियान न सिर्फ दिल्ली को हरा-भरा बनाएगा, बल्कि नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले हफ्तों में दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी इस अभियान को विस्तार दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस मुहिम से जुड़ सकें।



### सुंदर दिल्ली बनाने के लिए लगाएं पौधे

सीएम ने दिल्ली की जनता से आह्वान किया कि न सिर्फ अपने घरों, बल्कि फ्लाईओवर के नीचे, सड़कों के किनारे, और हर खाली स्थान को पेड़ों से भरें ताकि एक हरित, स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाई जा सके। मुख्यमंत्री ने कॉरपोरेट कंपनियों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, और नागरिकों से अपील की कि वे आगे आकर इस अभियान में भाग लें। वही सीएम ने पुराने समय में हर घर के आंगन में नीम, पीपल या बरगद का पेड़ होता था, जिसे केवल धार्मिक नहीं, वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता था। यह परंपराएं, यह संस्कार हमें फिर से अपनाने होंगे ताकि पर्यावरण संतुलन बनाने में हम अपनी सहभागिता दे सके।

## जल बोर्ड के हर प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए बनेगा नया सॉफ्टवेयर : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड की परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और किसी भी तरह की देरी को रोकने के उद्देश्य से एक नया सॉफ्टवेयर बनाया जाएगा। इस बात का फैसला सोमवार को जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने लिया। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से सभी प्रोजेक्ट्स की रोजाना निगरानी (रीयल-टाइम मॉनिटरिंग) संभव हो सकेगी। इस आधुनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म के माध्यम से हर परियोजना के कार्य की स्थिति, प्रगति, जिम्मेदार अधिकारी और समयसीमा को रोज ट्रैक किया जा सकेगा। सिस्टम यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी स्तर पर देरी न हो और यदि कहीं रुकावट आती है, तो उसकी जिम्मेदारी तुरंत तय की जा सके। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता को समय पर सुविधाएं मिलनी चाहिए। प्रोजेक्ट्स में देरी जनता के विश्वास को कमजोर करती है। इसलिए हमने यह तय किया है कि तकनीक का उपयोग करके हर योजना की रोज निगरानी हो, जवाबदेही तय हो और समय से पहले काम पूरा हो। हमारा लक्ष्य है पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम। यह सॉफ्टवेयर एक संरचित वर्कफ्लो पर आधारित होगा, जिसमें हर परियोजना के लिए स्पष्ट चरण, समय-सीमा और जिम्मेदार अधिकारी निर्धारित किए जाएंगे। इससे संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बन सकेगा और निर्णय प्रक्रिया तेज होगी।

### फालतू कागजी कार्यवाही में लगने वाला समय घटेगा

सभी कार्यों की डिजिटल एंट्री और अपडेट एक केंद्रीकृत पोर्टल पर दर्ज होंगी, जिससे अधिकारी किसी भी समय योजना की प्रगति देख सकेंगे। यह मॉड्यूल केवल निगरानी का माध्यम नहीं होगा, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनेगा जिससे विभाग में पारदर्शिता आएगी, फालतू कागजी कार्यवाही में लगने वाला समय घटेगा और डेटा आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। इससे अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी और जनता को बेहतर परिणाम मिलेंगे।

## खबर संक्षेप

### निगम चौकीदारों ने उठाई नियमितीकरण की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मियों के बाद अब निगम के स्कूलों में कार्यरत चौकीदारों ने नियमितीकरण की मांग उठाई है। ऑल दिल्ली नगर निगम कर्मचारी भारतीय लोकहित मोर्चा में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जुल्फीकार खान ने सोमवार को बताया कि निगम प्रशासन को कई बार अपनी मांगों को लेकर बताया गया है लेकिन उनके साथ पक्षपात किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी गई है कि यदि नियमितीकरण की उनकी मांग को जल्द पूरा नहीं किया गया तो करीब 20 दिन बाद वे निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत इन कर्मियों को साथ इतना शोषण हो रहा है कि बताया भी नहीं जा सकता है।

### महापौर ने चांदनी चौक में किया वृक्षारोपण

**नई दिल्ली।** पौधारोपण करने के बाद पौधों को अपने परिवार का हिस्सा समझे और उनका संरक्षण करें। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने चांदनी चौक, कच्चे बाग स्थित युद्धवीर सिंह पार्क में पौधारोपण के दौरान यह संबोधन दिया। महापौर सिंह ने कहा कि देश में प्रदूषण एक भयावह समस्या बना हुआ है, जिसकी रोकथाम के लिए सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है, लेकिन इसके बावजूद देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि इस समस्या के समाधान के लिए आगे आए और अधिक से अधिक पौधारोपण करें। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सर्व चिंतन फाउंडेशन व बडी पंचायती वैश्य बीसे अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण का यह कार्यक्रम किया गया।

## अवैध निर्माण पर चला एमसीडी का पीला पंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में जगह जगह हो रहें अवैध निर्माण पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की तोड़फोड़ की कार्यवाही चलती रहती है। इसी कड़ी में सोमवार को दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में निगम के मध्य जोन की टीम ने अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलाया और इमारत को ढहा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन विवाद को लेकर विभागों के बीच भ्रम की स्थिति के बाद आखिरकार नगर निगम ने स्पष्टता के बाद सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। सोमवार को स्थानीय पुलिस बल की तैनाती में यह एक्शन लिया गया।

### मेट्रो स्टेशन के तकनीकी कक्ष में आग लगने से पिंक लाइन पर कई घंटे परिचालन रहा प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन (मजलिस पार्क - शिव विहार) पर त्रिलोकपुरी-संजय लेक स्टेशन के तकनीकी कक्ष में सोमवार को आग लगने की घटना हुई। हालांकि राहत की बात है कि आग की घटना में जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस घटना के बाद पिंक लाइन के एक हिस्से पर सुबह 11:20 बजे के बाद से मेट्रो रेल का परिचालन बाधित हो गया। डीएमआरसी ने उक्त प्रभावित खंड पर शाम 4:25 बजे से सेवाओं को एक बार फिर सामान्य कर दिया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार करीब 11:20 बजे आग लगने के बाद धुआं निकलता देखा गया, जिससे स्टेशन की सिग्नलिंग और स्वचालित किराया संग्रह (एएफसी) प्रणाली प्रभावित हुई। जिसके चलते स्टेशन पर सिग्नलिंग में गड़बड़ी हुई और दोनों दिशाओं से त्रिलोकपुरी-संजय झील की ओर आने वाली ट्रेनों को एहतियातन 25 किमी प्रति घंटे की सीमित गति से चलाया गया। डीएमआरसी का दावा है कि शेष पिंक लाइन के बाकी हिस्सों पर मेट्रो परिचालन बिना किसी दिक्कत सामान्य रूप से चलती रही। डीएमआरसी का कहना है कि धुंआ निकलने की घटना की जानकारी मिलते ही दिल्ली दमकल सेवा को सूचना दी गई और दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर धुएं को साफ करने में मदद की। उसके बाद डीएमआरसी ने प्रभावित प्रणालियों को फिर से चालू करने के लिए मरम्मत कार्य शुरू किया और शाम करीब साढ़े चार बजे सेवाएं पुनः चालु कर दी।

## उत्तर पूर्वी दिल्ली में बनाया जाएगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम : सीएम

### श्याम लाल कॉलेज के 61वें वार्षिकोत्सव में रेखा गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रहीं उपस्थित, कॉलेज के टॉपर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली में भारत मंडपम की तर्ज पर एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। इस बात की घोषणा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को श्याम लाल कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि जैसे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे प्रतिष्ठित केंद्र बनाए हैं, उसी तरह यमुना पार में भी एक ऐसा ऑडिटोरियम बने, जिससे शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके। वहीं सीएम ने अपने संबोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आह्वान किया कि कॉलेज के 60 वर्ष पूरे होने पर हर छात्र यह संकल्प ले कि वह 'एक काम देश के नाम' जरूर करेंगे भले ही वह छोटा हो या बड़ा, लेकिन ऐसा काम जरूर करें ताकि समाज और देश के विकास में लाभ मिल सके। गौरतलब है कि सीएम रेखा गुप्ता सोमवार को श्याम लाल कॉलेज के षष्टिपूर्ति और 61वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सांसद मनोज कुमार तिवारी ,विधायक जितेन्द्र महाजन तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर बलराम पानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कॉलेज की षष्टिपूर्ति के अवसर पर गणेश मंदिर के पास एक पौधा भी रोपित किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कॉलेज के टॉपर्स और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। सीएम ने अपनी छात्र जीवन की यादों को भी साझा किया।

## डीटीसी बोर्ड की बैठक में इलेक्ट्रिक बसों की अनुबंध के लिए नई दरें मंजूर : डॉ. पंकज

### एक साल के भीतर डीटीसी को रेवेन्यू सरप्लस संस्था बनाना दिल्ली सरकार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बोर्ड की बैठक में इलेक्ट्रिक बसों को अनुबंधित करने के लिए नई दरों को मंजूरी दे दी है। बैठक के बाद मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों को अनुबंधित करने के लिए दरों को संशोधित करने का मुख्य मकसद डीटीसी के इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े को प्राइवेट स्कूलों, सरकारी और निजी एजेंसियों के साथ दिल्ली पुलिस और फिल्मों की शूटिंग के लिए सुगम विकल्प बनाना है। डीटीसी बोर्ड के फैसले से अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होने के साथ परिचालन लागत की भरपाई भी सुनिश्चित हो सकेगी। मंत्री डॉ. पंकज ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार का मुख्य जोर डीटीसी को रेवेन्यू सरप्लस वाला मजबूत संस्था बनाना है। ताकि एक वर्ष के भीतर दिल्ली परिवहन निगम को लाभप्रद संस्थान बनाने का लक्ष्य पूरा हो सके। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि डीटीसी की सीएनजी लो फ्लोर एसी/नॉन-एसी बसों के लिए विशेष किराया दरों में आखिरी बार एक दशक पहले आखिरी बार संशोधित किया गया था। हमारी सरकार का उद्देश्य डीटीसी के बेड़े में शामिल सीएनजी बसों को इस साल के अंत तक चरणबद्ध तरीके से हटाकर इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करना है।

### नई किराया दर 110 रुपए प्रति किलोमीटर प्रस्तावित

मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए की जब लागत का विश्लेषण किया, जिससे पता चला है कि डीटीसी की इलेक्ट्रिक बसों की प्रति किलोमीटर लागत सिर्फ 90.38 रुपए आता है। डीटीसी बोर्ड की बैठक में इलेक्ट्रिक लो फ्लोर एसी बसों के लिए नया किराया दर 110 रुपए प्रति किलोमीटर प्रस्तावित किया गया है। जिसके हिसाब से 70 किलोमीटर तक परिचालन के लिए ई-लो फ्लोर एसी बसों का न्यूनतम दैनिक किराया 7700 रुपए प्रति बस निर्धारित किया गया है। जिससे लागत की वसूली सुनिश्चित होने के साथ परिचालन व्यय भी सुनिश्चित होगी। वर्तमान में डीटीसी की सीएनजी नॉन-एसी बसों का किराया 60 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से 3 हजार रुपए तक न्यूनतम निर्धारित है। जबकि सीएनजी की एसी बसों का किराया 75 रुपए प्रति किलोमीटर लागत के हिसाब से 45 सौ रुपए निर्धारित है।

### पीपीपी मॉडल पर होलंबी कलां में बनेगा देश का पहला ई-वेस्ट इको पार्क : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दिल्ली के होलंबी कलां में पीपीपी मॉडल पर देश का पहला अत्याधुनिक ई-वेस्ट इको पार्क का निर्माण करेगी। इस परियोजना की शुरूआत करते हुए दिल्ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी) को ग्लोबल टेंडर जारी करने के निर्देश दिए हैं। सिरसा ने कहा कि 11.4 एकड़ में बनने वाले इस पार्क का निर्माण डिजाइन, बिल्ड, फिनायंस, ऑपरेट और ट्रांसफर (डीबीएफओटी) मॉडल के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप (पीपीपी)के आधार पर किया जाएगा, जिसकी रियायत अवधि 15 वर्ष होगी। यह पार्क हर साल 51 हजार मीट्रिक टन ई-वेस्ट का प्रोसेसिंग करेगा, जिसमें ई-वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2022 के तहत सूचीबद्ध सभी 106 श्रेणियां शामिल होंगी। इससे अनुमानित 350 करोड़ रुपए का वार्षिक राजस्व उत्पन्न होने की संभावना है। इसका निर्माण कार्य 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। पूरी तरह से चालू होने के बाद, यह इको पार्क अगले पांच वर्षों में दिल्ली के कुल ई-वेस्ट का लगभग 25 प्रतिशत प्रोसेस करेगा। मंत्री ने बताया कि 150 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस अत्याधुनिक सुविधा का संचालन खर्च 325 करोड़ रुपये से अधिक होगा।

## एमसीडी मॉडल को अन्य राज्यों में भी अपनाया जाएगा : महापौर

### कर्नाटक के सीएम की अध्यक्षता में इकबाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के लिए एक गर्व का क्षण है कि ठोस कचरा प्रबंधन एवं लीगेसी कचरे के निस्तारण के हमारे मॉडल को अन्य राज्यों में भी अपनाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल से निगम मुख्यालय में हुई वार्ता के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक का प्रतिनिधिमंडल मास्टर प्लान 2041, भवन उपनियमों एवं ठोस कचरा प्रबंधन के बारे में दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानना चाहता था। इस अवसर पर निगमायुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त एंजल भाटी सहित दिल्ली नगर निगम एवं कर्नाटक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। वहीं, बता दें कि कर्नाटक सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने ओखला स्थित सेनेटरी लैंडफिल साइट एवं वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र का दौरा कर लीगेसी वेस्ट के प्रबंधन में दिल्ली नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया।

## दिल्ली में तापमान पहुंचा 45 डिग्री पार

# भीषण गर्मी की मार झेल रही राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली आग बरसने के कारण जून महीने का सबसे गर्म दिन सोमवार रहा। आया नगर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। जबकि राजधानी का औसत तापमान भी जून महीने का सबसे अधिक तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिकतम तापमान आया नगर में रहा जहां पारा 45.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



आईएमडी ने संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि अभी दिल्ली वालों को दो से तीन दिन तक भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ सकती है। आईएमडी ने अगले दो दिन मंगलवार व बुधवार को भीषण गर्मी जारी रहने को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि गुरुवार व शुक्रवार को तेज हवाओं और बारिश की भविष्यवाणी की गई है। आईएमडी के अनुसार सोमवार को यहां आया नगर में सबसे ज्यादा 45.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। वहीं सफदरजंग में 43.4 डिग्री, पालम में 44.3 डिग्री, लोधी रोड 43.3 डिग्री, रिज एरिया 44.9 डिग्री, राजघाट 41.5 डिग्री, पूसा 41.8 डिग्री, नजफगढ़ 42.4 डिग्री और मयूर विहार 41.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। सुबह से ही मौसम ने अपने मूड का अंदाजा बता दिया। जैसे जैसे दिन चढ़ा वैसे वैसे सूरज तपकर आग का गोला बनता गया और दिल्ली वालो को भीषण गर्मी की मार सहनी पड़ी। कई क्षेत्रों में हीटवेव महसूस हुई।

### बिजली की मांग ने लगाई छलांग, खपत पहुंची 7354 मेगावाट

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से तप रही राजधानी में बिजली की मांग ने छलांग लगाते हुए अधिकतम मांग का आंकड़ा 7354 मेगावाट पर पहुंच गया। यह आंकड़ा दोपहर 3.39 बजे का है, जबकि देर रात इसके बढ़ने की संभावना बनी रही। वहीं रविवार को दोपहर तक जहां बिजली की अधिकतम बिजली मांग का आंकड़ा जहां 6523 मेगावाट दर्ज हुआ , वह देर रात 11.20 बजे और बढ़कर 7086 मेगावाट तक पहुंच गया था। जहां बिजली की मांग बढ़ने लगी है वहीं लोगों को सूरज मी मार के अलावा बिजली कटौती की मार भी सहनी पड़ रही है। दिल्ली के बुराड़ी, जहांगीरपुरी, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, गोकुलपुरी, आनंद पर्वत, सीलमपुर, दुर्गापुरी, बदरपुर, आली गांव, अंबेडकर नगर, खानपुर, देवली, गोयला डेयरी, नजफगढ़, ढांसा, रोशनपुरा, दिचाऊ गांव, मित्राऊ गाँव, नीलवाल गांव, मुंडका, नांगलोई, बुधविहार, पूठ, नरेला आदि जगहों पर बिजली कटौती की शिकायत मिली है। जबकि निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस के अधिकारियों ने बिजली कटौती की बात को नकार दिया। इन कंपनियों का दावा है कि मांग बेशक 7500 मेगावाट के करीब पहुंच गई है। लेकिन पूर्व में की गई तैयारियों के चलते राजधानी में अभी तक बिजली की कमी नहीं है। कंपनियों की मानें तो 9 हजार मेगावाट के अनुमान के तहत पर्याप्त बिजली की व्यवस्था पहले से ही कर रखी है। ऐसे में बिजली की कमी होने का कोई कारण नहीं है। बता दें कि गत वर्ष यानी 2024 में 18 जून को दिल्ली में ऑल ओवर ऐतिहासिक बिजली की खपत 8647 मेगावाट दर्ज हुई थी। जिसके बाद बिजली कंपनियों ने अनुमान लगाया कि 2025 में अधिकतम बिजली की मांग 9000 मेगावाट तक पहुंच सकती है।

## खबर संक्षेप

### निवेश के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर



थाना सेंट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खाता में ठगी के 826000 रुपए आए थे। एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास फेसबुक पर एक लड़की की रिक्वेस्ट आई। उसकी लड़की से बातें होनी शुरू हुई और लड़की ने बातों ही बातों में शिकायतकर्ता से पूछा की क्या वह शेयर मार्केट में निवेश करता है।

### रुपए निकालने के मामले में आरोपी धराया

**फरीदाबाद।** गुम हुए मोबाइल फोन से 87299 रुपए निकालने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को



गिरफ्तार किया है। सोनू निवासी फतेहपुर तगा फरीदाबाद ने साइबर थाना सैंट्रल में एक शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 19 मई को सुबह जब वह सेक्टर-16 की सब्जी मंडी जा रहा था, तो ओल्ड़ की बत्ती के पास उसका फोन गिर गया। जिसने रात 10 बजे फोन वापिस देने की बात कही परंतु कोई फोन देने नही आया। उस व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को 25 मई तक अपनी मजबूरी का बहाना बना कर बातों में उलझाए रखा। 25 मई को शिकायतकर्ता ने जब नया सिम निकलवाया और फोन-पे चैक किया तो उसे पता चला कि किसी ने उसके खाता से 87299 रुपए निकल लिए।

### ठगी के मामले में दो आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड प्वांइट रिडिम करने के नाम पर 1,10,416 रुपए की ठगी करने के मामले में



साईबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने दो आरोपियों को काबू किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में आर्य नगर सेक्टर-2 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास 4 दिसंबर 2024 को एक कॉल आया जिसने खुद को इंडस्लैंड बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताया। जिसने शिकायतकर्ता को बोला की वो उसके क्रेडिट कार्ड के प्वांइट रिडिम कर देगे। जिसके बाद उसके पास एक लिंक भेजा, जिस पर शिकायतकर्ता ने अपनी डिटिल भरी। जिसके बाद तीन ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके खाता से कुल 1,10,416 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### शराब तस्करी के मामले में आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 जून को क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम गस्त पर थी, इसी दौरान टीम को अपने गुप्त सूत्रों से संतोष नगर एरिया में एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बेचने बारे सूचना प्राप्त हुई, टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मौका पर आरोपी प्रदीप से 15 पेटी देसी शराब मस्ताना बरामद हुई। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा फरीदाबाद में शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी प्रदीप भारत कालोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ में बतलाया कि वह किसी व्यक्ति के लिए शराब बेचने का काम करता है तथा इस काम के उसको हर महीना 18000 रुपये मिलते थे। आरोपी का पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# नमो भारत और मेट्रो से मेरठ के उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, दिल्ली तक पहुंच तीव्र और आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

देश की पहली नमो भारत अब मेरठ के अंदरुनी हिस्से में पहुंचने वाली है। मेरठ में नमो भारत के साथ-साथ मेट्रो भी चलेगी, जिसके कारण शहर के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और दिल्ली तक पहुंच बेहद आसान व तीव्र हो जाएगी। मेरठ में कई तरह के उद्योग हैं, जिनमें खेलों से जुड़ा सामान जैसे क्रिकेट बैट विश्व प्रसिद्ध हैं। इसके अलावा कई तरह के खेल उपकरण भी मेरठ में ही बनाए जाते हैं। मेरठ के अंदरुनी इलाकों जैसे शताब्दी नगर और बेगमपुल से नमो भारत संचालित होने के साथ ही इन सभी उद्योग और औद्योगिक इकाइयों को काफी लाभ होगा। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच दौड़ रही नमो भारत ट्रेन का मेरठ की तरफ अगला स्टेशन शताब्दी नगर है, जो संचालन के लिए तैयार हो रहा है। खास बात है कि मेरठ साउथ से ही मेट्रो भी संचालित होनी है। परतापुर और रिठानी, मेरठ साउथ से शताब्दी नगर के बीच में दो मेट्रो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों पर नमो भारत का स्टॉप नहीं होगा और केवल मेट्रो ट्रेन रुकेंगी। शताब्दी नगर के बाद नमो भारत का अगला स्टेशन बेगमपुल है।

**मेरठ साउथ से ही मेट्रो भी संचालित होगी**



### नमो भारत संचालित होने से उन सभी को आसानी होगी

इसके अलावा मेरठ के सबसे नजदीकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी दिल्ली में है। पहले जो दूरी बस या निजी कार से घंटों में पूरी होती थी, वो अब मिनटों में सिमट जाएगी। नमो भारत के द्वारा दिल्ली-गाजियाबाद से मेरठ साउथ तक का सफर करने वाले लोगों को फिलहाल मेरठ के अदरुनी हिस्से में जाने के लिए ऑटो या सिटी बस का विकल्प लेना पड़ता है लेकिन मेट्रो के चलने से ये सफर और भी आनंददायक, तीव्र और सुरक्षित हो जाएगा। तीन कोच वाली मेट्रो मेरठ में 23 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ती नजर आएगी, जिसके लिए 13 स्टेशन तैयार हो रहे हैं। मेरठ साउथ से चलकर मोदीपुरम डिपो तक मेट्रो की सेवा यात्रियों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि मेरठ मेट्रो देश की सबसे तेज मेट्रो है, जिसकी अधिकतम ऑपरेशनल स्पीड 120 किलोमीटर प्रतिघंटा है। देश में ऐसा पहली बार है कि जिस ट्रैक और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सेमी हाई-स्पीड नमो भारत दौड़ेगी, उसी पर मेरठ मेट्रो का संचालन भी होगा। इतना ही नहीं, नमो भारत कॉरिडोर के आसपास के क्षेत्र को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत विकसित किया जाएगा। इस कॉरिडोर के आसपास ही सभी तरह की सुविधाएं मिलेंगी और मौजूदा सुविधाओं का विकास होगा। टीओडी, तेजी से हो रहे शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों के लिए समाधान देता है।

### अलग-भूजल स्तर को बढ़ाने हेतु किया जाए वृहद स्तर पर पौधरोपण

# जल संचय करने में हिंडन नदी निभा सकती है अहम भूमिका: नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जल शक्ति अभियान कैच द रेन के अंतर्गत अमित राज, निदेशक, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय केंद्रीय नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में दुर्गावती सभागार विकास भवन गाजियाबाद में समीक्षा बैठक आहूत हुई। घटती हुई वर्षा एवं भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए जल निकायों के विकास कराने, हिंडन नदी सहित अन्य स्थानों पर वृक्षा रोपण करने रियूज जल का उपयोग करने, भूजल आधारित स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि जनपद-गाजियाबाद भूजल स्तर बढ़ाने के लिए सीएसआर फंड द्वारा तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। वर्तमान में संचालित एस.टीपी प्लांट के अतिरिक्त नए एसटीपी प्लांट स्थापित किए जाएंगे। उद्योगो को भूजल उपयोग करने में कमी लाने तथा एसटीपी का पानी उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रत्येक कंपनी को रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए गए है।




### हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने से जल संचय में लाभ मिलेगा

हिडन नदी कि किनारे जुलाई, 2025 में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए भारी मात्रा में पौधरोपण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त हिंडन नदी के पुर्नजीवन का कार्य वृहद स्तर पर किया जाएगा, जिसमें कार्य प्रारंभ भी किया जा चुका है। हिमांशु गौतम ने बताया जागरूकता की ओर थीम कि वर्तमान वर्ष 2025 जल शक्ति अभियान जल संचय, जन भागीदारी, जन जागरूकता पर आधारित है। जिसमें जनपद-गाजियाबाद में जलाशयों की सफाई, जल निकायों का जियो टैगिंग, मानचित्रण, वनीकरण एवं रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने आदि कार्य कराएं जाएंगें। केंद्रीय नोडल अधिकारी अमित राज ने कहा कि हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने से जल संचय में लाभ मिलेगा।

### भूजल स्तर में सुधार कार्य के लिए साधुवाद दिया

अतः हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु विशेष प्रयास किये जाएं, तभी हिंडन नदी जल संचय करने में अहम भूमिका निभायेगी। हिंडन नदी में नाली—नालों का गंदा पानी सहित कूडा—करकट ना जाने पाए, नदी में गिरने से पूर्व ही जल को स्वच्छ करने की पूरी व्यवस्था की जाएं। बैठक के अंत में केन्द्रीय नोडल अधिकारी महोदय ने जिला प्रशासन द्वारा भूजल स्तर में सुधार हेतु किए जा रहे कार्यों के लिए साधुवाद दिया। बैठक के उपरांत केंद्रीय नोडल अधिकारी महोदय द्वारा विकास भवन स्थिति जल शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया गया। बैठक में आईएएस अयान जैन (ट्रेनी), अमित कुमार, तकनीकी अधिकारी सहायक निदेशक, सी.डब्लू.सी दिल्ली, श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, हरिओम, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, भारत भूषण अधीक्षण अभियंता जल निगम, प्रदीप कुमार द्विवेदी जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रीमती सृष्टि जायसवाल नोडल अधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु गौतम, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, गाजियाबाद द्वारा किया गया।

### कार्यकारिणी बैठक में लिए गए कई निर्णय

# इलाहबाद विवि पुराछात्र संघ चलाएगा रोजगारपरक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) ने अपनी कार्यकारिणी बैठक में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया। इनमें विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं के लिये रोजगारपरक कार्यक्रम चलाने का कार्यक्रम खास है। इस बैठक में अउआ के रजत जयंती समारोह और स्मारिका 'त्रिपथगा' के विमोचन की तारीख पर भी अंतिम मोहर लग गई।

अउआ के अध्यक्ष रिटा. आईएएस एस के सिंह की अध्यक्षता और महासचिव रिटा. मुख्यकर आयुक्त डॉ. शिखा दरबारी के संचालन में संपन्न हुई बैठक में रिटायर आईपीएस आर के चतुर्वेदी, रिटायर पीसीएस जितेन्द्र सिंह, संस्था के कोषाध्यक्ष व उद्योगपति विकास शर्मा, उपाध्यक्ष व अधिवक्ता डी सी श्रीवास्तव, एएलटी सेंटर के रिटा. महाप्रबंधक एम के सेठ, औद्योगिक सलाहकार राहुल सक्सेना, उद्यमी अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अजय औदीच्य ए, विवेक मिश्रा व विनोद त्रिपाठी और प्रतीक बिल्डर्स के प्रबंधक आलोक सिंहा ने हिस्सा लिया। बैठक में तय किया गया कि अउआ की वेबसाइट को न केवल अपडेट किया जाएगा, बल्कि इसके माध्यम से रोजगारपरक कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये न केवल प्रोत्साहित किया जाएगा, बल्कि उन्हें रोजगार मुहैया कराने के लिये जानकारियां साझा की जाएंगी और आवश्यक दिशा-निर्देश वाले कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

बैठक में यह भी तय किया गया कि अउआ के गठन को 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में होने वाला रजत जयंती समारोह गाजियाबाद में 5 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को व्यापक रूप देने के लिये जल्दी ही एक कमेटी का गठन होगा, जो रजत जयंती समारोह की जिम्मेदारियों का वहन करेगी। अउआ कार्यकारिणी की अगली बैठक 12 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1)किशन, (2)अभिषेक** पुत्र राम मिलन, निवासी- झुग्गी नंबर सी-419, एसएस नगर, डब्ल्यूपीआईए, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 413/2021 धारा 324/34 भा.द.स, थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1)किशन, (2)अभिषेक** मिल नहीं रहे और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1)किशन, (2)अभिषेक** फ़रार हो गए गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **(1)किशन, (2)अभिषेक, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 413/2021 धारा 324/34 भा.द.स, थाना अशोक विहार, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 108, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय कोर्ट, दिल्ली

DP/7080/NW/2025

### अधिकारियों की आपसी लड़ाई से कर्मचारी आर्थिक नुकसान भुगत रहे

# तीन माह से फरीदाबाद ब्लॉक के 55 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ब्लॉक फरीदाबाद के 55 ग्रामीण सफाई कर्मचारी 3 महीने से वेतन के लिए तरस रहे हैं। मार्च अप्रैल और मई महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला है। लगातार गांव देहात में सफाई का काम करने वाले कर्मचारी पिछले तीन महीने से वेतन की बाट जोह रहे हैं। इन कर्मचारियों ने 2 जून को 24 घंटे का बीडीपीओ कार्यालय ओल्ड फरीदाबाद के सम्मुख पड़ाव डाला था। लेकिन अधिकारियों ने एक सप्ताह का समय मांगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि 7 दिन के अंदर वेतन का भुगतान करवा दिया जाएगा। लेकिन 10 दिन का समय व्यतीत होने के बाद भी वेतन का मामला लंबित पड़ा हुआ है। ट्रेजरी ऑफिसर और बीडीपीओ के कार्यालय के अधिकारियों की आपसी लड़ाई की वजह से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस मुद्दे को लेकर के उपायुक्त कार्यालय में भी यूनियन नेताओं ने उपायुक्त से मुलाकात करके दिनांक 25 अप्रैल 2025 और 15 मई दरखास्त दी थी और दिनांक 6 मई को भी उपायुक्त महोदय से अपने वेतन को लेकर मुलाकात हुई थी। अभी तक इसकी भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। यूनियन नेता देवीराम जिला अध्यक्ष फरीदाबाद, जिला सचिव राजू और कोषाध्यक्ष दिनेश पाली ने अपनी यूनियन की मीटिंग करते हुए कहा कि 10 जून को जिले के सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारी बीडीपीओ खंड फरीदाबाद के कार्यालय का घेराव करेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजेश शाह** पुत्र श्री चुमरू शाह, निवासी- मकान संख्या 423, गली संख्या 11सी, कैलाशपुरी, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 399/2018 धारा 12/9/55 गैंबलिंग अधिनियम, थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश शाह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश शाह** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजेश शाह, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 399/2018 धारा 12/9/55 गैंबलिंग अधिनियम, थाना सागरपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 10.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ईशा सिंह एल.डी.**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
कक्ष संख्या 18, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7192/SW/2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार मैमोग्राफी मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.06.2025 27.06.2025 | 16.50 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.06.2025 27.06.2025 | 9 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-ए हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को सर्जिकल सूचर और मैश की आपूर्ति और दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 06.06.2025 27.06.2025 | 2.30 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-सी हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को लार्वीसाइड्स इनसेक्टीसाइड्स एंटी मलेरियल मदों की आपूर्ति और दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 06.06.2025 27.06.2025 | 2.33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप-सी हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को कोरोना वायरस के लिए लॉजिस्टिक्स की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए मेडिकल कंज्यूमेबल्स की ऑनलाइन अल्पावधि निविदा। | 06.06.2025 12.06.2025 | 5 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/35462/I/88/7 दि. 09.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में सफीदों रोड से डिडवाड़ा रोड तक रोड का विकास (रोड आईडी 6707) (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत)। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 268.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बालसमंद, जिला हिसार की वैद्युत स्थापना की विशेष मरम्मत + 2 कार्य। | 06.06.2025 13.06.2025 | 12.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | कुरूक्षेत्र में सहारनपुर यमुनानगर रादौर लाडवा कुरूक्षेत्र रोड सेक्शन कि.मी. 76.150 से 85.00 के गिटाडवार से ज्योतिसर तक रोड के सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण के एल/एस कार्य का ए/एम (रोड आईडी 8023)। | 12.06.2025 17.06.2025 | 9.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 4 | लोनिवि भ व प अम्बाला | एलएनजेपी हॉस्पीटल कुरूक्षेत्र के परिसर में अतिरिक्त 100 बिस्तर वाले हॉस्पीटल ब्लॉक (फेज-II) का निर्माण (एमजीपी का प्रावधान और सम्बद्ध कार्य)। | 07.06.2025 16.06.2025 | 479.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प नरवाना | नरवाना में एसडीओ (सिविल) कॉम्पलैक्स की वार्षिक मरम्मत। | 05.06.2025 12.06.2025 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में केयर होम के पश्चात राज्य में गार्ड रूम का निर्माण और विशेष मरम्मत आकलन। | 05.06.2025 12.06.2025 | 24.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.00 से 8.900 में 50 मिमी बीएम + 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सकरा से डेरा रायसन वाया करसा, रायसन तक रोड का सुधार (रोड आईडी 7426 और 7446) (ओडीआर) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) (डीएनआईटी नं. 117588) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 574.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प सोनीपत | गन्नौर-शाहपुर रोड से खानपुर वाया सइया खेड़ा-कैलाना-दुबेटा-कासंडी आरडी 0.00 से 16.15 किमी. तक रोड का सुधार (आईडी 6083) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 05.06.2025 19.06.2025 | 562.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में कि.मी. 0 से 7.35 में रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा शहजादपुर से भिगान वाया कामी तक रोड का सुधार (रोड आईडी 6064, 11627) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 05.06.2025 16.06.2025 | 434.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी साधन - गांव गढ़ी साधन ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में ब्राह्मण चौपाल चारदिवारी शौचालय और स्नानगृह को पूरा करना स्कीम वीएएनजीवाई 2025 + 3 कार्य। | 07.06.2025 26.06.2025 | 23.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | ब्लॉक मातनहेल, जिला झज्जर के विभिन्न 5 अदद गांवों अकेहड़ी मदनपुर, बहु, बिरोहड़, खोरडा और मातनहेल की फिरनियों में नये पोल्स की स्थापना और मौजूदा विद्युत पोल्स पर एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 06.06.2025 13.06.2025 | 57.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | बरोदा मोर, गांव ब्लॉक मुंडलाना में कुश्ती हॉल 60×40 का निर्माण + 1 कार्य। | 05.06.2025 12.06.2025 | 36.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | महिला एवं बाल विकास, सोनीपत | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी का परिवहन कार्य और अन्य मदों की आपूर्ति। | 06.06.2025 24.06.2025 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466423780 posnp.wcd@gmail.com |
| 14 | वन विभाग, जीन्द | संलग्न विशिष्टी के अनुरूप ट्री गार्ड की निरंतर आपूर्ति (वानिकी कार्य)। | 07.06.2025 13.06.2025 | 1.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681255458 dfojind2009@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/280/35500/I/88/7 दि. 09.06.25

## खबर संक्षेप

### बिरसा मुंडा को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** पीएम ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट कर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन



किया। ट्वीट किया कि भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान व समर्पण हमेशा देश की जनता को प्रेरित करते रहेंगे। पीएम ने कहा, बिरसा मुंडा के अनुयायी उन्हें भगवान की संज्ञा देते हैं। धरती आबा की जयंती 15 नवंबर को मोदी सरकार ने वर्ष 2021 में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

### एनडीए में सीट बंटवारे पर कुशवाहा की दो टूक

**पटना।** बिहार एनडीए के सहयोगी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि



एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा समय से हो जाना चाहिए। साथ ही जनता के बीच यह मैसेज जाना चाहिए कि एनडीए में शामिल दल और उनके नेता को सम्मान मिला है। कुशवाहा ने कहा कि सीट आगे-पीछे हो सकती है, लेकिन एनडीए के सभी घटक दलों का एक स्वर होना चाहिए।

### जंगल में लक्कड़शाह सहित 4 मजारें ध्वस्त

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मूर्तिहा रेंज में जंगल के बीच स्थित लक्कड़शाह,



भंवरशाह, चमनशाह और शहंशाह मजार को वन विभाग ने बुलडोजर से हटवा दिया। डीएफओ बी. शिवशंकर ने बताया कि बेदखली की नोटिस दी गई थी। मजारें बाघ बाहुल्य स्थान पर थी। मजार के जिम्मेदार सिर्फ 1986 का कागज दे सके। इससे पहले ये जमीन किसकी थी बता नहीं सके।

# 52वीं बार बिहार आ रहे पीएम मोदी, तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एनडीए के दिग्गज

**एजेंसी ⏭ पटना**

आगामी 20 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव में आयोजित होने वाली जनसभा में पीएम मोदी बिहारवासियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनडीए के सभी नेता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। जनसभा की तैयारियों को लेकर सोमवार को सीवान में एनडीए सारण प्रमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, लोजपा (आर), रालोमो और हम के नेताओं सहित सांसद और विधायक शामिल हुए।

**सीवान में एनडीए सारण प्रमंडल की बैठक**



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पीएम मोदी के इस दौरे से सारण प्रमंडल में एनडीए को और मजबूती मिलेगी। जसौली गांव में जनसभा स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह दौरा बिहार के विकास में एक नया अध्याय जोड़ने की उम्मीद जगा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया- पीएम मोदी का आगमन बिहार के लिए गौरव

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि पीएम मोदी का आगमन बिहार के लिए गौरव का विषय है। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम के दौरे से सीवान और बिहार में विकास की गति तेज होगी, और हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ होगा। सीवान, सारण और गोपालगंज सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग जनसभा में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी पीएम का गर्मजोशी से स्वागत करने को तैयार हैं। स्थानीय लोग भी इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर उत्साहित हैं।

**20 जून को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम**

प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद 52वीं बार बिहार आ रहे हैं। 20 जून को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है। उस दिन सीवान, छपरा और गोपालगंज जिले के लोग प्रधानमंत्री को सुनने आएंगे। उस दिन जितन राम मांझी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल होंगे।

### जनसभा के साथ मिलेंगी विकास योजनाओं की सौगात

भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी और अन्य नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री का यह दौरा न केवल सीवान बल्कि पूरे बिहार के लिए विकास की दिशा तय करेगा। स्थानीय लोगों में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर खासा उत्साह है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस दौरे के दौरान जनसभा में हिस्सा लेने के साथ-साथ जिले के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा करेंगे या उनका शिलान्यास करेंगे। उन्होंने इसे सीवान के लिए ‡ऐतिहासिक पल‡ बताया।

### सीएम योगी आदित्यनाथ अभियान की करेंगे शुरुआत

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की दस जून से गिनाई जाएंगी उपलब्धियां

**एजेंसी ⏭ लखनऊ**

यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। यह अभियान मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रित है जिसमें विकसित भारत का अमृतकाल और सेवा सुशासन और गरीब कल्याण जैसे विषय शामिल हैं। जिलों में प्रदर्शनियाँ प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएँ होंगी जबकि मंडलों में संकल्प सभाएँ आयोजित की जाएंगी। शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।

केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर 10 से 21 जून तक प्रदेश व्यापी अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर केंद्रित होगा। पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी सभी जिलों में लगाई जाएगी, प्रबुद्ध समागम होगा व इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा व शक्ति केंद्रों पर चौपाल आयोजित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री की प्रेस कान्फ्रेंस के बाद जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कान्फ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता तीन विषयों पर बोलेंगे।

**खास बातें**

- जिलों में प्रदर्शनियां और कार्यक्रम
- शक्ति केंद्रों पर चौपाल आयोजित की जाएंगी
- कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों से जुड़े साहित्य घर-घर पहुंचाएंगे

### मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन



13 से 15 जून तक मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों को विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाने के साथ ही संकल्प की प्रति भी भेंट की जाएगी। शक्ति केंद्रों पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्रों में मोहल्ला चौपाल एवं पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। इसमें आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही उन्हें आयुष्मान कार्ड वितरित किया जाएगा। यहां उपस्थित लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। प्रत्येक चौपाल में पांच लाभार्थियों के अनुभव का वीडियो रिकार्ड कर उसे इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों से जुड़े साहित्य घर-घर पहुंचाएंगे।

### भाजपा पर जमकर बरसे अखिलेश यादव बोले-

# केंद्र के 11 साल और यूपी के 9 साल के काम का लेखा-जोखा दे सरकार

**एजेंसी ⏭ लखनऊ**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि



सरकार को केंद्र के 11 वर्ष और प्रदेश सरकार के नौ साल कुल 20 वर्षों के काम का लेखाजोखा देना होगा कि जनता के लिए क्या किया?अखिलेश यादव ने केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल के कार्यकाल को लेकर बयान दिया है। कहा कि सरकार को बताना चाहिए उन्होंने जनता के लिए क्या किया? उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में क्या किया? बेरोजगारी कितनी कम हुई? कितने रोजगार दिए हैं? प्रदेश में कितना निवेश आया है। यूपी में डबल इंजन की सरकार कही जाती है पर यहां पर क्या हालात हैं। सभी एक दूसरे से टकरा रहे हैं। कमीशन के लिए झगड़ा हो रहा है। एक आईएएस अधिकारी को अंडरग्राउंड होना पड़ रहा है।

### पीएम ने जिस गांव को गोद लिया उसका विकास नहीं हो सका

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिस गांव को गोद लिया था उसका विकास नहीं हो सका है। उस गांव की तस्वीर नहीं बदली है तो कहीं न कहीं सरकार के कामकाज पर सवाल उठते हैं। मुख्यमंत्री योगी फसलों का एरिअल सर्वे कर रहे हैं। उन्हें किसानों के सामने जाना चाहिए और उनके सवालों का जवाब देना चाहिए।

### पंचायत चुनाव के पहले अलर्ट मोड

सपा पंचायत चुनाव के लिए खास तैयारियां कर रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि आरक्षण और परिसीमन के डेटा पर भी नजर रखी जा रही है, ताकि सत्ताधारी दल कोई गड़बड़ न कर सके। इसके लिए हर जिले में पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, प्रदेश मुख्यालय स्तर पर भी कुछ वरिष्ठ नेताओं को इस काम में लगाया गया है। ताकि कहीं से कोई गड़बड़ की जानकारी मिलने पर उसे तत्काल चुनाव आयोग तक पहुंचाया जा सके।

## पेज एक का शेष

### पांच साल छोटे प्रेमी की...

सुपारी दी थी। ये रुपए भी उसने अपने पति राजा से हनीमून के लिए लिए थे। राजा रघुवंशी की हत्या का केस मेघालय के सोहरा थाने में दर्ज किया गया है। मामले में मध्य प्रदेश के डीजीपी और मेघालय के डीजीपी लगातार संपर्क में थे। पुलिस के अनुसार सोनम ने शादी के महज तीन दिन बाद ही राजा की हत्या की साजिश रचनी शुरू कर दी थी। इसके लिए शिलांग में हनीमून का बहाना बनाया गया। प्रेमी राज खुद तो शिलांग नहीं गया, लेकिन उसने तीन शूटर भेजे जिन्होंने वहां जाकर राजा की हत्या की। उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने एक बयान में कहा कि 24 साल की सोनम रघुवंशी (गोविंदनगर खड़सा, इंदौर, मध्य प्रदेश) रात में वाराणसी गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा के पास मिली। उसे प्रारंभिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और फिर वन स्टॉप सेंटर में रखा गया। वन स्टॉप सेंटर निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर संकट में फंसी महिलाओं को सहायता प्रदान करता है। अब स्थानीय पुलिस के साथ जरूरी कानूनी और कागजी कार्रवाही पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को आगे की जांच और पूछताछ के लिए शिलांग लाया जाएगा। वहां पुलिस कोर्ट में पेश करके अपने रिमांड में लेने की कोशिश करेगी।

**शिलांग पुलिस को कैसे पता चला कि सोनम जिंदा है :** शिलांग पुलिस को कॉल डिटेल और शिलांग में सोनम और राजा के साथ नजर आने वाले तीन पर्यटकों का पता चला। हत्यारे जहां रुके थे, वहां से उनकी जानकारी एकत्र की और सारी जानकारी इंदौर पुलिस से साझा की। क्राइम ब्रांच ने शाम तक पूरा जाल बिछाया और रात को इंदौर से विक्की उर्फ विशाल चौहान, राज कुशवाह और आकाश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। दो लोगों को ललितपुर व सागर से दबोचा गया। सागर में खिमलासा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बसारी गांव से आनंद कुर्मी नाम के एक और आरोपी को हिरासत में लिया गया। ललितपुर से आकाश को उठाया गया। इस कार्रवाई में एसडीओपी नितेश पटेल के साथ मेघालय पुलिस भी शामिल रही। ये तीन पर्यटक और कोई नहीं भाड़े के ये हत्यारे ही थे। ये हिंदी में बात कर रहे थे। वहां के एक गाइड के अनुसार उनको या तो स्थानीय भाषा खासी समझ में आती है या अंग्रेजी? यहीं से शक गहरा गया। फिर, एक चाय वाले से सोनम ने कहा था कि उसके पति की किसी ने हत्या कर दी है। साजिश के मुताबिक, उसे पुलिस को इस गुत्थी में उलझाना था कि सोनम का बाद में अपहरण हो गया है और उसे मानव तस्करों के गिरोह ने बांग्लादेश पहुंचा दिया है। पर, ये कहानी शिलांग पुलिस को हजम नहीं हो रही थी, क्योंकि, सोनम की कॉल डिटेल कुछ और कहानी कह रही थी।

**सोनम राजा को सुनसान रास्ते पर ले गई थी, जहां हत्यारे मौजूद थे :** आरोपियों से पूछताछ में ये भी खुलासा हुआ है कि राज साजिश को अंजाम देने के लिए खुद कभी शिलांग नहीं गया। वो सिर्फ फोन के जरिए पूरे प्लान से जुड़ा रहा। लगातार सोनम और कॉन्ट्रैक्ट किलर्स को दिशा-निर्देश देता रहा। उसके कहने पर शिलांग में पहले से मौजूद कॉन्ट्रैक्ट किलर्स से सोनम मिली। इसके बाद सभी चेरापूंजी पहुंचे। वहां सोनम राजा रघुवंशी को एक सुनसान रास्ते पर ले गई। वहां पहले से मौजूद तीनों कॉन्ट्रैक्ट किलर्स ने मिलकर उसके पति की हत्या कर दी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद चारों सोनम, आकाश, विशाल और आनंद शिलांग लौटे और फिर वहां से सीधे गुवाहाटी रवाना हो गए। गुवाहाटी में सभी ने एक दिन का स्टे किया और फिर अलग-अलग दिशा में निकल गए। लेकिन, सोनम मेघालय पुलिस के शक के घेरे में आ चुकी थी।

**गाजीपुर में सोनम ने गढ़ी अगवा होने की झूठी कहानी :** 9 जून की रात 1:42 बजे गाज़ीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के काशी ढाबा, अंकुशपुर से सूचना मिली कि एक महिला डरी-सहमी हालत में सड़क किनारे मिली है। पीआरवी 6451 मौके पर पहुंची तो महिला ने खुद को सोनम बताया। उसने दावा किया कि वो अपने पति के साथ मेघालय घूमने गई थी, जहां कुछ अज्ञात लोगों ने उसके पति की हत्या कर दी। इसके बाद उसे अगवा कर लिया गया। उसके गहने लूटे गए और उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। सोनम के मुताबिक जब उसे होश आया तो कुछ लोगों ने उसे एक गाड़ी में बिठाया और गाज़ीपुर के ढाबे के पास छोड़ दिया। लेकिन पुलिस इस कहानी पर भरोसा नहीं कर रही। क्योंकि, ठीक उसी रात उसके बाकी साथी गिरफ्तार किए गए थे। उसके बाद अचानक उसी वक्त सोनम का सामने आ जाना, पुलिस के लिए बहुत कुछ कह रहा है। पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सिम ने कहा कि सोनम ने सब कुछ प्लान के मुताबिक किया था।

**राज के समर्थन में आए सोनम के पिता :** राज कुशवाहा को लेकर सोनम के पिता ने कहा कि वो मेरी ही फर्म में काम करता है। इस दौरान वो मेरे ही साथ था। वो इसमें शामिल नहीं हो सकता है। राज ऐसा लड़का नहीं है। पुलिस जो आरोप लगा रही है वो निराधार है। झूठा आरोप है। पुलिस अपने को बचाने के लिए बच्चे के ऊपर आरोप लगा रही है।

**मेघालय के सीएम व डिप्टी सीएम ने कहा- मेघालय सुरक्षित :** मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने राज्य और देश को झकझोर देने वाले मामले को सुलझाने के लिए पुलिस को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'राजा हत्या मामले में 7 दिनों के भीतर मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मेघालय के पर्यटन मंत्री पॉल लिंगदोह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से एक प्रेम त्रिकोण (लव ट्रायंगल) का मामला है। मुख्य आरोपी ने जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए भाड़े के हत्यारों को नियुक्त किया था। हम सात दिनों में मामले को सुलझाने के लिए विशेष जांच दल को बधाई देते हैं। एक राज्य के रूप में हम देश भर और विदेश से आने वाले पर्यटकों की मेजबानी करना जारी रखेंगे। हम ऐसे मामलों को रोकने के लिए उच्च स्तरीय क्षमता सुनिश्चित करने के लिए पूरे स्थानीय पर्यटक समुदाय के साथ भी संपर्क बनाए रखेंगे। उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने कहा कि वे मेघालय के लोगों और सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं। उन्हें मेघालय के खिलाफ अपने बयान वापस लेने होंगे। मेघालय सुरक्षित है, और उन्हें यह सीखने की जरूरत है कि सभी तथ्य और विवरण प्राप्त किए बिना निष्कर्ष पर न पहुंचें। हमारे पुलिस बल ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है।

### मोदी सरकार रेस्पोंसिव, रेस्पोंसिबल...

रही हैं। एनडीए में भी अब लड़कियों की भर्ती हो रही है और वे पास आउट भी हो रही हैं। देश के 73 सैनिक स्कूलों में अब लड़कियों को प्रवेश मिल रहा है। 'लखपति दीदी' योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। समाज के वे वर्ग, जिन्हें पहले केवल नजरअंदाज़ किया जाता था, आज उन्हें केंद्र में लाकर भरोसा दिया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी और महिलाएं, इन सभी की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि 'गरीबी हटाओ' जैसे पुराने नारों से आगे बढ़कर, इस सरकार ने गरीबों के कल्याण को साकार रूप दिया है। आंकड़े स्वयं इस बदलाव के साक्षी है, 25 करोड़ लोग अब तक गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। यह केवल हमारा दावा नहीं है, बल्कि नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े हैं। भारत में अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं या चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को देश की मुख्यधारा में लाया गया है। इसी तरह, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ने भी उन्हें आर्थिक सुरक्षा के दायरे में लाकर सशक्त किया है। 100% विद्युतीकरण की दिशा में सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना और उजाला योजना के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बीमा योजनाओं की बात करें तो जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा के अंतर्गत लगभग 40 करोड़ लोगों को कवर किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पारदर्शी सरकार के अर्थ को स्पष्ट करते हुए बताया कि आज डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लेनदेन की संख्या में 130 गुना वृद्धि हुई है। जेएएम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के जरिए लगभग 3.9 लाख करोड़ रुपये की लीकेज रोकी गई है। 'प्रगति' मंच के माध्यम से सभी योजनाओं और रुके हुए प्रोजेक्ट्स की निगरानी की जाती है, जिससे जनता को योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती है। कोओपेरेटिव फेड्रलिस्म केवल नारा नहीं, बल्कि जीएसटी इसका प्रमुख उदाहरण है। नड्डा ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार था जब किसी प्रधानमंत्री ने इतने स्पष्ट शब्दों में आतंकियों को सीधी चेतावनी दी और जिसके बाद सर्जिकल स्ट्राइक हुआ। पुलवामा हमले के समय भी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा, "तुमने बहुत बड़ी गलती कर दी है, इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा,"। अब किसी भी आतंकवादी घटना को ऐक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा और 'न्यूक्लियर युद्ध' की गीदड़भभकी को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। नड्डा ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सड़कें, हवाई मार्ग, रेलवे और पुलों पर लंबी चर्चा हो सकती है पिछले 11 वर्षों में वह विकास हुआ जो किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। मोदी के नेतृत्व में देश ने विकसित भारत की दिशा में लंबी छलांग ली है, जिसमें सभी समाज वर्गों को साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया। 11 साल के कार्यकाल में हुए इन महत्वपूर्ण कार्यों, नीतियों और कार्यक्रमों को समझाना आसान नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने देश को नए मुकाम पर पहुंचाया है।

### मुंबई में लोकल...

के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। हादसे में छह अन्य घायल भी बताए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है।

**हादसे के बाद अब रैक में डोर क्लोजर की चर्चा :** मुंब्रा रेल दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। रेलवे ने लोकल ट्रेनों के लिए निर्माणाधीन रैकों में स्वचालित दरवाजे लगवाने का फैसला किया है। इसके अलावा फिलहाल सेवा में मौजूद रैक में डोर क्लोजर की सुविधा को लेकर भी चर्चा हो रही है।

**फुटबोर्ड पर खड़े होकर कर रहे थे यात्रा :** सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल धनराज नीला ने कहा कि यह घटना डाउन/फास्ट लाइन पर मुंब्रा-दिवा रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। कसारा से लोकल ट्रेन में फुटबोर्ड पर यात्रा कर रहे लोग और इसी तरह सीएसएमटी की ओर जाने वाली ट्रेन में सवार लोग आपस में टकरा गए और गिर गए। उन्होंने बताया कि कसारा जाने वाली लोकल ट्रेन के गार्ड ने पहली सूचना दी कि डाउन-थ्रू ट्रैक पर 12 यात्री घायल अवस्था में पड़े हुए हैं। जब एंबुलेंस मौके पर पहुंची, तो पता चला कि वहां आठ यात्री थे। हमने देखा है कि कई बार यात्री ट्रेन में जगह होने पर भी फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करते हैं। हमारे पास सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है।

### भारत का मान बढ़ाने...

स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ेंगे। शुभांशु शुक्ला का यह मिशन राकेश शर्मा की 1984 की ऐतिहासिक यात्रा की याद दिलाता है, जब राकेश शर्मा सोवियत संघ के साथ मिलकर अंतरिक्ष में गए थे। राकेश शर्मा पहले भारतीय थे जो अंतरिक्ष में गए थे। शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन हैं और गगनयान कार्यक्रम के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से भी एक हैं। शुक्ला को साल 2023 में अमेरिका की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एएक्स-4 मिशन के लिए चुना था। यह मिशन भारत और नासा के बीच सहयोग को दर्शाता है। शुभांशु ने स्पेसएक्स और एक्सिओम स्पेस से खास ट्रेनिंग भी ली है।

### लेफ्टिनेंट जनरल....

विभागों के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) की पोस्ट बनाई गई है। यह भारतीय सेना के अहम पदों में से एक होगा। 4 जून को हुए रक्षा अलंकरण समारोह 2025 के दौरान लेफ्टिनेंट राजीव घई को उत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लीड किया था। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) ने सीजफायर के लिए लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन किया था, जिसके बाद 12 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का एलान किया था। फरवरी में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई मणिपुर का भी दौरा कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने भारत म्यांमार सीमा का भी जायजा लिया था। मणिपुर दौरे के दौरान उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मुख्य सचिव और डीजीपी से भी मुलाकात की थी।

कौन हैं लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घईः बता दें कि लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई कुमाऊं रेजीमेंट के वरिष्ठ अधिकारी हैं। भारतीय सेना में सेवा के दौरान उन्होंने कई बड़े ऑपरेशन को लीड किया है। डीजीएमओ बनने से पहले वो चिनार कोर के जीओसी रह चुके हैं। खासकर जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ कई मिशन में राजीव घई की अहम भूमिका रही है।

### शादी के चौथे दिन प्रेमी संग फरार होने की कोशिश

# आधी रात गांव वालों ने पकड़ा प्रेमी के मुंह पर कालिख पोती

**एजेंसी ⏭ कुशीनगर**

यहां शादी के चौथे दिन ही नवविवाहिता प्रेमी के साथ फरार होने की तैयारी कर ली। उसे भगाने के लिए प्रेमी अपने एक दोस्त के साथ पहुंच गया। रात के अंधेरे में भागते समय गांव वालों की नजर पड़ गई। ग्रामीणों ने प्रेमी को पकड़ लिया और उसका दोस्त मौका देख फरार हो गया। सुबह प्रेमी के मुंह पर कालिख पोत, बाल मुंडवाकर ससुरालियों ने लड़की के मायके वालों को सूचना भेजी। मायके और ससुराल पक्ष के लोग सुलह-समझौते में जुट गए। इस दौरान पुलिस भी पहुंची तो दोनों पक्षों ने आपसी मामला बताकर हस्तक्षेप से रोक दिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने पकड़े गए युवक के घर वालों को शादी का खर्च जमा कर युवती को साथ ले जाने का फरमान सुनाया। नवविवाहिता भी प्रेमी के साथ ही रहने पर अड़ गई है।

बताया जाता है कि 4 जून को नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी हुई



थी। 5 जून को बहू को लेकर बारात घर लौट आई। इसी बीच शादी के चौथे ही दिन रविवार को आधी रात नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र से नवविवाहिता को भगा ले जाने के लिए उसका प्रेमी अपने दोस्त के साथ उसके ससुराल पहुंच गया। नवविवाहिता अपने प्रेमी के ससुराल से निकली ही थी कि गांव वालों की नजर पड़ गई।

ग्रामीणों ने शोर मचाया और प्रेमी को पकड़ लिया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर दोस्त मौके से फरार हो गया। प्रेमी को गांव वालों ने रात भर बंधक बनाए रखा। सोमवार सुबह युवक के मुंह पर कालिख पोती और बाल मुड़वा दिया। इसका वीडियो भी कई लोगों ने बनाया और वायरल कर दिया।

# बिना वर्दी के पहुंची थानाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक ने लगाई क्लास

**एजेंसी ⏭ सीतामढ़ी**

विधि-व्यवस्था को लेकर एसपी अमित रंजन रविवार की रात शहर का जायजा लेने निकले। इस दौरान सड़क पर आने-जाने लोगों से पूछताछ भी की। इसी क्रम में एसपी ने महिला थाना, नगर और डुमरा थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना भवन, थाना हाजत, परिसर, पुलिस बैरक के साथ पुलिस के आउट टर्न का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष को थाना की सफाई, आगंतुक से अच्छा व्यवहार, कांडों के निष्पादन, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महिला थाना में ओडी पदाधिकारी मौजूद नहीं मिले। जिसको लेकर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

उन्होंने बताया कि रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित ओडी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महिला थाना के निरीक्षण के दौरान एसपी के आने की खबर सुनकर महिला थानाध्यक्ष श्वेता स्वराज भी पहुंची। उन्हें बिना वर्दी के देख एसपी ने फटकार लगाते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी वर्दी में ही रहेंगे। बिना वर्दी के पदाधिकारी नजर आए तो कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
# सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
10 जून 2025





फादर्स-डे, 15 जून
स्पेशल

# नए दौर के केयरिंग-लविंग पापा

वह दौर गया जब परिवार में पिता की बहुत सख्त छवि हुआ करती थी। बच्चों की परवरिश पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते थे, यह जिम्मेदारी मां की होती थी। आज के पापा अपने बच्चों की जिम्मेदारी बहुत खूबसूरती से निभा रहे हैं। वे अपनी पारंपरिक छवि से बाहर आकर एक संवेदनशील गाइड के रूप में दिख रहे हैं। आज के पापा अपने बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझते हैं। आज के केयरिंग पापा, बच्चों के करियर के प्रति भी कॉन्शस हैं। वह उनके सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं।

कवर स्टोरी
नयनतारा

आज के समय में पिता की पारंपरिक भूमिकाएं कुछ दशकों पहले के मुकाबले बहुत बदल गई हैं। आज के पिता अपने बच्चों के केवल पालक या उन्हें अनुशासन में रखने वाले भर नहीं, अपने बच्चों के जीवन में भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और मजबूत बनाने वाले मेंटर हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज के पिता अपने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा ही नहीं कर रहे, उनका व्यक्तित्व निर्माण भी कर रहे हैं।

**पारंपरिक जिम्मेदारियों से बहुत आगे :** कुछ दशक पहले तक जहां पिता का काम मुख्य रूप से परिवार का पालन-पोषण और उसे आर्थिक रूप से सुरक्षित करना होता था, वह काम तो आज भी पिता के जिम्मे है, लेकिन अब उनकी भूमिकाएं इस पारंपरिक जिम्मेदारी से काफी हद तक आगे बढ़ चुकी हैं। आज के पापा अपने बच्चों के स्कूल प्रोजेक्ट में हेल्प करते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखते हैं, इस पर अपना जरूरी दखल देते हैं, पैरेंट्स टीचर मीटिंग में शामिल होते हैं, बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य से लेकर उनके मानसिक स्वास्थ्य तक की परवाह करते हैं।

**एक संवेदनशील गाइड का रोल:** आज के पापा अपने बच्चों के पालन-पोषण के साथ उनके सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इस वर्ष 15 जून को मनाए जाने वाले फादर्स-डे की इस साल थीम भी कमोबेश यही है। इस साल की थीम, 'फादर्सः नर्चरिंग रिलेशन एंड टैपिंग फ्यूचर' यानी बच्चों का लचीलेपन के साथ पोषण करते हुए उनके भविष्य को आकार देना है। अगर कहा जाए कि इस थीम को भारत के



महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे और मझोले शहरों में भी पहले से ही, आज के पापाओं ने अपना लिया है, तो इसमें कोई दो राय नहीं होगी। मसलन, आज के पिता पारंपरिक पिताओं की तरह घर में अनुशासन सिखाने वाले वट वृक्ष नहीं हैं, उनकी भूमिका एक संवेदनशील गाइड के रूप में उभर रही है। जबकि कुछ दशक पहले तक हमारे पारंपरिक पिता कठोर अनुशासन के प्रतीक हुआ करते थे। आज के पापा अपने बच्चों की भावनाओं को सुनते हैं, उनसे खुले रूप में संवाद करते हैं और उनकी पसंद-नापसंद पर ध्यान देते हैं। इन सबके साथ ही आज के पापा बच्चों की भौतिक के साथ-साथ भावनात्मक जरूरतों को भी समझते हैं।

## घरेलू कामों में सक्रिय भागीदारी

बीते दौर में पिता अपनी भूमिकाओं को घर के बाहर के कामों तक ही सीमित रखते थे, जबकि आज के पिता घरेलू कामों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे खाना बना रहे हैं, बच्चों को मांओं की तरह लिखा-पढ़ा रहे हैं, उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार कर रहे हैं, कई बार स्कूल छोड़ने और लाने भी जाते हैं। आज के पापा ये काम हंसी-खुशी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आज के दौर के पापा घर के किसी विशेष आयोजन में साफ-सफाई से लेकर किचन तक की भूमिकाओं में सहयोग करने को तत्पर रहते हैं। अब पापा पहले जैसे घर के बाहर ही काम करने वाले नहीं रहे।



**बच्चों के करियर के प्रति कॉन्शसः** आज के पापा बच्चों के करियर पर भी ध्यान देते हैं, उनकी पसंद-नापसंद यानी उनकी हॉबी को विकसित करने में, उनमें उसे विशेष पारंगत बनाने में भी जो संभव भूमिका होती है, उसे निभाते हैं। यही नहीं वे बच्चों की आत्मनिर्भरता को गंभीरता से लेते हैं। पहले के पिता बच्चों पर अकसर अपने सपने थोप देते थे, जबकि आज के पिता अपने बच्चों के सपनों को महत्व देते हैं। अगर उनके बच्चे पारंपरिक करियर से हटकर किसी ऐसे करियर में रुचि दर्शाते हैं, जो अभी तक बहुत सफल और स्पष्ट नहीं, तो आज के पिता उनके इस जोखिम पर भी साथ खड़े होने की हिम्मत दिखाते हैं।

**नई तकनीक सीखने में कोई हिचक नहींः** आज के पापा अब डिजिटल दुनिया में बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। जबकि कुछ दशक पहले तक बच्चे और उनके पिता तकनीक के मामले में अलग-अलग दौर में जीते थे। कुछ दशक पहले तक पिता बड़ी आसानी से यह बात स्वीकार कर लेते थे कि नए जमाने की तकनीक से उनका क्या लेना-देना है? यह बच्चों की जरूरत है, उन्हें ही इसकी जानकारी रखनी चाहिए। जबकि आज के पापा न सिर्फ नए जमाने की तकनीक पर दिलचस्पी लेते हैं बल्कि वे इस पर दक्षता भी हासिल करते हैं ताकि अपने बच्चों को भी इसमें दक्ष बना सकें या उनके साथ उनके स्तर पर बर्ताव कर सकें। यही कारण है कि सोशल मीडिया, गेम्स और इंटरनेट से जुड़ी आज की अभिरुचियां बच्चों और उनके पापाओं में किसी हद तक साझी हो चली हैं। आज के पापा अपने बच्चों को रिस्पॉन्सिबल डिजिटल सिटीजन बनने में उनको अपनी गाइडेंस देते हैं।

**को-पैरेंटिग में यकीनः** आज के पिता पालन-पोषण को सिर्फ बच्चों की मांओं की जिम्मेदारी नहीं समझते बल्कि को-पैरेंटिंग के विचार पर यकीन रखते हैं। इसलिए आज माता-पिता दोनों मिलकर बच्चों की जिम्मेदारी उठाते हैं। यही कारण है कि पिता अब समान रूप से एक जिम्मेदार अभिभावक बन चुके हैं। विशेष रूप से सिंगल फादर या स्टे एट होम डैड की संज्ञा दिनों दिन बढ़ रही है। इसलिए माना जाता है कि भारत में पिता की भूमिकाएं कुछ दशक पहले तक के पिता की भूमिकाओं से काफी हद तक बदल गई हैं।

**पापा और बच्चे दोनों जाहिर कर रहे हैं अपनी फीलिंग्सः** भारत में पिताओं के स्वभाव और उनकी इस सोच में परिवर्तन लाने में किसी हद तक फादर्स-डे की भी अपनी भूमिका है। हालांकि पश्चिम की तरह भारत में फादर्स-डे कोई त्योहार नहीं है, लेकिन यह मानने में कतई गुरेज नहीं करना चाहिए कि आज के शहरी भारत में फादर्स-डे जैसे स्पेशल डे की अपनी एक संवेदनशीलता है। यही वजह है कि हमारी पारंपरिक संस्कृति में फादर्स-डे न होते हुए भी आज के भारत में यह बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बच्चे आजकल फदर्स-डे का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं। हमारे देश के बच्चे भी पश्चिमी देशों के बच्चों की तरह अपने पापाओं को इस दिन कार्ड देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से संदेश देते हैं, शुभकामनाएं देते हैं और पापाओं के प्रति अपने प्रेम-स्नेह को प्रकट करते हैं। जबकि पहले हमारे यहां का चलन यह था कि न तो पिता, इस बात को जाहिर होने देते थे कि वे अपने बच्चों को बहुत प्यार करते हैं और न ही बच्चे सार्वजनिक रूप से यह दिखाते थे कि वे अपने पिता का बहुत आदर-सम्मान करते हैं।

**फादर्स-डे की उपयोगिताः** पिछले एक-दो दशक में सिर्फ शहरी भारत की लाइफस्टाइल ही तेजी से नहीं बदली, बल्कि समग्रता में बहुत-सी नई और अनुकरणीय पश्चिमी बातों को भी हमारा शहरी समाज खुले दिल से स्वीकार कर रहा है। यही कारण है कि अब फादर्स-डे एक सम्माननीय दिन बन चुका है और यह हमारे बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत लाभकारी भी साबित हुआ है। ❁



बहुत अनमोल होता है, पिता-बेटी का रिश्ता। जहां बेटी के लिए पिता शीतल छाया, उसके जीने की राह होते हैं, वहीं लाडली बेटियां भी अपने पिता की मुस्कान, अभिमान होती हैं। पिता के लिए बेटियां ईश्वर की सबसे बड़ी नियामत, उनके जीवन की सुगंध होती हैं। पिता-बेटी के प्यारे-सलोने रिश्ते को रेखांकित करता आलेख।

# बहुत प्यारा-न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता

भीने-मीठे एहसास
श्रुति आयंगर

बहुत प्यारा, बहुत न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, बस एहसास किया जा सकता है। जब पहली बार नन्ही-सी परी अपने पिता की गोद में आती है, तो एक नासमझ-सा युवा अचानक बहुत समझदार-जिम्मेदार हो जाता है। जब वह अपनी नन्ही बिटिया को गोद में लेता है तो उसे इस बात का बोध होता है, जिंदगी के हर मोड़ पर उसे अपनी गुड़िया के साथ खड़े रहना है, साथ निभाना है। उसकी हर खुशी का ख्याल रखना है। हर लड़की अपने पापा की प्यारी-प्रिंसेस होती है। पिता-बेटी के अनमोल रिश्तों के एक नहीं कई पहलू हैं।

**बहुत अलग है केमिस्ट्री-बॉन्डिंगः** पिता-बेटी के बीच ऐसी खूबसूरत केमिस्ट्री-बॉन्डिंग होती है, जिसे और कोई नहीं समझ सकता है, बस वे दोनों ही समझ सकते हैं। एक बेटी अपने पिता की बात जितनी जल्दी जान पाती है, उतना दूसरा कोई नहीं। तभी तो सब कहते हैं कि पापा के दिल के सबसे करीब होती है उनकी प्यारी बिटिया। हर लड़की अपने पिता की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करती है।



**पापा हैं सुपरमैनः** हर बेटी की नजरों में उसके पापा किसी सुपरमैन से कम नहीं होते। उनके पास हर मुश्किल का जादुई हल होता है। चाहे वो टूटे खिलौने को जोड़ना हो या फिर बिटिया का बिगड़ा मूड ठीक करना हो या मम्मी की डांट से बचाना हो या मम्मी से छुपाकर बेटी को अपनी फेवरेट चॉकलेट, आइसक्रीम खाना हो, पापा इन सभी कामों को मजे से अंजाम देते हैं। पापा ऑफिस के तनाव में भी अपनी गुड़िया की बातें सुनते हैं, उसकी हर शरारत में उसके साथी बन जाते हैं। अपनी बेटी की मुस्कान उनके लिए सबसे बड़ी नियामत होती है। बेटी के लिए पापा सब कुछ करने को तैयार रहते हैं। उसकी हर एक फरमाइश को पूरा करते हैं। यही तो होता है-रियल सुपरमैन। जब नन्ही बिटिया के गिरने पर उसे चोट लगती है, तो वह यही सोचती है, 'डोंट वरी, पापा हैं ना, फूंक मार देंगे, तो सब ठीक हो जाएगा।' और वाकई पापा के ऐसा करने पर बिटिया अपनी चोट भूल जाती है, दर्द उड़न-छू हो जाता है।

**बेस्ट फ्रेंड होते हैं पापाः** बेटी जब धीरे-धीरे बड़ी होती है, पापा उसके लिए सिर्फ पिता नहीं होते, बेस्ट फ्रेंड हो जाते हैं। जब तब आराम से बैठकर घंटों बातें करते हैं, स्कूल-कॉलेज के किस्से सुनते हैं। अपने डर और सपने बताना है या या कोई खुशी या दुख जाहिर करना है, ये सब बातें बेटियां बेझिझक अपने पापा से ही शेयर करती हैं। उनका सच्चा बेस्ट फ्रेंड अगर कोई है तो वो पापा ही होते हैं। वे ऐसे फ्रेंड होते हैं, जो ना जज करते हैं, ना नाराज होते हैं, ना कभी धोखा देते हैं। पापा अपनी बेटी के मन की बातें बिना कहे की समझ जाते हैं।

**प्रेरणास्रोत हैं पापाः** बचपन में जब बेटी चलना सीखती है, तो पापा उसकी अंगुली थामे रहते हैं, चलना सिखाते हैं। फिर पूरी जिंदगी यही अंगुली राह दिखाती है- कभी सलाह बनकर तो कभी हौसला बढ़ाकर। बेटी के लिए पापा सिर्फ एक अभिभावक नहीं होते, उसके सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत होते हैं, जो उसे कभी हार नहीं मानने देते हैं। अपनी लाडली की सबसे बड़ी ताकत बन जाते हैं पापा। ❁

## सच्चा और अटूट रिश्ता

पिता-बेटी का रिश्ता वक्त के साथ कभी बदलता नहीं है, पिता-बेटी का रिश्ता शब्दों का भी मोहताज नहीं होता है। बचपन में बेटी की पहली मुस्कान से लेकर उसके हर सपने तक, विदाई तक, पापा हर मोड़ पर उसके साथ रहते हैं। वक्त गुजरता है, बेटी बड़ी हो जाती है, जिम्मेदारियां बदल जाती हैं- पर पिता का प्यार उसकी परवाह और उसका रिश्ता वैसा का वैसा रहता है, हमेशा एक जैसा, सच्चा और अटूट।

---

बॉन्डिंग
अलका 'सोनी'

मां का प्यार तो खिली धूप जैसा प्रकट दिखता है, महसूस होता है, जबकि पिता का प्यार शीतल छाया की तरह हमेशा पास होकर भी अदृश्य रहता है। लेकिन कठिन समय में वही छाया संतान के लिए सुरक्षा कवच बन जाती है।

# प्यार तो करते हैं पर जताते नहीं पापा

मां के प्यार को तो अकसर शब्द, स्पर्श और आंसुओं में ढूंढ़ लिया जाता है, लेकिन पिता का प्यार, अकसर मौन होता है, गहरा होता है और छुपा होता है। वह प्यार जो न लोरी बनता है, न गले लगकर बहता है, लेकिन अपनी संतान की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए हमेशा उपस्थित होता है। सच, हम सबके पापा ऐसे ही होते हैं, जो जताते नहीं, फिर भी सबसे अधिक प्यार करते हैं।

## प्रतीकों में प्रकट होता प्यार

पिता अपनी भावनाओं को शब्दों से नहीं, प्रायः प्रतीकों में और मौन गतिविधियों से व्यक्त करते हैं। सर्दी की ठिठुरती रात में वे आधी रात को अकसर उठकर चुपचाप आपको कंबल ठीक से ओढ़ा जाते हैं। आपके बीमार होने पर जब तक आपको नींद नहीं आ जाती बेचैनी से चहलकदमी करते रहते हैं या आपके सिरहाने बैठ जाते हैं। आपके कॉलेज ट्रिप पर जाने की सूचना मिलने पर आपसे डायरेक्ट नहीं लेकिन मां के जरिए आपको कुछ एक्स्ट्रा पैसे दिलवाते हैं



कि उनकी बिटिया को सफर में कोई परेशानी न हो। ऐसा वो और बहुत कुछ करते रहे हैं और जब भी मौका मिलता है, आज भी करते हैं।



## याद करें वो लम्हे

अगर याद करें तो अतीत में बिताए ऐसे कई लम्हे याद आ जाएंगे, जब पिता हमारे आस-पास रहकर चुपचाप हमारी केयर करते थे। जब आप पहली बार साइकिल चलाना सीखने की कोशिश में बार-बार गिर रही थीं, तब पापा ने ही साइकिल को पीछे से पकड़कर आपको संतुलित होना सिखाया था। लेकिन कभी जताया नहीं कि वह इस बात को लेकर कितना चिंतित रहते थे कि कहीं गिरकर आपको चोट न लग जाए। या स्कूल का वो पहला दिन, जब मां ने तो आंखें पोंछकर आपको विदा किया था लेकिन पापा स्कूल के गेट के पीछे से आपको तब तक देखते रहे थे, जब तक आप क्लासरूम में नहीं चली गई थीं। यह भी याद आएगा आपको कि जब किसी प्रतियोगिता में आप हारकर निराश हो गई थीं, तब पापा ने पीठ थपथपा कर कहा था, 'बेटा, कोशिश करना मत छोड़ना। तुम जरूर जीतोगी।' आपका तो हौसला बढ़ा दिया लेकिन आपकी निराशा को अपने भीतर लेकर कई दिन अनमने से बिताए थे।

## जिम्मेदारियों तले दबा स्नेह

कई बार शांत दिखते समंदर के भीतर लहरों की हलचल भरी रहती है। ठीक उसी तरह ऊपर से चुप्पी साधे पिता के मन में भी हमारे लिए आगाध चिंता और प्यार छिपा होता है। जरूरत होती है बस, उस भाषा को समझने की। वास्तव में पिता की बेशुमार जिम्मेदारियां ही होती हैं, जो उनको बाहरी रूप से कठोर बना देती हैं। वे हमारी चिंता करते हैं, भविष्य बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की सोचते हैं, लेकिन बिना किसी को प्रकट किए। ऐसा इसलिए कि शायद उन्हें लगता है कि उनका भावुक होना, उनके बच्चे को कमजोर कर देगा। वास्तव में उन्हें एहसास होता है कि उनकी छाया में उनके बच्चे हर तपिश से सुरक्षित हैं। इसीलिए वे अपने हर त्याग को हंसते हुए छुपा लेते हैं। सच, पिता बनने के बाद उनका जीवन अपनी संतान को ही समर्पित हो जाता है। ❁

---

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

# अपनाएं सही डाइट प्लान बढ़ती एज में पापा रहेंगे हेल्दी

हर बेटी चाहती है कि उसके पिता का साया उसके सिर पर हमेशा बना रहे, उसके पिता हमेशा हेल्दी और फिट रहें। लेकिन बढ़ती उम्र के साथ हेल्दी और फिट रहने के लिए अन्य बातों के अलावा जरूरत होती है सही डाइट प्लान फॉलो करने की।



**लो फैट फूड्सः** उम्र बढ़ने के साथ पाचन क्रिया धीमी पड़ने लगती है। ऐसे में शरीर को फैट पचाने में कठिनाई होने लगती है। साथ ही हाई फैट वाली चीजों को खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और दिल की बीमारियों का रिस्क भी बढ़ता है। इसके अलावा इससे कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए बेटियां ध्यान रखें कि उम्र बढ़ने के साथ उनके पिता लो फैट वाले फूड्स का ही सेवन करें।

**प्रोटीन है जरूरीः** डाइट में प्रोटीन का होना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, 50 से 60 की उम्र के बीच मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसी वजह से हाथ-पैर में दर्द, हड्डियों से जुड़ी बीमारियां होने लगती हैं। इसलिए इन तमाम परेशानियों से बचे रहने के लिए डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स जैसे सोया मिल्क, टोफू, दूध, दही, पनीर और कुछ ड्राई फ्रूट्स शामिल करने चाहिए। आपकी पहली प्राथमिकता प्लांट बेस्ड प्रोटीन की होनी चाहिए, इसके अलावा मीट, चिकन, अंडे, फिश और सूखे मेवे का सेवन भी करवाया जा सकता है।

**ओमेगा 3 फैटी एसिडः** अपने पापा को ब्रोकली, कैबेज, हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, स्प्राउट्स, ग्रीन टी, बेरीज आदि का सेवन जरूर कराना चाहिए। इन सभी में ओमेगा 3 फैटी एसिड भी होता है, जो दिल की बीमारियों और कैंसर से बचाव करने में भी मदद करता है। ओमेगा 3 फैटी एसिड के सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं। साथ ही यह अल्जाइमर यानी कि भूलने की बीमारी, इनसोमनिया (नींद ना आना), चिंता और अवसाद जैसे कई मानसिक रोगों से भी बचाता है।



**फाइबर है जरूरीः** बढ़ती उम्र में आपको अपने पापा की डाइट में ऐसी सब्जी और फलों को शामिल करना होगा, जिनमें प्रचुर मात्रा में फाइबर मौजूद हो। फाइबर के जरिए ही कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर को संतुलित रखा जा सकता है।

**विटामिन और कैल्शियमः** बढ़ती उम्र के लोगों में हड्डियों को हेल्दी रखने के लिए कैल्शियम, और विटामिन डी की आवश्यकता होती है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे दूध, हरी पत्तेदार सब्जियां, मछली आदि का सेवन पापा को करवाएं। विटामिन डी के स्त्रोतों में फैटी मछली, जैसे सैल्मन और अंडे आदि का सेवन करने को कहें। ❁

**(डाइटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

---

केयर
रजनी अरोड़ा

याद कीजिए, बचपन या किशोरावस्था में जब कभी आप किसी बात पर रूठ जाती थीं तो पापा ही सबसे पहले मनाने आते थे। आपको कभी अकेले या गुमसुम नहीं रहने देते थे। तो अब वृद्धावस्था में अगर वे अपने आपको एकाकी महसूस करते हैं तो आपको उन्हें अपने प्यार-स्नेह का संबल जरूर देना चाहिए।

# एकाकी पिता को दें अपने प्यार-स्नेह का संबल

एक मजबूत और जिम्मेदार इंसान के तौर पर जिंदगी के हर मोड़ पर बच्चों की अच्छी परवरिश और कामयाब इंसान बनाने के लिए पिता सशक्त स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। लेकिन ढलती उम्र में एक ओर जहां वे रिटायरमेंट के बाद खालीपन के फेज से गुजर रहे होते हैं, तो इसके साथ ही बच्चों के उच्च शिक्षा या करियर के लिए देश-विदेश बस जाने या फिर जीवनसंगिनी के साथ छोड़ जाने का दर्द भी उन्हें झेलना पड़ता है। ऐसे में कई बार एकाकी जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं।

**एकाकीपन के कारणः** सेवानिवृत्ति के बाद बढ़ती उम्र में एकाकीपन के कई कारण हो सकते हैं। पार्टनर के साथ छोड़ जाने का दुख, गतिशीलता में कमी और कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ब्रेन की फ्लेक्सिबिलिटी यानी न्यूरोप्लास्टिसिटी कम हो जाती है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामाजिक सहभागिता कम होने और भावनात्मक अभिव्यक्ति न कर पाने की वजह से वो निराशा या कई तरह के मनोविकारों से घिर जाते हैं और खुद को अकेलेपन में समेट लेते हैं।



प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक अब्राहम मास्लो की नीड थ्योरी के अनुसार, इंसान को सिर्फ मूलभूत शारीरिक जरूरतें ही नहीं, बल्कि इमोशनल सिक्योरिटी, आत्मसम्मान और संबंधों में आत्मीयता, सहभागिता की भी जरूरत होती है। अकेले रह रहे पिता इन जरूरतों को और गहराई से महसूस करने लगते हैं। जब ये जरूरतें पूरी नहीं होतीं, यानी बच्चे उनके साथ संपर्क बनाकर नहीं रखते, तो मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है।

**बेटी से होता है ज्यादा जुड़ावः** वैज्ञानिक मानते हैं कि बेटियां अपने पिता के साथ भावनात्मक रूप से अधिक जुड़ी होती हैं। एमोरी यूनिवर्सिटी, अमेरिका की एक रिसर्च के अनुसार बेटियां भावनात्मक रूप से ज्यादा संवेदनशील और केयरिंग होती है। बेटियां पिता की भावनाओं, मूड और व्यवहार को बेहतर समझती हैं। उनकी बातों को इत्मीनान से सुनकर रिस्पोंड करती हैं और इमोशनल बॉन्डिंग बना लेती हैं। पिता भावनात्मक सुरक्षा और अपनापन मिलने की वजह से बेटों की तुलना में बेटियों से ज्यादा जुड़ते हैं, अधिक सहज महसूस करते हैं। बेटियों के चेहरे के हाव-भाव और आवाज के उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से समझते हैं और अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे में बेटियों को चाहिए कि वे अपने पिता को भरपूर समय और स्नेह दें। इससे पिता का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दरअसल, हम सभी का एक इमोशनल कंफर्ट जोन होता है और वो जिंदगी की हर स्टेज में महत्वपूर्ण रोल निभाता है। बेटी और पिता में यह बहुत मजबूत संबंध होता है, जो उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता रहता है। बस जरूरी है, बेटी को हर स्थिति में अपने पिता से जुड़े रहना। बेटी चाहे दूर हो या पास, पिता का ख्याल रखने, उनकी जरूरतों को पूरा करने का भरसक प्रयत्न करते रहना चाहिए।

**हॉबी से जोड़ेंः** पापा के अकेलेपन को दूर करने के लिए गौर करें कि अगर पिता को गार्डनिंग, पेंटिंग, रींडिंग का शौक है तो आपको उन्हें अपनी हॉबी को पूरा करने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। इसके लिए उन्हें उनकी रुचि की नई किताबें भेंट दे सकती हैं ताकि वे बोरियत महसूस न करें। या फिर किसी खास दिन पर पिता को सरप्राइजिंग गिफ्ट भी दे सकती हैं। निश्चय ही इससे उन्हें असीम खुशी का एहसास होगा। ❁

**(ब्रिटिश यूनि. बहरीन में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)**

# सरकार के 11 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का स्वर्णिम अध्याय : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व वित्तमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे हुए हैं, जिसमें गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और बुनियादी ढांचे के विकास में ऐतिहासिक उपलब्धियां जुड़ी हैं। यह केवल एक सरकार के 11 वर्ष नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय हैं। इसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं।

## यह सफलता लोगों के आशीर्वाद की जीत

### गरीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा

*कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग की मुख्यधारा से जोड़ा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई रोशनी जगाई। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और सम्मान को सुरक्षित किया। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराकर करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच दी। स्वच्छ भारत मिशन ने हर गांव-शहर को स्वच्छ और स्वस्थ भारत के रूप में दुनिया के सामने रखा।*



कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा सरकार

### किसान हित और कृषि विकास

*कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सीधी आर्थिक सहायता दी गई। फसल बीमा योजना और कृषि यंत्रीकरण ने खेती-किसानी को सुरक्षित और आधुनिक बनाया। सिंचाई, उर्वरक और कृषि अनुसंधान में निवेश से किसानों को बेहतर फसल और आय के अवसर मिले।*

### स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया

*पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया ने युवाओं को रोजगार के नए अवसर दिए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने करोड़ों युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया गया। नेशनल अप्रेंटिसशिप योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसे कार्यक्रमों ने युवाओं को स्वरोजगार और छोटे उद्योगों में सशक्त बनाया।*

### महिला सशक्तिकरण

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान और उत्थान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मातृत्व लाभ योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक और सुरक्षित बनाया गया है। महिलाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए ऋण एवं सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर किया गया।

### दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनाया

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में चिनाब रेलवे ब्रिज यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है, जिसने न केवल जम्मू-कश्मीर के लिए एक नया जीवनदान दिया, बल्कि भारत के इंजीनियरिंग कौशल को भी दुनिया के सामने रखा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव-गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी। कैप्टन ने कहा कि हम सभी विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें और सपनों को साकार करने के लिए राष्ट्रनिर्माण की इस यात्रा को और आगे बढ़ाएं।

## मुख्यमंत्री साय ने योग से की 'चिंतन शिविर की शुरुआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नवा रायपुर परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ योगासन कर चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन की शुरुआत की। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है और हमें प्रकृति के अधिक समीप लाता है। यह योगाभ्यास न केवल एक प्रेरणादायक पहल थी।

### मां और दादी दर्शन के लिए लेकर गईं थीं साथ

# भोपाल के 3 साल के मासूम का राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम मंदिर से अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में रहने वाले 3 साल के बच्चे राजस्थान में अपहरण हो गया। बच्चे को मां और दादी अपने साथ सीकर स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए लेकर गई थी। घटनाक्रम के बाद स्थानीय पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर ली है। बच्चे के लिए पुलिस ने 8 टीमें गठित कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक बच्चे का कुछ पता नहीं चला है।

दरअसल जिस परिवार का बच्चा किडनैप हुआ है कि वह भोपाल के पुष्पा नगर, ऐशबाग इलाके में रहता है। तीन वर्षीय रक्षम जाटव अपनी दादी आशा देवी और ललिता जाटव के साथ निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम के दर्शन करने गया था। जब बच्चे की मां और दादी जयपुर स्टेशन पहुंची तो उन्हें एक अनजान युवक मिला। उसने कहा कि वह भी खाटू श्याम के दर्शन के लिए सीकर जा रहा है। इसके बाद अपहरणकर्ता युवक उनसे बातें करने लगा और भरोसे में लेकर उनके साथ खाटू श्याम मंदिर तक पहुंच गया।

- राजधानी के पुष्पा नगर, ऐशबाग इलाके में रहता है परिवार
- जयपुर के रेलवे स्टेशन पर मिला था आरोपी युवक
- मंदिर में भीड़ होने पर मां दादी को दर्शन करने भेज दिया
- मां-दादी वापस लौटीं तो बच्चे को लेकर भाग चुका था युवक

### भीड़ का बहाना बनाकर बच्चे को अपने हाथों में लिया



खाटू श्यामजी मंदिर में पहुंचने बाद उस युवक ने भीड़ का बहाना बनाया और बच्चे को अपने हाथों में ले लिया। इसके बाद मां ने बच्चे और अपहरणकर्ता का मोबाइल से वीडियो भी बनाया। इसके बाद आरोपी ने मां और दादी को दर्शन के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद दर्शन करके दोनो लौटी तो युवक और बच्चा गायब मिले। इसके बाद परिवार ने आनन-फानन में तुरंत पुलिस को मामले की जानकारी दी। इकलौते बेटे के किडनेप होने की सूचना जब भोपाल में उसके पिता अजय कुमार जाटव को मिली तो वो भी भोपाल से रवाना हो गए और रविवार दोपहर खाटू श्याम पहुंच गए। बच्चे के अपहरण के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल ह। स्थानीय पुलिस बच्चे को तलाशने का दिलासा दे रही है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

*इस मामले में राजस्थान पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज करने के बाद इलाके के सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। राजस्थान पुलिस के एसएचओ पवन चौबे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चे के अपहरण का मामला दर्ज हुआ है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच के आधार पर पुलिस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है। इधर, भोपाल के ऐशबाग थाना प्रभारी विजय बहादुर सेंगर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी हमारे थाने में राजस्थान से बच्चे के अपहरण के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।*

### पोकलेन में आग की सूचना के बाद पहुंचे थे, इलाके में बढ़ी सर्चिंग

# सुकमा में आईईडी ब्लास्ट, एसपी गिरिपुंजे शहीद





हरिभूमि न्यूज ▶▶

सुकमा जिले के गोलापल्ली में नक्सलियों ने एक पोकलेन में आग लगा दी। जिसकी जानकारी लगने पर सुकमा से पुलिस टीम रवाना किया गया, जिसमें एएसपी से लेकर एसडीओपी व थाना प्रभारी के साथ ही टीम रवाना किया गया था। जहां नक्सलियों के द्वारा लगाए आईडी ब्लास्ट में एएसपी शहीद हो गए, जबकि एसडीओपी व थाना प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है, जहां उसकी जांच चल रही है। मामले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ आला अधिकारियों ने बताया कि बसवराजू के साथ ही 28 नक्सलियों को पुलिस के जवानों ने 21 मई को मार गिराया था, जिसके बाद से बौखलाए नक्सलियों के द्वारा 10 जून को भारत बंद का आव्हान करते हुए गोलापल्ली के पास एक खदान में उपयोग हो रहे एक पोकलेन को आग लगा दी। घटना की जानकारी लगने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव अपने साथ एसडीओपी व थाना प्रभारी को लेकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए, नक्सलियों को इस बात का अंदाजा था कि पुलिस के जवानों के साथ ही आला अधिकारी जरूर आएंगे। इसी बात का अंदेशा लगाते हुए नक्सलियों ने आईडी लगाया था। जहां एएसपी जैसे ही पहुंचे कि आईडी की चपेट में आ गए। घटना में आकाश राव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं थाना प्रभारी के अलावा एसडीओपी भी घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए कोंटा के अस्पताल लाया गया। वहीं घटना के बाद से इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि कोंटा-एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास प्रेशर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एएसपी कोंटा संभाग, जिला सुकमा, आकाश राव गिरिपंजे गंभीर रूप से घायल। ब्लास्ट में कुछ अन्य अधिकारी और जवान भी घायल हुए हैं।

### जमीन विवाद पर भाई-भतीजों ने किया रिश्ते का खून

# मंझले भाई ने पत्नी-बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई को मार डाला, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जमीन विवाद के चलते मंझले भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। भाई ने अपनी पत्नी और तीन बेटों के साथ लाठी, सब्बल से पीट-पीटकर बड़े भाई को मार डाला। वारदात रविवार की रात को हुई। घटना हिर्री थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है और पूछताछ कर रही है। बिलासपुर में एक दिन में 2 लोगों की हत्या हो गई है। रविवार सुबह ही सकरी थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी पर तवा से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी थी। बच्ची की छट्ठी मनाने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

**हिस्सा देने की बात पर हुआ झगड़ा** हिर्री मामले में टीआई अवनीश पासवान ने बताया कि, मृतक फेंकूराम ध्रुव ग्राम खरकेना गांव का रहने वाला था। उसके 2 भाई लेखूराम और नारद गांव में ही रहते हैं। उनकी जमीन का बंटवारा हो चुका है। लेकिन, नारद का पट्टा में नाम नहीं है इसके चलते मंझला भाई लेखूराम उसे हिस्सा नहीं देना चाहता था। जबकि, बड़ा भाई फेंकूराम छोटे भाई नारद को हिस्सा देने पर अड़ा था। इसी को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। रविवार की रात जमीन की हिस्सेदारी को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। इस दौरान हिस्सा देने से मना करते हुए लेखूराम ने अपने बड़े भाई फेंकूराम से गाली-गलौज की और फिर देखते ही देखते लेखूराम की पत्नी महेशिया ध्रुव, बेटा मिलाप ध्रुव, ईश्वर ध्रुव और नाबालिग बेटा भी आ गए।

### 10 से 30 जून तक जिलों का दौरा करेंगे आब्जर्वर्स

# जिला अध्यक्ष के पैनल में शामिल होंगे 35 से 45 साल तक की उम्र के नेताओं के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने रविवार को प्रदेश के ऑब्जर्वर्स की वर्चुअल मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि जिला अध्यक्ष के पैनल में 35 से 45 साल तक की उम्र के नेताओं के नाम शामिल किए जाएं। पैनल में नाम शामिल करने के लिए 5 साल से ज्यादा समय तक पार्टी में सक्रिय रूप से जुड़ा होना अनिवार्य है। मप्र में संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली और भोपाल से नियुक्त ऑब्जर्वर्स की तीन सदस्यीय टीम अब हर जिले में जाकर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम पर मंथन करेगी। इसी को लेकर प्रदेश प्रभारी ने पीसीसी से नियुक्त किए गए 165 ऑब्जर्वर्स

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने ऑब्जर्वर्स की वर्चुअल मीटिंग ली

### ऑब्जर्वर्स लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

चौधरी ने कहा कि एआईसीसी और पीसीसी के ऑब्जर्वर अपने जिले में दौरे कर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं की बैठक ले। जिला अध्यक्ष के लिए आयू सीमा का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कोई मजबूत कार्यकर्ता जिसकी आम लोगों में अच्छी पैठ हो तो उसका विशेष परिस्थितियों में उसे तय क्राइटेरिया से छूट दी जा सकती है, क्योंकि राहुल गांधी की सोच है कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष युवा हो और सोशल मीडिया फ्रेंडली होना अनिवार्य है।

### हर जिले की गोपनीय रिपोर्ट होगी तैयार

एआईसीसी और पीसीसी के ऑब्जर्वर अपने आवंटित जिले में 10 से 30 जून के बीच दौरा करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत तय मापदंडों के मुताबिक पूरी गोपनीय रिपोर्ट बनाएंगे। इसमें कांग्रेस की चुनावों में जीत और हार के कारणों का विश्लेषण, चुनावों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता को शामिल किया जाएगा। इसी आधार पर जो पैनल तैयार होगा, उस जिले की पूरी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को भेजी जाएगी।

## भाजपा के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी ने रौपे पौधे





**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने रविवार को भोपाल जिले के अरेरा मंडल के वार्ड 49 के बूथ 184 स्थित अशोक सोसाइटी मैदान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सिंदूर, बेल पत्र एवं आंवले के पौधे रोपे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए भाजपा देशभर में

## प्रज्ञा प्रवाह मध्य भारत प्रांत की हुई समीक्षा बैठक

**भोपाल।** प्रज्ञा प्रवाह मध्य भारत प्रांत की बैठक रविवार को शिवाजी नगर स्थित पुरुषार्थ सेवा फाउंडेशनमें हुई। बैठक में मध्य भारत प्रांत में अपने द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा तथा आगामी वर्ष के लिए योजना निर्माण पर चर्चा हुई। बैठक में सभी आयाम प्रमुख, आयाम सह प्रमुख सभी विभाग संयोजक, एमपीआरएएल सदस्य तथा प्रांत टोली सदस्य शामिल हुए। प्रान्त के सभी आयाम प्रमुखों को आयाम की टोली निश्चित कर और अपनी वार्षिक योजना के साथ बुलाया गया था। वहीं विभाग संयोजकों से गत वर्ष के कार्यक्रमों का वृत्त और वृत्तांत तथा आगामी वर्ष में कार्य विस्तार और कार्य क्रमों की वार्षिक योजना बुलाई गई थी। बैठक में इन सभी विषयों पर चर्चा हुई।

## नूरी खान का विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने त्योहारों को लेकर कुछ विवादित टिप्पणियां की है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में नूरी खान ने होली और ईद को लेकर मांस की खपत से जुड़े आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि होली जैसे त्योहारों पर भी मटन की खपत में भारी इजाफा होता है और समाज को केवल एक धर्म विशेष को निशाना नहीं बनाना चाहिए। वीडियो में कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि आदिवासी संस्कृति में कई स्थानों पर आज भी बलि की परंपरा है। अगर कुबार्नी पर हिंसा की बात की जाती है तो बलि पर भी वैसी ही बात होनी चाहिए। उन्होंने दिल्ली सरकार की ओर से ईद को लेकर जारी की गई गाइडलाइन पर भी प्रतिक्रिया दी।

### औबेदुल्लागंज थाना पुलिस एक फरार आरोपी की तलाश में जुटी

# लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट कर बुजुर्ग की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम तामोट निवासी हल्कीबाई पति मदनलाल जाटव (65) द्वारा शुक्रवार को थाना औबेदुल्लागंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुराने विवाद को लेकर मोनू जाटव, विक्की जाटव एवं अरविंद जाटव द्वारा गाली-गलौज कर हमला किया गया। आरोपियों ने कुल्हाड़ी और डंडों से फरियादी और उनके पति मदनलाल एवं पुत्र रामस्वरूप के साथ मारपीट की, जिससे गंभीर चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में गंभीर रूप से घायल मदनलाल जाटव का भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पांडेय द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी विक्की उर्फ विकास जाटव पिता शिवचरण जाटव (24) एवं मोनू जाटव पिता शिवचरण जाटव (21) दोनों निवासी ग्राम तामोट, थाना औबेदुल्लागंज, जिला रायसेन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया तथा उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा एवं कुल्हाड़ी जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। वहीं प्रकरण में तीसरे आरोपी अरविंद जाटव की तलाश जारी है।

# कोरबा में गले में चाकू लगाकर बोला सनकी आशिक, तू किसी और की हो नहीं सकती

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा*

*यहां एक सनकी प्रेमी ब्रेकअप के बाद भी गर्लफ्रेंड के पीछे पड़ा रहा। वह आए दिन उसके साथ मारपीट भी करता था। उसकी करतूत से तंग आकर प्रेमिका की मां बेटी को लेकर प्रेमी के घर समझाईश देने जा पहुंची। यह बात उस सनकी प्रेमी को नागवार गुजरी। उसने चाकू से हमला कर दिया। मां को बचाने के प्रयास में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मामले में पहले मारपीट की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा जोड़ते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग अपनी मां के साथ निवास करती थी। उसके घर मोहल्ले में ही रहने वाले राहुल सारथी का आना जाना था। पहले तो सबकुछ ठीक चलता रहा, थोड़े दिनों बाद राहुल गर्लफ्रेंड से गाली गलौच व मारपीट करने लगा।*

### पाकिस्तान की 'हूर' पहुंची रायपुर, जापान के मियाजाकी भी फैला रहे

# मेंगो फेस्टिवल में बस्तर से अफगानिस्तान तक की 200 से ज्यादा वैराइटी, 2 से15 इंच तक के आम









हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव में इस आम को प्रदर्शनी के लिए रखा गया है। इस महोत्सव में देश के कई राज्यों के 450 से अधिक किसानों ने कई किस्मों के 2000 से ज्यादा आमों का प्रदर्शनी लगाया है।इस आम महोत्सव में दुनिया की अलग-अलग आम की वैराइटी के अलावा छत्तीसगढ़ के बस्तर के जंगलों में होने वाले छोटे और गोल मटोल आम भी लोगों को लुभा रहे हैं। यहां पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आम भी हैं। सूरजपुर में रिटायर्ड जनरल मैनेजर ने मियाजाकी समेत कई आम लगाए हैं, जिनकी रखवाली खूंखार डॉग्स करते हैं। यह आम महोत्सव आज यानी 9 जून तक आम लोगों के लिए आयोजित किया गया है।

### हूर पाकिस्तानी आम भी, नेम प्लेट हटाई

*रायपुर की एक प्राइवेट संस्था ने आम की 50 से अधिक वैराइटी का शो-केस किया। इसमें एक आम का नाम हूर पाकिस्तानी था। इसका मतलब यह पाकिस्तान की अप्सरा है। एक आम की नस्ल को यह नाम दिया गया है। हालांकि, बाद में नेम प्लेट का हटा लिया गया। इस आम को लाने वाली संस्था के कर्मचारी विजय ने बताया कि, आम की वैराइटी को लेकर कुछ कंफ्यूजन था। इस वजह से नेम प्लेट हटा लिया गया है। हालांकि, चर्चा यह भी थी कि कुछ लोगों ने पाकिस्तानी नाम को लेकर आपत्ति जताई।*

चिंतन

# आतंकवाद पर एक्शन के बिना सिंधु जल संधि पर बात नहीं

आतंकवाद पर भारत का स्पष्ट संदेश है कि जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगा। पाकिस्तान को अब तक समझ जाना चाहिए कि वह जब तक आतंकवाद के खिलाफ संतोषप्रद कार्रवाई नहीं करता है, तब तक वह भारत से कोई अपेक्षा नहीं करे। पहलगाम में नृशंस आतंकी घटना के बाद भारत ने आतंकवादियों, आतंकी गुटों व दहशतगर्द की साजिश रचने वालों के खिलाफ कई कदम उठाए। कश्मीर स्थित आतंकी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, इससे साफ हो गया था कि पहलगाम आतंकी हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। उसके बाद भारत ने पाकिस्तान से सभी प्रकार के ट्रेड बंद किए, सीमा को बंद किया, पाक नागरिकों को वापस भेजा, उच्चायोग से कर्मियों की संख्या में कटौती की और सिधु जल समझौते को निलंबित किया। ऑपरेशन सिंदूर लांच करके भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किए। अभी दोनों मुल्कों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनी है, लेकिन भारत ने सिंधु जल समझौते को निलंबित ही रखा है। भारत ने पाकिस्तान को साफ बता दिया है कि भारत सिंधु जल संधि पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा, जब तक कि आतंकवाद के संबंध में नई दिल्ली की चिंताओं का समाधान नहीं हो जाता और संधि को पूरी तरह से नया रूप नहीं दे दिया जाता। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने कई बार भारत से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। अपनी भारतीय समकक्ष देबाश्री मुखर्जी को लिखे कई पत्रों में मुर्तजा ने बार-बार अपनी सरकार की ओर से नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की है। अभी भारत ने पाकिस्तान के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। मुखर्जी ने आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान को इस फैसले से अवगत कराया था। सिंधु जल संधि के मुताबिक, भारत से पाकिस्तान को सिंधु, झेलम व चिनाब नदियों के 80 फीसदी जल पहुंच रहे थे, भारत केवल 20 फीसदी ही अपने पास रख रहा था। इस समझौते के स्थगित होने से अब भारत बाध्य नहीं है। इन तीन नदियों के जल से न केवल पाकिस्तान के लोगों की प्यास बुझती है, बल्कि बड़े हिस्से में सिंचाई भी होती है। पूर्व में भारत और पाकिस्तान के संबंध कई बार खराब हुए, लेकिन भारत ने कभी जल प्रबंधित नहीं किया। इस बार पाकिस्तान के आतंकी गुटों ने मानवता की सारी हदें पार कर दी। भारत लंबे समय से आतंकी गुटों के खात्मे के लिए पाकिस्तान से कह रहा है, भारत में अनेक आतंकी हमले में पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट के हाथ रहे हैं, भारत ने डोजियर के जरिये इसके सबूत भी दिए हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी जमीं से आतंकवाद को खत्म करने के लिए तैयार नहीं दिख रहा है। अब भारत ने दो टूक कहा है कि पाकिस्तान पहले अपने यहां से आतंकवाद का सफाया करे, भारत को आश्वस्त करे कि उसकी एस्टाब्लिसमेंट (फौज और आईएसआई) सीमा पार से कोई भी आतंकी हरकत नहीं करेगी, इसके बाद ही जल समझौते के निलंबन को हटाने पर विचार होगा। पाकिस्तान को कड़ा सबक देना जरूरी है, भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा, ऑपरेशन सिंदूर भी जारी है।



दो टूक
सुरेश पचौरी

# आतंकवाद के खात्मे को केंद्र प्रतिबद्ध

ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण को एक माह पूरा होने जा रहा है। देशवासियों ने भारत की बहादुर सेना के अद्भुत पराक्रम को देखा है, लेकिन विपक्ष के कतिपय नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं वे न तो सामयिक हैं और न ही उनका कोई औचित्य दिखता है। जो प्रमुख प्रश्न उठाए जा रहे हैं, वे हैं : सीजफायर क्यों किया गया? क्या इस फैसले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कितनी सैन्य क्षति हुई? इस विषय में चर्चा के लिए संसद का सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा है? ये सवाल आज की परिस्थितियों में गैरवाजिब हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी है। इस कामयाबी का पूरा श्रेय भारतीय सेना को जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण को एक माह पूरा होने जा रहा है। देशवासियों ने भारत की बहादुर सेना के अद्भुत पराक्रम को देखा है, लेकिन विपक्ष के कतिपय नेताओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जिस तरह के प्रश्न उठाए जा रहे हैं वे न तो सामयिक हैं और न ही उनका कोई औचित्य दिखता है। जो प्रमुख प्रश्न उठाए जा रहे हैं, वे हैं : सीजफायर क्यों किया गया? क्या इस फैसले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दबाव डाला? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की कितनी सैन्य क्षति हुई? इस विषय में चर्चा के लिए संसद का सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा है? ये सवाल आज की परिस्थितियों में गैरवाजिब हैं। इन सारे सवालों के उत्तर उचित फोरम पर दिए जा चुके हैं।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को दिल दहला देने वाले आतंकी हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सीडीएस एवं तीनों सेना के अध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें की, रणनीति बनाई, लक्ष्य निर्धारित किया और आतंकवादियों के सफाये का अभियान शुरू किया, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। 7-8 मई की रात को भारत की सेना ने पाकिस्तान में लगभग 100 किलोमीटर घुसकर लक्षित हमला किया, जिसमें आतंकियों के नौ ठिकानों, उनके प्रशिक्षण शिविरों तथा पाक एयरबेस सिस्टम को तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने राफेल जेट, एससीएएलनी मिसाइलों तथा हैमर बमों का उपयोग करके केवल 22 मिनट में मिशन पूरा किया। वस्तुतः पहली बार किसी देश ने परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र के हवाई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। यह सामान्य साहस की बात नहीं है। दूसरी ओर आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के अनेक नेताओं, उच्च अधिकारियों तथा पाक सेना प्रमुख के शामिल होने से फिर इसकी पुष्टि हो गई कि आतंकवादियों के पाक सेना से बहुत गहरे संबंध है।

यह भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का नतीजा है कि महज 3-4 दिन में पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और युद्ध रोकने की गुहार करने लगा। भारतीय सेना से गहरी मार खाने के बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से 10 मई 2025 को निवेदन किया और अंततः भारत ने अपनी जबावी कार्यवाही को स्थगित कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कतर देश की यात्रा के दौरान स्वयं कहा है कि मैं यह नहीं कहता कि मैंने मध्यस्थता की है। ट्रंप के कथन को लेकर भारत के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और सेनाध्यक्षों ने जो सही वस्तुस्थिति बताई है, भरोसा उस पर ही किया जाना चाहिए। सीडीएस अनिल चौहान ने स्वयं कहा है कि इस युद्ध में भारत की एकतरफा जीत हुई है। सेना के शीर्ष नेतृत्व की बात ही युद्ध के संदर्भ में मानी जानी चाहिए। जहां तक संसदीय सत्र बुलाने की बात है, देश की सुरक्षा और युद्ध ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन पर सार्वजनिक चर्चा से यथासंभव बचना चाहिए।



ऑपरेशन सिंदूर के कई सकारात्मक पक्ष सामने आए हैं। पहला है, राजनीतिक इच्छा शक्ति, दूसरा सटीक और पुख्ता इन्टेलिजेन्स, तीसरा भारतीय सेना की प्रोफेशनल क्षमता और चौथा देश की एकजुटता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में, फिर 13 मई को आदमपुर में और इसके बाद बीकानेर में भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के प्रत्येक पहलू को स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है कि हमारी सेनाएं सतर्क हैं। हम पाकिस्तान की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने इस बात को कई बार जोर देकर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, साथ ही उन्होंने कहा कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चलेगा। अगर यह युग युद्ध का नहीं है तो आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं हैं, इससे पूरी दुनिया त्रस्त है।

प्रधानमंत्री की स्पष्ट घोषणा है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। सीमा पर प्रोक्सीवॉर नहीं चलेगा। पाकिस्तान से अगर बातचीत होगी, तो उसका एजेंडा आतंकवाद की समाप्ति एवं पीओके होगा। भविष्य में आतंकवादी घटनाएं हुई तो उसे 'एक्ट ऑफ वॉर' मानकर ही कार्रवाई होगी। हम गोली का जबाब गोलों से देंगे। प्रधानमंत्री के इस तरह दो टूक वक्तव्यों के बाद अब किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑपरेशन सिंदूर के सम्बन्ध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए जो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अनेक देशों में भेजा और उन सदस्यों ने जिस कुशलता से भारत का पक्ष रखा उससे उन देशों के मन में उठ रहे सारे प्रश्नों का उत्तर मिल गया होगा। दूसरी ओर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, सुश्री कनीमोजी, सुप्रिया सुले, प्रियंका चतुर्वेदी और अस्सुद्दीन ओवेसी आदि पर कुछ लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के कांग्रेस पार्टी के सदस्यों पर कांग्रेस के ही कुछ लोगों द्वारा उठाए जा रहे सवाल दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

स्मरणीय है कि 1994 में पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत को घेरने की रणनीति बनाई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानते हुए तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय प्रतिनिधिमंडल का मुखिया बनाकर जिनेवा भेजा था। अटल की बुद्धिमत्ता, उनकी तर्कपूर्ण पैरवी और नरसिंह राव की कूटनीति के सामने पाकिस्तान का झूठ टिक नहीं पाया। जो दायित्व देशहित में अटल बिहारी वाजपेयी ने विपक्षी नेता के रूप में उस समय निभाया था, वही दायित्व अभी कांग्रेस के शशि थरूर, सलमान खुर्शीद, आनन्द शर्मा, मनीष तिवारी ने निभाया है, और इन्होंने पाक को बेनकाब किया है। कांग्रेस के जो नेता अपने साथियों की प्रतिनिधिमंडल में भूमिका पर तरह-तरह के प्रश्न उठा रहे हैं, यह अनुचित है, चूंकि पाकिस्तान इस तरह के वक्तव्यों को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार में उपयोग करता है।

यह भी याद रखना होगा कि 26 नवम्बर, 2008 को जब लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित आतंकवादियों ने मुंबई पर सबसे बड़ा हमला किया था, जिसमें 160 से अधिक लोगों की जानें गई थीं उस समय तत्कालीन सरकार ने क्या-क्या कार्रवाई की थी? आज जब ऑपरेशन सिंदूर पर अनावश्यक प्रश्न उठाए जा रहे हैं तो मुंबई हमले के बाद तत्कालीन सरकार की भूमिका से भी इसकी तुलना होगी।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दरकार
मानस गर्ग



# सख्त डाटा सुरक्षा कानून बने

रमेश कुमार का मोबाइल फोन इन दिनों हर कुछ मिनट में घनघनाता रहता है। वो बेहद परेशान हैं। आखिर उनका मोबाइल नंबर कैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के पास पहुंच गया? कैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स को यह जानकारी मिल गई कि उनकी बेटी ने कक्षा 12 की परीक्षा पास की है? यह पीड़ा केवल अकेले रमेश कुमार की नहीं है, देशभर में ऐसे लाखों अभिभावक हैं, जिनका डाटा कहीं न कहीं साझा कर दिया गया है। न केवल मार्केटिंग कंपनियों के पास आम नागरिक का डाटा है, बल्कि एजुकेशन इंस्टीट्यूट, मेडिकल इंडस्ट्री और ऐसी अनेक ऑर्गेनाइजेशन्स की आम नागरिक के डाटा तक आसान पहुंच बन चुकी है। शायद यही कारण है कि भारत सरकार को डाटा गोपनीयता को लेकर नया कानून लाने पर विचार करना पड़ा है। जनवरी 2025 में इसका एक ड्राफ्ट भी सामने आ चुका है, लेकिन गंभीर सवाल यह है कि क्या डाटा गोपनीयता कानून के बाद लोगों को राहत मिलेगी, क्योंकि जिस अंदाज में कंपनियां हमारे डाटा को लेकर व्याकुल हैं, उन्हें शांत करना आसान नहीं होगा। सरकार को बेहद कड़े कदम उठाने होंगे। अब एक नागरिक की पहचान केवल आधार नंबर या पेन कार्ड भर से नहीं रह गई है, बल्कि डिजिटल उपस्थिति से भी उसकी पहचान गाढ़ी जा रही है। फिर वही सवाल, क्या डिजिटल पहचान की सुरक्षा के लिए आम नागरिक के पास कोई अधिकार है? क्या आम नागरिक को यह जानने का अधिकार है कि उसका डाटा कहां, कैसे और क्यों इस्तेमाल हो रहा है? दरअसल, मार्केटिंग कंपनियों और कई संस्थाओं के लिए हमारा डाटा एक नया फ्यूल बन गया है। इसे विज्ञापन प्रोफाइलिंग और कई बार धोखाधड़ी के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। डिजिलॉकर से आधार नंबर संबंधी डिटेल्स बाहर आने के कई मामले सामने आए हैं, इसलिए डाटा की सुरक्षा सिर्फ एक तकनीकी मुद्दा भर नहीं रह गया है, बल्कि यह एक नीतिगत और नैतिक विषय भी है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमने देखा कि किस तरीके से देश में सीमा पार से साइबर अटैक बढ़े। साइबर अपराधी आम नागरिक के बैंक अकाउंट में सेंध लगा लेते हैं। केवल डाटा सुरक्षा नहीं, साइबर सुरक्षा को लेकर भी सरकार को बड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। अब जरा, यूरोपीय संघ के जनरल डाटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (जीडीपीआर) पर नजर डालते हैं। वर्ष 2018 में यूरोपीय संघ ने इसे लागू किया था, जिसमें डाटा को निजात का हिस्सा और मानवाधिकार माना गया। इस यूरोपीय मॉडल के अनुसार नागरिकों को कई अधिकार दिए गए हैं। उनकी बिना अनुमति डाटा नहीं लिया जा सकता। आम नागरिक को यह जानने का अधिकार होता है कि कौन डाटा रख रहा है और क्यों रख रहा है? वह उपयोगकर्ता से अपने डाटा को मिटवा भी सकता है। एक सेवा से दूसरी में डाटा ट्रांसफर कर सकता है। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने भी इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट, जिसे डीपीडीपीए भी कहा जाता है, को पारित किया। यह कानून यूरोपीय संघ के जीडीपीआर से प्रेरित है, लेकिन भारत की जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार इसे तैयार किया गया है। डीपीडीपीए के तहत आम नागरिक को सहमति का अधिकार है, यानी बिना उसकी स्पष्ट अनुमति के कोई डाटा नहीं लिया जा सकता है। उसे यह जानने का अधिकार है कि कौन, क्यों और कैसा डाटा इस्तेमाल कर रहा है? उसे सुधार और हटवाने का अधिकार है। उसे शिकायत का अधिकार दिया गया है, यानी यदि उसके डाटा का दुरुपयोग हुआ है तो शिकायत की करने की एक प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यदि जीडीपीआर और डीपीडीपीए का तुलनात्मक अध्ययन करें तो पाएंगे कि जहां जीडीपीआर में डाटा की परिभाषा व्यापक और स्पष्ट है, वहीं डीपीडीपीए में कुछ मामलों में अस्पष्टता नजर आती है। भारत जैसे देश में डिजिटल साक्षरता अभी भी बड़ी चुनौतियों भरी है। भारत में डीपीडीपीए का सफल क्रियान्वन तभी होगा, जब शिक्षा, जन-जागरुकता और टेक्नोलॉजिकल जवाबदेही साथ-साथ चलें। डीपीडीपीए-2023 भारत के डिजिटल लोकतंत्र की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह न केवल बड़ा तकनीकी बदलाव है, बल्कि सामाजिक और नैतिक घोषणा भी है। भारत का प्रत्येक नागरिक सिर्फ डाटा उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि उसका स्वामी भी है। भारत में मौलिक अधिकारों में डाटा नियंत्रण को भी शामिल करने की जरूरत है। डाटा सुरक्षा का विषय स्कूलों में पाठ्यक्रम में भी शामिल करना चाहिए। जिस तरीके से कंपनियों की पहुंच डाटा तक आसानी से हो रही है, यह चिंतनीय है। उम्मीद यही है कि केंद्र सरकार ठोस कदम उठाएगी, ताकि आम नागरिक का डाटा सुरक्षित रहे। बिना उसकी अनुमति के उसके डाटा का उपयोग न हो सके।

(लेखक साइबर सिक्योरिटी एवं आईटी एक्ट के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## हमारी जिंदगी का लक्ष्य क्या है, क्या चाहती है



संकलित
दर्शन

क्या जिंदगी की पुकार, जैसा कुछ होता है? कैसे जानें कि हमारी जिंदगी हमसे क्या चाहती है? सद्गुरु- मैं चाहता हूं कि यह आप ठीक से समझ लें, कि जिंदगी की पुकार जैसी चीज तो नहीं होती, लेकिन जिंदगी आपको हमेशा पुकार रही है, आपसे कुछ कह रही है, भीतर से भी और बाहर से भी। जब आप जीवन की पुकार का सचमुच जवाब देंगे, तभी आप जीवन को उसकी संपूर्णता में जान पाएंगे। अगर जीवन आपको पुकार रहा है, तो बड़ी लगन और जुनून से आपको उसकी तरफ जाना होगा, हिचकिचा कर हिसाब लगाते हुए नहीं।इसलिए नहीं कि आपका अहं जो हमेशा कुछ अलग करने की चाह रखता है, तुष्ट हो सके। बल्कि इसलिए कि आप अपनी पूरी क्षमता के साथ अपनी जिंदगी जी सकें। अगर जिंदगी के हर पहलू को ले कर आपमें एक जुनून है, तो आप आसानी से समझ जाएंगे कि आप किस काम में अच्छे हैं। हो सकता है आप किसी ऐसे काम में अच्छे हों, जो आपने अभी तक किया ही न हो। हर उस चीज में जोश व जुनून के साथ शामिल होना चाहिए, जिसे आपकी पांचों इंद्रियां महसूस कर सकती हों। यह जुनून सबको अपने में शामिल कर लेने वाला होता है। सही अर्थों में देखा जाए तो यही करुणा है। करुणा का मतलब दया भाव नहीं है, यह तो एक साधन है, बिना किसी पूर्वाग्रह के शामिल होने का। जिस क्रम में जीवन घटित होता है, उसमें सबसे पहले है होना, फिर करना और तब पाना। लेकिन आजकल लोग हमेशा सबसे पहले पाने के बारे में सोचते हैं।

## प्रेम के पांच पुष्प बाण यानी हमारी इंद्रियां



संकलित
प्रेरणा

भारतीय पौराणिक कथाओं में प्रेम के देवता का एक नाम अनंग है। अनंग का अर्थ है, जिसके शरीर का कोई अंग न हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रेम निराकार होता है। उसके पास एक धनुष और पांच बाण रहते हैं। ये पांच बाण पांच फूलों से बने होते हैं यानी हमारी पांच इंद्रियां। और जब वे इन पांच फूलों से तुम्हें छूता है, तो इन्हीं इंद्रियों के माध्यम से तुम कुछ ऐसा अनुभव करते हो जो इंद्रियों से परे है। और तुम्हारे भीतर गहराई में एक सौंदर्य की लहर उठती है जो मधुर शहद की तरह रस पैदा करती है। जब आप कुछ भी अद्भुत अनुभव करते हैं, चाहे वह संगीत हो या कोई सुगंध या किसी प्रियजन का संपर्क तो आपकी आंखें अपने आप बंद हो जाती हैं और आप सौंदर्य के सागर में डूब जाते हैं। आप अपने स्वभाव में आ जाते हैं। ऐसे क्षणों में आप साकार से निकलकर उस निराकार में विलीन हो जाते हैं। आपके भीतर ऊर्जा एक नई दिशा में बहने लगती है। जैसे ध्यान में उत्थान का आभास होता है, चिरस्थायी आनंद का अनुभव होता है। जिस तरह वसंत ऋतु में सारी सृष्टि खिल उठती है, पक्षी गाते हैं, वृक्ष फूलों से लद जाते हैं, वैसे ही जब आपके भीतर ऊर्जा जागती है, तो विस्मय होता है। आप आलस्य और जड़ता त्याग देते हैं और नए जीवन का उदय होता है। अगर यह ऊध्र्वगमन जीवन में न हो, तो आप नीरस हो जाते हैं। और इंद्रियों का अत्यधिक उपभोग करते-करते आप और भी जड़ हो जाते हैं। सृष्टि आपकी पांच इंद्रियों पर पांच बाणों से चोट करती है, आपके भीतर गहराई में सौंदर्य की भावना जगाने के लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### परेशानी का कारण न बने रील्स

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *- हेमेन्द्र कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

### भिखारियों से बेइज्जती कार्रवाई करेगी पाक सरकार



सऊदी, संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों में भिखारियों को लेकर पाकिस्तान की फजीहत अब आम बात हो गई है। फटेहाल पाकिस्तान के भिखारी यूएई, कतर, ओमान, इराक और मलेशिया जैसे देशों से भी भगाए जा रहे हैं। सऊदी अरब ने बीते 16 महीनों में 5 हजार से अधिक पाकिस्तानी भिखारियों को डिपोर्ट किया है। भिखारियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती झेल रहे पाकिस्तान ने डिपोर्ट किए गए अपने लोगों के खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। ये सभी अंतरराष्ट्रीय भिखमंगी सिंडिकेट का हिस्सा हैं। पाकिस्तान ने भिखारियों का पासपोर्ट कैंसिल करने, उन पर पांच साल का ट्रैवल बैन लगाने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। डिपोर्ट किए गए 7,873 भिखारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में अनुमान लगाया था कि पाकिस्तान के 2.2 करोड़ लोग भिखमंगी में संलिप्त हैं जो हर साल 42 अरब पाकिस्तानी रुपये का योगदान देते हैं। पाकिस्तान के भिखारी विदेशों में भीख मांगकर लाखों कमाते हैं जो देश की जीडीपी का अहम हिस्सा है। ऐसे में पाकिस्तान भिखारियों के मुद्दे पर तब तक आंख मूंदे था।

## ऑफ बीट

### चींटियों ने तैयार किया था मंदिर का नक्शा

हिमाचल प्रदेश के करसोग की पहाड़ियों के बीच एक रहस्यमय मंदिर है चिंडी माता मंदिर। इस मंदिर की देवी मां चंडी हैं। ये मंदिर शिमला के रास्ते पर करसोग से 13 किमी. पीछे स्थित है। वहीं ये रहस्यमय मंदिर हिमालय के आकर्षण का केंद्र भी है। चिंडी माता मंदिर को कई चीजें खास बनाती हैं। जैसे इसका रहस्यमयी इतिहास, प्राचीन आठ भुजाओं वाली पत्थर से बनी मूर्ति। कहा जाता है कि नि:संतान का मां संतान का वरदान देती है, वहीं कहा जाता है कि चिंडी माता मंदिर का नक्शा किसी इंसान के हाथ से नहीं, बल्कि मेहनती चींटियों ने तैयार किया था। सदियों से चल रही कहानियों की मानें तो माता रानी कन्या रूप में प्रकट हुई थी। चींटियों की डोर बनाकर नक्शा तैयार किया था और माता ने मंदिर का निर्माण खुद किया था। मान्यताओं के अनुसार नक्शे की जानकारी माता ने पंडित को स्वप्न में आकर दी थी। इतना ही नहीं उसके बाद मंदिर के तालाब और भंडार का नक्शा भी चींटियों ने ही बनाया था। ये मंदिर लकड़ी से बना है और देखने में बेहद आकर्षक और सुंदर लगता है, इस मंदिर में कई मंजिलें हैं, छतों पर कुलदेवताओं के प्रतीक उकेरे गए हैं। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यहां आने वाले नि:संतान भक्तों को संतान की प्राप्ति होती है।



## ट्रेंड

### सेवाभाव के ग्यारह साल



बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव से लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चुनाव आयोग का अच्छा कदम



मतदाता सूची सौंपने के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाया गया पहला अच्छा कदम। क्या चुनाव आयोग कृपया यह बता सकता है कि यह डेटा डिजिटल, मशीन-पठनीय प्रारूप में कब तक सौंप दिया जाएगा?

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता



सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति प्रदान करतीं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना, जन धन योजना आमजन के जीवन को सुगम बनाने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### ऐसे लोगों से दूर रहें



उन लोगों से दूर रहें जो आपको थका देते हैं। ऐसी बहसों से दूर रहें जो कभी खत्म नहीं होतीं। अपनी योग्यता साबित करने के लिए लोगों को खुश करने की कोशिश न करें। नकारात्मकता से दूर जाने वाला हर कदम शांति की ओर एक कदम है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 2,500 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर लक्षद्वीप पहुंची सैनुद्दीन की पार्थिव देह...

## सिक्किम में आए भूस्खलन में लापता हुए सेना के 6 जवानों में से एक थे सैनुद्दीन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी सिक्किम के छातेन में इस महीने की शुरुआत में भूस्खलन की चपेट में आए सेना के शिविर से लापता हुए 6 में से 1 जवान सैनुद्दीन पी.के का शव बीते रविवार को करीब आठ दिन बाद मंगन जिले में बरामद कर लिया गया था। लेकिन इसके बाद उन्हें जिस तरह से एक बेहद अनोखे संयुक्त-सैन्य अभियान (सेना, वायुसेना और नौसेना) के जरिए अंतिम विदाई दी गई। वह दिखाता है कि सशस्त्र सेनाओं में जब किसी सैन्यकर्मी को अंतिम विदाई दी जाती है तो उसकी पहचान उसके रैंक और पद से ऊपर केवल देश के एक सच्चे सपूत के रूप में ही की जाती है। सेना ने लापता जवानों के लिए युद्धस्तर पर बचाव-राहत अभियान चलाया है। यह जानकारी सेना ने 9 जून को जारी अपने एक बयान में दी। उधर, मंगन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने कहा कि अन्य लापता लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। भूस्खलन में सेना के 3 जवानों की जान चली गई थी। जबकि 4 अन्य घायल हो गए थे।

### 2500 किलोमीटर की दूरी तय की गई

सेना ने कहा कि सैनुद्दीन लक्षद्वीप के एंद्रोथ के रहने वाले थे। इसलिए उनकी अंतिम यात्रा के लिए उत्तरी सिक्किम से लक्षद्वीप तक 2 हजार 500 किलोमीटर की लंबी दूरी का भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना का एक अनोखा सैन्य अभियान चलाया गया। जिसमें तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता देखने को मिली और उन्हें स्थानीय प्रशासन ने भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस पूरी कवायद में सेना के हेलिकॉप्टर, वायुसेना के सी-295 विमान को तैनात किया गया। ताकि बिना किसी बाधा के यह पूरा अभियान अपने निर्धारित समय के साथ पूरा किया जा सके। जवान का शव मिलने के बाद बैंगडूबी सैन्य स्टेशन पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। फिर एंद्रोथ में भारतीय नौसेना ने जवान की पार्थिव देह के समक्ष गार्ड ऑफ आर्नर दिया।

**पूरे सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई।**



### 2012 में सेना में शामिल हुए सैनुद्दीन

सैनुद्दीन.पी.के का जन्म लक्षद्वीप के एंद्रोथ में 20 दिसंबर 1991 को हुआ था। सेना में वह 24 मार्च 2012 में शामिल हुए। 13 साल से अधिक की सैन्य सेवा के दौरान उनकी बल के बेहद जटिल रणनीतिक भौगोलिक परिस्थितियों में तैनाती रही। जिसमें सियाचिन ग्लेशियर जैसा दुनिया का सबसे ऊंचा रणक्षेत्र भी शामिल है। सैनुद्दीन ड्यूटी पर अपने पेशेवराना अंदाज, अनुशासन और समर्पण को लेकर अपने साथी जवानों और वरिष्ठों के बीच अच्छी पहचान रखते थे। उनकी इस दुखद मृत्यु को लेकर उनके कमांडिंग अधिकारी ने कहा कि सिपाही सैनुद्दीन पी.के में भारतीय सेना के पेशेवर आचरण, अखंडता और समर्पण की शानदार परंपरा मौजूद थी। भले ही वो सियाचिन पर तैनात रहे हों या सिक्किम में। उन्होंने हमेशा अपने साहस से सभी रैंक को प्रभावित किया। उनके जीवन का ये बलिदान अज्ञात खतरे के बीच भी राष्ट्रसेवा की भावना को प्रदर्शित करेगा। एक सैनिक के रूप में हम उन्हें सलाम करते हैं। एक साथी और भारत के एक बेटे के रूप में उनकी यादें हमेशा हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी।

### जवानों को मातृभूमि से जोड़ता एकता का सूत्र

अपनी तरह के इतने लंबे सैन्य राहत एवं बचाव अभियान के दौरान सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों के बीच बेहतरीन सामंजस्य और तालमेल देखने को मिला। एक प्रकार से यह उनके सम्मान में दिया गया नेशनल सैल्यूट है। इसके अलावा ये दिखाता है कि सेनाओं और संस्थानों से इतर जवानों के बीच एकता का ही सूत्र है, जो उन्हें अपनी मातृभूमि से हमेशा जोड़े रखता है।

---

### उद्देश्य अधिकाधिक प्रवासी मतदाताओं को भागीदारी के लिए सक्षम बनाना

# मुख्य चुनाव आयुक्त स्वीडन की यात्रा पर, चुनाव प्रबंधन में विश्व बिरादरी को बतायेंगे भारत की लांकतांत्रिक व्यवस्था

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

**भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। उन्होंने चुनाव में प्रवासी मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और डाक मतपत्र प्रबंधन प्रणाली...**

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार 10-12 जून, 2025 तक आयोजित होने वाले चुनावी सत्यनिष्ठा पर अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्वीडन में भारतीय प्रवासियों के साथ एक यादगार बातचीत की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त महोदय ने अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारत के प्रवासी नागरिकों (ओसीआई) के बीच समावेशी भागीदारी और नागरिक सहयोग पर निर्वाचन आयोग के फोकस को दोहराया। उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रणाली और डाक मतपत्र प्रबंधन प्रणाली (ईटीपीबीएमएस) के इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन जैसी की गई पहलों पर प्रमुखता से प्रकाश डाला, जिनका उद्देश्य अधिकाधिक प्रवासी मतदाताओं को भागीदारी के लिए सक्षम बनाना है।

चुनाव प्रबंधन में भारत की अग्रणी भूमिका को महत्व देते हुए, ज्ञानेश कुमार को कल से प्रारंभ होने वाले इस सम्मेलन में उद्घाटन मुख्य-भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारतीय चुनावों का व्यापक स्तर और इस प्रक्रिया में शामिल साजो-सामान की विशाल मात्रा विश्व भर के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के बीच गहरी दिलचस्पी को प्रदर्शित करती है। लगभग 50 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिभागी इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं, जिसका आयोजन स्वीडन के विदेश मंत्रालय, स्वीडन के निर्वाचन प्राधिकरण और ऑस्ट्रेलियाई निर्वाचन आयोग के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन सहायता संस्थान (इंटरनेशनल आईडीईए) द्वारा किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त आज अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए के महासचिव श्री केविन कैसास-ज़मोरा के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए के वरिष्ठ पदधारियों के साथ अपनी बैठकें प्रारंभ करेंगे।

इसके बाद, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, मैक्सिको, मंगोलिया और स्विटजरलैंड सहित लगभग 20 देशों के मुख्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ विस्तृत व्यक्तिगत द्विपक्षीय बैठकें होंगी, जो आने वाले दिनों में वैश्विक लोकतांत्रिक सहयोग और सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगी। ज्ञानेश कुमार अन्य वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ भी बातचीत करेंगे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए की निदेशक (एशिया-प्रशांत) सुश्री लीना रिक्किला तमांग, नामीबिया के निर्वाचन आयोग की अध्यक्ष डॉ. एल्सी टी. न्घिकेम्बुआ और मॉरीशस के निर्वाचन आयुक्त अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान शामिल हैं।

स्टॉकहोम सम्मेलन ईएमबी के प्रमुखों, नीति निर्माताओं और संस्थागत नेताओं को चुनावी सत्यनिष्ठा के लिए समकालीन चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच पर लाएगा। जोर दिए जाने वाले मुख्य क्षेत्रों में दुष्प्रचार, डिजिटल व्यवधान, चुनावी सुरक्षा, जलवायु से जुड़े जोखिम और चुनावों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका शामिल है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, भारत ने अपने संस्थागत नवाचारों और लोकतांत्रिक अनुभवों के माध्यम से वैश्विक विमर्श में सक्रिय रूप से योगदान करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए के साथ एक दीर्घकालिक साझेदारी बनाए रखी है। विभिन्न क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों और सम्मेलनों के माध्यम से, भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, आईआईआईडीईएम भी चुनावी प्रबंधन की उत्कृष्टता के लिए एक अग्रणी संस्थान के रूप में उभर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त, ज्ञानेश कुमार एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें आईआईआईडीईएम के महानिदेशक राकेश वर्मा, उप महानिदेशक (विधि) विजय कुमार पांडे और प्रधान सचिव राहुल शर्मा सहित निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

---

# तेलंगाना में पाम ऑयल की खेती बढ़ाने पर अनुसंधान करें वैज्ञानिकः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

- कहा, बाजार हस्तक्षेप योजना से होगा टमाटर, आलू, प्याज के किसानों को लाभ
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना में किसानों से किया संवाद



'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेलंगाना में किसानों से संवाद किया। सबसे पहले वह तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मनसनपल्ली गांव में किसानों से मिले। फिर रामचंद्रगुडा गांव जाकर किसान चौपाल में किसानों से मुलाकात की। केंद्रीय कृषि मंत्री को किसानों ने बताया कि वह विविधिकरण और एकीकृत खेती की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एकीकृत खेती से उन्हें लाभ पहुंच रहा है और उनके उत्पादन और आमदनी में बढ़ोतरी हुई है। किसान चौपाल के बाद चौहान ने मंगलपल्ली, इब्राहिमपट्टनम में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सबकी सामूहिक भागीदारी के साथ 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरुआत की गई है। लैब से लैंड को जोड़ने के लिए प्रयास हुआ है। वैज्ञानिक गावं-गांव जाकर किसानों तक शोध की सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। जिसके लिए 16 हजार वैज्ञानिकों की 2,170 टीमों का गठन किया गया है। क्षेत्र विशेष की जरूरतों, जलवायु और मिट्टी की उर्वरक क्षमता के अनुसार खेती की सही पद्धति और फसल की किस्मों की जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। किसान ही असली वैज्ञानिक है। इसलिए मैंने वैज्ञानिकों को निर्देश दिया है कि वह किसानों की व्यावहारिक समस्याओं को भी सुनें और आगे शोध का रास्ता उसी के अनुसार तय करें।

उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की विश्व स्तर पर पहचान स्थापित करने की कोशिश होगी। तेलंगाना का भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान पूरी दुनिया को दिशा देगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। तेलंगाना में पाम ऑयल की खेती कैसे बढ़े, इस पर भी अनुसंधान होगा। रंगारेड्डी जिले में किसानों द्वारा किए गए नवाचार देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। पाम और पपीते की खेती को एक साथ करके कृषि उन्नति के तरीके देखें। टमाटर की खेती देखी, फूलों की खेती देखी, किसान नर्सरी तैयार कर रहे हैं, इन उन्नत कृषि प्रयासों के लिए मैं अपने किसान भाइयों-बहनों को धन्यवाद देता हूं। हम देश में भी अनुसंधान करेंगे और विदेशों के भी सफल अनुसंधान आप तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हाल ही में हमने बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) बनाई है, जिसके तहत टमाटर, आलू, प्याज के उत्पादन को किसान यदि दूसरे राज्यों में बेचना चाहे तो परिवहन की लागत केंद्र सरकार द्वारा उठाई जाएगी। भंडारण की भी व्यवस्था की जाएगी। छोटी जोत वाले किसानों को कैसे अधिक से अधिक लाभ पहुंचे, इसके लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। एकीकृत खेती के मॉडल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, सांसद कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, सांसद चामला किरण कुमार रेड्डी, विधायक, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम एल जाट, वैज्ञानिक, भारत सरकार व राज्य सरकार के अधिकारी शामिल रहे।

---

# नए जिलों के गठन पर कमेटी की रिपोर्ट मिलते ही सरकार लेगी निर्णय : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नए जिलों के गठन को लेकर बनी कमेटी प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर रही है और जैसे ही समिति की रिपोर्ट आएगी, सरकार उस पर निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री सोमवार को हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर हिसार से चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट सेवा के शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सैनी ने देश की सुरक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त जवाब देता है। उन्होंने उरी, पुलवामा और हाल ही की पहलगाम जैसी घटनाओं के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करता है, जिससे देशवासियों का आत्मविश्वास मजबूत हुआ है।

### सीएम सैनी ने कहा-कांग्रेस में केवल लंगड़े घोड़े बचे हैं

जातिगत सर्वेक्षण से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई रुकावट नहीं है और प्रक्रिया निर्धारित प्रणाली के अनुसार आगे बढ़ रही है। अयोध्या फ्लाइट के दिल्ली डायवर्जन से जुड़ी समस्या पर उन्होंने स्पष्ट किया कि मौसम की गंभीर परिस्थितियों में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर पायलट और एविएशन टीम निर्णय लेती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हाल ही के हरियाणा दौरे पर दिए गए ब्यान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस में केवल लंगड़े घोड़े बचे हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि बारात का घोड़ा, रेस का घोड़ा और लंगड़ा घोड़ा, इस प्रकार के बयान कांग्रेस के नेतृत्व की स्थिति को दर्शाते हैं और संगठन की निष्क्रियतापर सवाल उठाते हैं। कांग्रेस ने 55 साल राज किया, लेकिन उन्होंने जनता के लिए कुछ नहीं किया।

---

### मोदी सरकार ने 11 साल में हासिल की कई उपलब्धियां

# भारत की विकास गति को लगे नए पंख, हर दिन बन रहे हैं 4 से ज्यादा नए 'लोकोमोटिव'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे की लोकोमोटिव निर्माण इकाइयों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 1,681 लोकोमोटिव का उत्पादन करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह पिछले वित्तीय वर्ष




2023-24 में उत्पादित 1,472 लोकोमोटिव की तुलना में 209 लोकोमोटिव या 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, देश में हर दिन 4 से ज़्यादा नए लोकोमोटिव बन रहे हैं। रेल मंत्रालय के इस वर्ष के अप्रैल माह में जारी एक बयान मुताबिक, भारत रेलवे लोकोमोटिव निर्माण में ग्लोबल लीडर के रूप में सामने आया है, जिसने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,681 लोकोमोटिव का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। यह रिकॉर्ड-तोड़ उत्पादन देश में लोकोमोटिव निर्माण के लिए अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और क्षमता को बढ़ाने में सभी इकाइयों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दर्शाता है।यह उपलब्धि संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्षेत्रों के कुल लोकोमोटिव उत्पादन को पार कर गई है, जो वैश्विक रेलवे क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की पुष्टि करता है।

---

### भारत में बढ़ रहे हैं नए वैरिएंट के मामले

# देश में कोरोना के एक्टिव मामले 64,00 से ज्यादा, नए एक्सएफजी वैरिएंट के 163 केस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीते करीब 20 दिनों से देश में कोरोना की एक नई लहर देखी जा रही है। हर दिन के साथ संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। 22 मई को जहां कुल एक्टिव मामले 257 थे, वो सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर साझा किए गए



रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 6491 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में ही संक्रमण के 358 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 624 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

देश में मुख्यरूप से ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स एनबी.1.8.1 को प्रमुख माना जा रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर एक्सएफजी वैरिएंट के भी केस रिपोर्ट किए जा रहे हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक देश में नए उभरते कोविड-19 वैरिएंट एक्सएफजी के अब तक 163 मामले पाए गए हैं। इंडियन सार्स-सीओवी-2जीनोमिक्स कंसोर्टियम द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में इस नए कोविड वैरिएंट के 163 से मामले सामने आ चुके हैं।

---


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रवि शंकर पुत्रः बाल किशन, पताः** आर जैड–ए1/107, विजय एन्कलेव, पालम रोड़, नई दिल्ली, **CTC No. 420/421/422/423/2019,** इस मामले में शुमैला जावेद और एएनआर एबीडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, थानाः साकेत, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि शंकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CTC No. 420/421/422/423/2019,** थानाः साकेत, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रवि शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**दक्षिणी कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, दिल्ली**

DP7376/SD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी यतेंद्र सिंह, पुत्रः** योगेंद्र कुमार सिंह, **पताः** मकान नं. ए–228 महा लक्ष्मी एन्क्लेव नई दिल्ली **FIR No. 53/2022, U/s: 33/52 Delhi Excise Act, Dt. 06.01.22, पुलिस थाना नेब सराय, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यतेंद्र सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यतेंद्र सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **यतेंद्र सिंह, FIR No. 53/2022, U/s: 33/52 Delhi Excise Act, Dt. 06.01.22, पुलिस थाना नेब सराय, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (दक्षिण)**
**कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/7178/SD/2025
(Court Matter)


---

### कांग्रेसियों ने मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को निशाना बनाया

# वादे बनाम हकीकतः कांग्रेस पार्टी ने कहा केंद्र की 11 साल की उपलब्धियों का जश्न खोखला, वादों से कोसों दूर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के जश्न से पहले कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार की कथित रूप से अब तक की विफलता पर बकायदा कलमबद्ध पुस्तिका निकाली। पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब सरकार की अब तक की उलब्धियों को बताने पत्रकारों के समक्ष सामने आना चाहिए था तो उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को आगे कर दिया। दूसरी ओर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रोफेसर राजीव गौड़ा और श्रीमती महिमा सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल (मोदी 3.0) के एक साल पूरे होने और 'वादे बनाम हकीकत' थीम के तहत सरकार की नीतियों और उपलब्धियों की समीक्षा करने के लिए पत्रकारों को आमंत्रित किया। कांग्रेस नेताओं ने मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को निशाना बनाते हुए दावा किया कि सरकार ने अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने आर्थिक नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, और




सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर सरकार की कमियों को उजागर करने की कोशिश की।

एआईसीसी के रिसर्च डिपार्टमेंट के चेयरमैन प्रोफेसर राजीव गौड़ा ने मोदी सरकार की नीतियों को 'जनविरोधी' करार दिया और आंकड़ों के साथ तर्क दिया कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के दावे वास्तविकता से कोसों दूर हैं। महिमा सिंह ने सामाजिक न्याय और समावेशिता के मुद्दों पर जोर दिया, यह कहते हुए कि सरकार की नीतियां समाज के कमजोर वर्गों, जैसे किसानों, युवाओं, और महिलाओं, के हितों की अनदेखी करती हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी 3.0 के पहले वर्ष की विफलताओं पर प्रकाश डाला गया। नेताओं ने कहा कि सरकार ने 2024 के लोकसभा चुनावों में किए गए वादों, जैसे 'अच्छे दिन' और 'विकसित भारत', को लागू करने में कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई। उन्होंने हाल के ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले जैसे मुद्दों पर भी सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की, यह दावा करते हुए कि सरकार ने इन मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी दिखाई। सेना के काम का राजनीतिकरण करने की कोशिश की गई। राजीव गौड़ा और महिमा सिंह ने कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दोहराया कि वे सरकार की नीतियों के खिलाफ विपक्ष के रूप में मजबूती से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को संसद और सड़क दोनों पर उठाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि कांग्रेस आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करेगी, विशेष रूप से युवा और महिला कार्यकर्ताओं को आगे लाकर, ताकि 2029 के लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

---


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के तहत वार्ड नं. 21 में न्यू विजय नगर और शीतल नगर में सी.सी. गलियों का निर्माण। | 06.06.2025 16.06.2025 | 57.94 लाख | https:/etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 7 एम.सी. रोहतक में नागरिक सुविधा केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 06.06.2025 16.06.2025 | 12.75 लाख | https:/etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एचएसवीपी कार्यालय से जाट भवन, रोड, रोहतक पर स्थित सम्प्स हेतु डीजी सैट और अन्य एक्सेसरीज की आपूर्ति और स्थापना। | 06.06.2025 16.06.2025 | 33.38 लाख | https:/etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/60/35459/I/88/7 दि. 09.06.25

# माइक्रॉन सेमीकंडक्टर और एकस ग्रुप को एसईजेड इकाई लगाने मिली मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने को माइक्रॉन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया और हुबली ड्यूरेबल गुड्स क्लस्टर (एकस ग्रुप) को मंजूरी दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को बयान में इन प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी।

बयान के मुताबिक, माइक्रॉन 13,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से गुजरात के साणंद में 37.64 हेक्टेयर क्षेत्र में अपना एसईजेड विकसित करेगी जबकि एकस ग्रुप 100 करोड़ रुपये के निवेश से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के विनिर्माण के लिए कर्नाटक के धारवाड़ में 11.55 हेक्टेयर क्षेत्र में अपना एसईजेड स्थापित करेगी।

### अब केवल 10 हेक्टेयर क्षेत्र की जरूरत

इन क्षेत्रों में विनिर्माण के लिए अत्यधिक पूंजी की जरूरत, आयात पर निर्भरता और लाभदायक स्थिति में पहुंचने में लगने वाले लंबे समय को देखते हुए अग्रणी निवेश और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नियम संशोधित किए गए हैं। संशोधित नियम के मुताबिक, सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण के लिए एक एसईजेड स्थापित करने के लिए अब केवल 10 हेक्टेयर क्षेत्र की जरूरत पड़ेगी, जो पहले के 50 हेक्टेयर से कम है।

## माइक्रॉन 13,000 करोड़ रुपए गुजरात के साणंद में करेगी निवेश

### सरकार ने नियम किए शिथिल

सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एसईजेड गठन संबंधी कुछ नियमों को आसान बनाने के बाद यह निर्णय लिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, 'नियमों में बदलाव के बाद एसईजेड की स्वीकृति देने वाले बोर्ड ने माइक्रॉन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी इंडिया और हुबली ड्यूरेबल गुड्स क्लस्टर प्राइवेट लिमिटेड (एकस ग्रुप) से मिले प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के विनिर्माण के लिए एसईजेड के गठन का जिक्र है।




*नियम 18 में भी संशोधन : निःशुल्क आधार पर प्राप्त और आपूर्ति की गई वस्तुओं का मूल्य भी अब शुद्ध विदेशी मुद्रा (एनएफई) की गणना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, एसईजेड नियमों के नियम 18 में भी संशोधन किया गया है ताकि सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण की एसईजेड इकाइयों को घरेलू शुल्क क्षेत्र में भी शुल्क भुगतान के बाद आपूर्ति की अनुमति मिल सके।*

*विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा : इन संशोधनों को वाणिज्य विभाग ने तीन जून, 2025 को अधिसूचित किया है। इससे देश में उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी के विकास को बढ़ावा मिलेगा और देश में उच्च कौशल वाली नौकरियां पैदा होंगी।*

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने सरकार को दिया 8,076.84 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया। इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे।

### बिड़ला एस्टेट्स ने जुटाए 420 करोड़ रुपए

**मुंबई।** रियल एस्टेट कंपनी बिड़ला एस्टेट्स ने मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में अपनी दो परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम से 420 करोड़ रुपए जुटाए हैं। बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड (पूर्व में सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

### विप्रो ने क्षेत्रीय मुख्यालय को स्थानांतरित किया




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने सोमवार को कहा कि उसने अपने पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय मुख्यालय को अल खोबर से रियाद, सऊदी अरब में स्थानांतरित कर दिया है। बेंगलुरु मुख्यालय वाली फर्म ने शेयर बाजार को बताया कि हाल ही में मोहम्मद मूसा को नए मुख्यालय से बाहर पश्चिम एशिया के लिए प्रबंध निदेशक बनाया गया है। नया कार्यालय देश में विप्रो की उपस्थिति को बढ़ाएगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### आरबीआई ने पिछले दिनों रेपो रेट घटाकर किया था 5.50 फीसदी

# पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया ने सस्ते किए दर, लोन लेने वालों को बड़ी राहत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जून को एक बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट को 50 बेसिस पॉइंट कम कर दिया, जिसके बाद रेपो रेट घटकर अब 5.50 फीसदी पर आ चुका है। वहीं आरबीआई के इस फैसले के बाद बैंकों ने भी लोन पर ब्याज दर कम करना शुरू कर दिया है। पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया समेत कुछ बैंकों ने अपने ब्याज दर को कम कर दिया है। ऐसे में लोन लेने वालों को बड़ी राहत मिलेगी और जिनका लोन पहले से चल रहा है, उनकी भी ईएमआई कम हो जाएगी।

शनिवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने दरों में कटौती का ऐलान किया था। इससे पहले रिजर्व बैंक के ऐलान के कुछ देर बाद ही करूर वैश्य बैंक ने भी कर्ज दरों को सस्ता करने का ऐलान किया था। अगर आपने इन बैंकों से होम लोन लिया है तो आपके बैंक की ईएमआई कम हो जाएगी। करूर वैश्य बैंक और इंडियन बैंक ने भी बयाज दर घटा दिया है।

### पंजाब नेशनल बैंक ने घटाया ब्याज

*पंजाब नेशनल बैंक ने कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो दरों में कटौती के बाद बैंक ने रेपो लिंक्ड लैंडिग रेट्स में कटौती की है और दरों को 8.85 फीसदी से घटाकर 8.35 फीसदी कर दिया है। बैंक के मुताबिक एमसीएलआर और बेस रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें 9 जून से लागू होंगी। शुक्रवार के कारोबार में स्टॉक एक फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ 110.15 के स्तर पर बंद हुआ है।*







### करूर वैश्य बैंक

इससे पहले करूर वैश्य बैंक ने शुक्रवार को एमसीएलआर यानी मर्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लैंडिंग रेट्स में कटौती का ऐलान किया है। बैंक की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, 6 महीने की एमसीएलआर और 12 महीने की एमसीएलआर में कटौती की गई है।




जानकारी के मुताबिक, 6 महीने की एमसीएलआर को 9.9 फीसदी से घटाकर 9.8 फीसदी कर दिया गया है। जबकि 1 साल के एमसीएलआर को 10 फीसदी से घटाकर 9.8 फीसदी किया गया है।

### बैंक ऑफ इंडिया के ब्याज दर

वहीं बैंक ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि रेपो दरों में कटौती के साथ रेपो बेस्ड लैंडिंग रेट्स में 6 जून से बदलाव किए गए हैं। कटौती के बाद आरबीएलआर 8.85 फीसदी से घटकर 8.35 फीसदी कर दी गई है। शुक्रवार को स्टॉक में हल्की बढ़त देखने को मिली और स्टॉक 124.3 के स्तर पर बंद हुआ।

### इंडियन बैंक ने भी घटाया ब्याज

इंडियन बैंक ने बताया कि मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी के द्वारा पॉलिसी रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती को देखते हुए बैंक ने रेपो बेंचमार्क रेट्स में संशोधन किया है। रेपो लिंक्ड बेंचमार्क लैंडिंग रेट्स 8.7 फीसदी से घटकर 8.2 फीसदी किए गए हैं। नई दरें 9 जून 2025 से लागू होंगी।

# टाटा मोटर्स की अगले 5 साल में 35 हजार करोड़ के निवेश की योजना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने अगले चार वित्त वर्षों में 30 उत्पाद गतिविधियों पर 33,000 करोड़ रुपये से लेकर 35,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बनाई है। इस दौरान सात नए मॉडल भी पेश करने की तैयारी है।

टाटा समूह की कंपनी अपने यात्री वाहन पोर्टफोलियो में उन्नत प्रौद्योगिकी और इंजन प्रणाली लाने पर भी निवेश करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स वित्त वर्ष 2026-27 तक 16 प्रतिशत (ईवी सहित) और अगले दो-तीन वर्षों में लगभग 18-20 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी की उम्मीद कर रही है।

कंपनी ने विश्लेषकों के समक्ष एक प्रस्तुति में उम्मीद जताई कि घरेलू यात्री वाहन उद्योग वर्ष 2030 तक सालाना 60 लाख इकाई तक बढ़ जाएगा। कंपनी ने कहा, 'हम वित्त वर्ष 2029-30 तक अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करेंगे। इसमें सात नए उत्पाद और 23 उत्पादों के नए संस्करण शामिल होंगे।

टाटा मोटर्स ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से लेकर 2029-30 के दौरान 33,000 करोड़ रुपये से लेकर 35,000 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय किया जाएगा। इसका इस्तेमाल अभिनव उत्पादों, सॉफ्टवेयर-संचालित वाहनों , उन्नत प्रौद्योगिकियों और इंजन प्रणाली पर किया जाएगा।

**PUBLIC NOTICE**

I, Rachna Kharbanda W/o Sh. Sanjeev Kharbanda R/o D-66, Ground Floor, Near Arya Samaj Mandir, , Kirti Nagar, Kirti Nagar, West Delhi , Delhi- 110015, I have purchased a flat bearing No 1906, tower SOCRATES 1, CZAR project, Situated at Sector Omicron, Grater Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh 201308, I have lost the original allotment letter of the above said property, and I have requested to M/s Supertech Limited , to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

**PUBLIC NOTICE**

I, Sharik Rahman Khan S/o Sh. Majib Khan R/o D-73, Sector 50 Noida , Gautam Buddha Nagar , Uttar Pradesh -201301, I have purchased a property bearing No SOCRATES-2 /1501, projectSupertech CZAR, at Plot no- GH-2, Sector - Omicron Greater Noida I have lost the original allotment letter of the above said property. I have requested to M/s Supertech limited, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within Fifteen Day.

# हिंदी अकादमी बाल कार्यशाला लोक संस्कृति से जोड़ने का प्रयास

**नई दिल्ली।** हिंदी अकादमी, दिल्ली द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाल कार्यशाला 2025 का आयोजन दिनांक 1 जून से 30 जून तक किया जा रहा है जिसमें 8 से 16 वर्ष के बच्चे भाग लेंगे और मंझे हुए निर्देशकों और सहायक निर्देशकों के निर्देशन में अपनी प्रतिभा को निखारेंगे। चूंकि आजकल बच्चों पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव अधिक पड़ रहा है जो उनको अपनी संस्कृति से दूर कर रहा है। इस वर्ष हिंदी अकादमी एक नई पहल करने जा रही है। हिंदी अकादमी ने इस वर्ष बाल रंगमंच के अतिरिक्त बच्चों को अपनी लोक संस्कृति से भी जोड़ने का प्रयास कर रही है । इस वर्ष रागिनी, हरियाणवी, राजस्थानी लोक नृत्य के साथ- साथ शास्त्रीय नृत्य में भी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यालयों में हिंदी अकादमी द्वारा कार्यशाला का संचालन किया जा रहा है. बच्चे गर्मी की छुट्टी में नाट्य विधाओं, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य से भी परिचित होंगे। बाल कार्यशाला से जुड़ने के लिए हिंदी अकादमी की वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।



## भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक सतपाल भानु को सौंपी प्रशासनिक शक्तियां



भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक सतपाल भानु को भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक की वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियां एवं कार्य सौंपे गए हैं। वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक श्री सतपाल भानु को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक की वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियां एवं कार्य सौंपे गए हैं। यह पद 08 जून, 2025 से तीन महीने की अवधि के लिए अर्थात 07 सितंबर, 2025 तक अथवा नियमित पदाधिकारी द्वारा पदभार ग्रहण करने तक अथवा अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, सौंपा गया है।

## बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था।

## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## गतिकीय प्रणालियों का विश्लेषण एवं नियंत्रण प्रणालियों में अनुप्रयोग विषय पर आधारित दो सप्ताहीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (JUIT), वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश के गणित विभाग द्वारा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे और टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (TIFR), मुंबई के संयुक्त केंद्र राष्ट्रीय गणित केंद्र (NCM) के सहयोग से गतिकीय प्रणालियों का विश्लेषण एवं नियंत्रण प्रणालियों में अनुप्रयोग विषय पर आधारित दो सप्ताहीय राष्ट्रीय कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन दिनांक 9 जून 2025 को किया गया।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रोफेसर आर. के. शर्मा ने की। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में गणितीय अनुसंधान की महत्ता पर प्रकाश डाला और इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो. ए. के. गुप्ता, प्रो. सुधीर स्याल तथा प्रो. सुनील खाह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों की सराहना करते हुए अंतर्विषयी अनुसंधान और अकादमिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।गणित विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार बजाज ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा समन्वयक डॉ. भूपेन्द्र कुमार पाठक ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।कार्यशाला के दौरान भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे कि आईआईएससी बैंगलोर, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रुड़की, आईआईटी मद्रास, आईआईटी मंडी एवं आईआईटी जम्मू से आए विशेषज्ञ संकाय सदस्य गणितीय विषयों जैसे कि अवकल समीकरणों, स्थिरता विश्लेषण, गैर-रेखीय प्रणालियों और नियंत्रण सिद्धांत पर व्याख्यान देंगे।



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2025–26 दिनांक 17.04.2025
ii) निविदा संख्या 15245006A 13.06.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में भुगतान की शर्तें को संशोधित किया गया है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1702/25

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

पत्र संख्या: GSU_DLI_SNT_15 dated 09-06-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई.–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T No. | GSU_DLI_SNT_15 dated 09.06.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | कनेक्ट्स टॉवर, नई दिल्ली में सीएओ/सी/आरएसपी कार्यालय के सम्मेलन कक्षों में दूरसंचार सुविधाओं की आपूर्ति और स्थापना |
| 3. | अनुमानित लागत | 48,43,707.20/– |
| 4. | धरोहर राशि | 96,900.00/– |
| 5. | समापन अवधी | 06 महीने |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 01.07.25 को 11:30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.07.25 को 11:30 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in उपलब्ध है |

1696/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5893



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली- 5892 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | य | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | य | र | त | पू | र्ण |



रोनाल्डो ने दागा करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल

# पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया

## रोमांचक फाइनल मुकाबले में 2-2 से बराबर रहा मैच

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच में वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें और उनकी आंखें नम हो गई।

### 61वें मिनट में की बराबरी

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाए मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी।




### रोनाल्डो की आंखों में छलके खुशी के आंसू

दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो उस समय भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए जब स्पेन के खिलाफ नेशंस लीग फुटबॉल के फाइनल में पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई और फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। टीम की जीत तय होते ही रोनाल्डो की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि देश के लिए ट्रॉफी जीतने से बड़ा कुछ भी नहीं। पुर्तगाल के इस 40 साल के कप्तान ने कहा, 'मैंने अपने क्लबों के साथ कई खिताब जीते हैं, लेकिन पुर्तगाल के लिए जीतने से बड़ा कुछ नहीं है।'

### स्पेन का आक्रमण फेल



यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने बृहस्पतिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था। मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया।

### मेंडिस मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 22 साल के खिलाड़ी ने टीम के लिए पहला गोल करने के बाद रोनाल्डो के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और पूरे मैच के दौरान यामल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम योगदान दिया।

क्रिकेट

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी-20 श्रृंखला




एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को नौ गेंद शेष रहते चार विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टीम ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भी सूपड़ा साफ किया था जिससे नए कप्तान हैरी ब्रुक को 11 दिनों के अंदर दूसरी श्रृंखला में जीत दर्ज की। जोस बटलर के बाद टीम की कमान संभालने वाले ब्रूक की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 196 रन बनाए। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाकर मैच और श्रृंखला जीत ली। इंग्लैंड ने नौ गेंद शेष रहते जीत दर्ज की लेकिन उसके लिए वेस्टइंडीज के लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। जरूरी रनरेट एक समय 11 रन प्रति ओवर से अधिक हो गया था। टीम हालांकि शीर्ष क्रम में छह में से पांच बल्लेबाजों के शानदार प्रयास से जीत दर्ज करने में सफल रही। जैकब बेथेल (26 रन) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंदों पर 56 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में 96 रन बनाने वाले बटलर ने 36 गेंदों पर 47 रन बनाकर एक बार फिर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।

## खबर संक्षेप

### बुमराह के संदेश ने बढ़ाया था ग्रीन का मनोबल

**लंदन।** कैमरून ग्रीन की पीठ की सर्जरी की पूर्व संध्या पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के



एक 'विशेष' संदेश ने ऑस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला को सर्जरी करवाने के उनके फैसले को लेकर आश्वस्त कर दिया। ग्रीन को पिछले साल 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हुआ था। यह चोट हालांकि नौ से बारह महीनों में स्वाभाविक रूप से ठीक हो सकती थी, लेकिन मैच खेल रहे थे।'

### भारत को हालात के अनुकूल ढलना होगा

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिये हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी जबकि माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिये 'कुछ खास' की शुरूआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

### आज भारत के सामने हांगकांग की चुनौती

**कोवलून।** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को



हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिये आसान नहीं होगी। स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50000 टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं।

### बधिर कोचों के लिए पहला डी सर्टिफिकेट कोर्स

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बधिर कोचों के लिए पहला डी सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स नवी मुंबई के रिलायंस फाउंडेशन यंग चैम्प्स परिसर में आयोजित किया। पश्चिम भारत फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित छह दिवसीय कोर्स में 23 सक्रिय फुटबॉल कोचों ने भाग लिया जो भारतीय एनजीओ 'स्लम सॉकर' से जुड़े थे। एआईएफएफ के शीर्ष कोच शैलेष करकेरा ने इसका संचालन किया और भारतीय साइन भाषा के दो भारतीय जानकारों ने उनकी मदद की।

# टीएनपीएल में स्पिनर अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने खींचा ध्यान

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर



अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए। ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए।

अश्विन ने अपनी शुरुआती 10 गेंद पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाए। हालांकि अश्विन ने पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद को पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और उनके सलामी जोड़ीदार शिवम सिंह (27 गेंद पर 30 रन) ने लेग साइड की वाइड गेंद को लेकर पहले ओवर में ही रेफरल का अपना कोटा खत्म कर दिया था।

### डीडीसीए की महिला टी20 लीग शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ की पहली महिला टी20 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में आर पी क्रिकेट अकादमी ने एन के खन्ना क्लब को 44 रन से हराया। इस लीग में डीडीसीए से पंजीकृत 41 क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं और मॉडर्न स्कूल में पहला मुकाबला खेला गया। डीडीसीए उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने कहा, 'यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेटरों के लिए बेहतरीन अवसर है। उम्मीद है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा।'

# सिनर शीर्ष पर बरकरार, बोइसों ने लगाई 296 स्थान की लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶| पेरिस



फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं। फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं।

कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है।

### निशानेबाजी लीग से खेल को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मैरी टकर का मानना है कि भारतीय निशानेबाजी लीग भारत और दुनिया भर में इस खेल को विकसित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में 10 मीटर एयर



राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली इस 23 साल की इस निशानेबाज ने कहा कि उन्हें टीम प्रारूप वाले टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। उन्होंने एनसीएए प्रतियोगिताओं में केंटुकी विश्वविद्यालय और वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के साथ जर्मनी की बुंडेसलीगा में साल्टेंडोर्फ टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

# डब्लूटीसी फाइनल आज, अफ्रीका के सामने आस्ट्रेलिया की चुनौती



एजेंसी ▶▶| लंदन

वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है।

ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्लूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी।

टीम ने डब्लूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था।

### पारी का आगाज कौन करेगा तय नहीं

ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी। टीम के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद हैं। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई।

### अतीका रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में रही शीर्ष 10 में

**ट्रिनेच।** भारत की दस वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला वन से




वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं।

# विश्व कप : तीन भारतीय करेंगे पदार्पण निशानेबाज इलावेनिल से पदक की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| म्यूनिख



दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी। उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे। भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है।

भारतीय घरेलू सत्र : विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होना है मैच

# कोलकाता और दिल्ली में टेस्ट मैचों की अदला-बदली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम भारत के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है।



### अफ्रीका के खिलाफ शेड्यूल

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच रांची (30 नवंबर), रायपुर (तीन दिसंबर) और विशाखापत्तनम (छह दिसंबर) में खेले जाएंगे जबकि पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच कटक (नौ दिसंबर), न्यू चंडीगढ़ (11 दिसंबर), धर्मशाला (14 दिसंबर), लखनऊ (17 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में खेले जाएंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने इस बीच 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली महिला वनडे श्रृंखला की मेजबानी करने में असमर्थता जताई है।

### दो अक्टूबर से घरेलू सत्र की शुरुआत

भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी, उसके बाद दिल्ली टेस्ट होगा। भारतीय टीम इसके बाद विभिन्न स्थानों पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीनों प्रारूपों की पूरी श्रृंखला खेलेगी। इसमें दो टेस्ट मैच तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता शुरुआती टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा जबकि गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में 22 से 26 नवंबर तक श्रृंखला का दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इस स्टेडियम के लिए यह पहला टेस्ट मैच होगा।




# सीमाओं पर तनाव के बीच शुरू हुआ अगली पीढ़ी के अपतटीय जहाज का निर्माण

## इस अवसर पर जीएसएल में आयोजित किए गए समारोह में मौजूद रहे उप नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब नौसेना की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। जिसके पीछे की एक वजह सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में शुरू किया गया अगली पीढ़ी के चौथे अपतटीय जहाज यार्ड-1283 (एनजीओपीओ) के निर्माण कार्य (कील लेइंग) की शुरुआत होना है।

इस अवसर पर आयोजित किए गए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन शामिल हुए। उनके अलावा जीएसएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ब्रजेश कुमार उपाध्याय और नौसेना व शिपयार्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह का हिस्सा बने। नौसेना ने 9 जून को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।




### 3 हजार टन वजनी होगा यह जहाज

नौसेना ने कहा कि यार्ड-1283 का कुल वजन करीब 3 हजार टन है। जिसे तटीय सुरक्षा, निगरानी, खोज और बचाव अभियानों के अलावा अपतटीय संपत्तियों के संरक्षण व समुद्री डाकुओं के खिलाफ अभियानों के लिए प्रयोग किया जाएगा। इस श्रेणी के कुल 11 जहाजों के निर्माण के लिए वर्ष-2023 में 6 हजार 200 करोड़ रुपए का एक समझौता किया गया था। जिसके तहत 7 जहाजों का निर्माण जीएसएल में और 4 का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया जाना है। केंद्र सरकार के देश के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान के विजन को ध्यान में रखते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे नौसेना की समुद्री क्षमता में भी काफी बढ़ोतरी होगी। यहां बता दें कि ये जहाज हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ भी काफी मददगार साबित होगा।

### स्वदेशी रूप से बनाया गया जहाज का डिजाइन

उधर, जीएसएल ने बताया कि जहाज के देश के अंदर डिजाइन से लेकर निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे भारतीय नौसेना की सभी रणनीतिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक जहाज की लंबाई 114 मीटर, बीम 14.6 मीटर है। जबकि कुल विस्थापन क्षमता 2 हजार 700 टन यानी लगभग 3 हजार टन है। जहाज में दो डीजल चालित प्रणोदन (प्रॉपल्शन) हैं। इसके अलावा यह आधुनिक स्वदेशी हथियारों और सेंसर से भी लैस होंगे।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सराहनीय

जहाज निर्माण से जुड़े जीएसएल के शीर्ष नेतृत्व और परियोजना टीम से बातचीत में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रक्षा मंत्रालय, नौसेना और भारतीय जहाज निर्माण उद्योग के दृढ़ समर्पण को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिहाज से बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने नौसेना की जटिल परियोजनाओं की गुणवत्ता से लेकर कार्य की रफ्तार को लेकर संतुष्टि जाहिर की। साथ ही शिपयार्ड की नौसेना द्वारा हर निर्माण के साथ दी जाने वाली समय सीमाओं की टाइमलाइन की पूर्ति को लेकर जारी कवायद की भी प्रशंसा की। जीएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ब्रजेश कुमार उपाध्याय ने शिपयार्ड की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा ध्यान स्वदेशीकरण, तकनीक को आत्मसात करने और गुणवत्ता को लागू करने पर है।

## खबर संक्षेप

### हज यात्रा के लिए कोई यूएई में प्रतिबंध नहीं

**नई दिल्ली।** हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों पर प्रतिबंध की अटकलों को विदेश



मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार सऊदी अरब ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। देश ने पुरानी परंपरा के अनुसार हज के दौरान भीड़भाड़ को रोकने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। जो हज के समापन के साथ ही समाप्त हो जाएंगे। यात्रा प्रतिबंध 30 जून तक लागू रहेगा।

### आतंकी राणा परिवार से कर सकेगा बात

**नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार



बात करने की इजाजत पाटियाला हाउस कोर्ट दी है।कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी।

### तटरक्षकबल ने चालक दल के 22 में से 18 लोगों को बचाया गया, 4 लापता लोगों की तलाश जारी

# आग से जूझ रहे सिंगापुर के जहाज के राहत और बचाव कार्य में जुटी नौसेना

*भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त ने राहत-बचाव अभियान के लिए नौसेना, तटरक्षकबल समेत सभी एजेंसियों को धन्यवाद दिया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केरल के बेपोर तट से करीब 88 नॉटिकल माइल्स की दूरी पर सिंगापुर के झंडे वाले मालवाहक जहाज एमवी वॉन हाई-503 के एक कंटेनर में सोमवार सुबह धमाकों के साथ लगी आग पर काबू पाने के लिए भारतीय नौसेना और तटरक्षकबल ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। घटना के वक्त जहाज पर चालक दल कुल 22 सदस्य सवार थे। जिनमें से 18 को बचा लिया गया है। जबकि 4 लोग अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। कोच्चि में रक्षा प्रवक्ता ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून की सुबह करीब 10 बजकर 30 मिनट पर बेपोर से कुछ दूरी पर जहाज में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद नौसेना ने अपने जंगी युद्धपोत आईएनएस सूरत को राहत-बचाव कार्य के लिए तुरंत रवाना किया। जबकि स्थिति का आकलन करने और राहत अभियान में समन्वय स्थापित करने के लिए बल के ही आईएनएस गरुड़ अड्डे से डॉर्नियर विमान की उड़ान भरने की योजना बनाई गई। इसके अलावा तटरक्षकबल ने घटना के बीच बचाव और नुकसान का आकलन करने के लिए डोर्नियर सहित कई परिसंपत्तियों को तैनात किया है। यहां बता दें कि एमवी वॉन हाई ने बीते 6 जून को चालक दल के 22 सदस्यों के साथ श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह के लिए अपनी समुद्री यात्रा की शुरुआत की थी। लेकिन उसके बीच में केरल में ये हादसा हो गया। जहाज को 9 जून को मुंबई पहुंचना था। उधर, भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमॉन वांग ने एक्स पोस्ट में नौसेना, तटरक्षकबल और अभियान में शामिल अन्य सभी एजेंसियों के प्रति आभार प्रकट किया।




### मुंबई केंद्र तक पहुंची आग लगने की सूचना

*नौसेना के मुंबई केंद्र को कोच्चि के जरिए इस हादसे के बारे में जानकारी मिल गई है। उधर, तटरक्षकबल ने एक बयान में बताया कि घटना की जानकारी मिलने के साथ ही उसने राहत कार्य का आगाज कर दिया था। दोपहर लगभग 12 बजकर 40 मिनट पर जहाज में मौजूद बाकी कंटेनरों में आग फैलने की सूचना मिली और उसके साथ ही चालक दल ने लाइफ जैकेटों के जरिए जहाज को छोड़ दिया। चालक दल के 22 में से जिन 18 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। उन्हें मदद पहुंचाने के लिए तटरक्षकबल के मुंबई राहत समन्वय केंद्र ने एमवी वन मार्वल को रवाना किया।*

### इन देशों के हैं चारों लापता लोग

बाकी बचे हुए 4 लोगों में से 2 ताइवान के हैं। जबकि 1 इंडोनेशिया और 1 म्यांमार का रहने वाला है। हादसे के वक्त से ही ये सभी लोग लापता हैं। इनकी तलाश जारी है। तटरक्षकबल का डोर्नियर विमान जहाज के ऊपर हवाई गश्त के साथ उड़ान भर रहा है और रियल टाइम विश्लेषण प्रदान कर रहा है। जहाज पानी में तैर रहा है। लेकिन उसमें मौजूद सामान (माल) की स्थिति के बारे में कोई भी जानकारी तत्काल रूप से प्रदान नहीं की जा सकती है। क्योंकि आग की स्थिति और उससे जुड़े हुआ संभावित खतरा इससे जुड़ा हुआ है। तटरक्षकबल वर्तमान में जहाजरानी महानिदेशक, राज्य प्रशासन और जहाज के मालिक के साथ उभरती हुई परिस्थिति को लेकर प्रतिक्रिया योजना के संबंध में समन्वय कर रहा है। उसकी प्राथमिकता मुश्किल की इस घड़ी में चालक दल को बचाना, जहाज में लगी हुई आग को बुझाने की कवायद और आग लगने से समुद्री पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाव करना है।

### वायुसेना को मिलेंगे 3 आई-स्टार जासूसी विमान

# दुश्मनों के हर मूवमेंट पर होगी 'नजर' मिलेगी ठिकानों की सटीक जानकारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को जल्द ही तीन अत्याधुनिक आई-स्टार जासूसी विमान (स्पाय एयरक्राफ्ट) मिलने जा रहे हैं। इस परियोजना की लागत 10,000 करोड़ रुपए की है। इसका प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय जून के चौथे हफ्ते में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी के लिए रखेगा। स्पाय एयरक्राफ्ट मिलने के बाद भारत अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल जैसे चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास यह तकनीक है।

आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी। ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम डीआरडीओ के सेंटर फॉर एयरबोन सिस्टम (सीएबीएस) द्वारा बनाए गए पूर्णतः स्वदेशी होंगे।

### मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता

आई-स्टार विमान बहुत अधिक ऊंचाई से विमान ऊंचाई से खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, लक्ष्य पहचानने और उन पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे। साथ ही ये स्टैंड-ऑफ रेंज से ऑपरेट होंगे यानी सीधे युद्ध क्षेत्र में घुसे बिना ही दुश्मन की हर गतिविधि को स्कैन करेंगे। ये दिन और रात में किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम होंगे। सिस्टम हवाई और जमीनी दोनों हिस्सों में काम करेगा, ताकि जमीनी सैन्य टुकड़ियों को रियल टाइम खुफिया जानकारी मिलती रहे। इसमें मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता होगी जिससे आतंकी, घुसपैठिए और छिपे हुए दुश्मन भी पकड़ में आएंगे। इससे भारतीय सेना की सुरक्षा क्षमताओं को कई गुना बढ़ाएगा। इससे देश को समय पर खतरों की पहचान करने और उन पर जवाबी कार्रवाई करने में बड़ी मदद मिलेगी।

### आई-स्टार का काम

आई-स्टार का पूरा नाम इंटेलिजेंस, सर्विलांस, टारगेट एक्विजिशन एंड रिकॉनिसेंस है। इस विमान के निर्माण का उद्देश्य खुफिया जानकारी जुटाना, निगरानी करना, टारगेट तय करना और दुश्मन की जानकारी हासिल करना। यह सिस्टम हवाई निगरानी के जरिए जमीन पर हो रही गतिविधियों की लाइव और सटीक जानकारी देता है।

*लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड की तैनाती के बाद विरोध तेज*

# राजमार्ग अवरुद्ध किया, वाहनों को आग लगाई, पथराव किया

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिलिस

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस (एलए) में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर रविवार को तनाव और बढ़ गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की।

स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं। इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया और शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था।



### मास्क पहनने वालों की तुरंत गिरफ्तारी का आदेश

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आदेश दिया है कि जो लोग प्रदर्शन के दौरान मास्क पहन रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि लॉस एंजिलिस में स्थिति बहुत खराब है। सैना को तैनात किया जाए। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया। मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर एक अस्थायी अवरोधक बना दिया तथा दूसरी तरफ खड़े पुलिसकर्मियों पर वस्तुएं फेंकना शुरू कर दिया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया और उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिससे पुलिसकर्मी बचते दिखे।

### ट्रंप के नए यात्रा प्रतिबंध लागू

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा करने पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। ट्रंप ने बीते बुधवार को इस नई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होते हैं। नए प्रतिबंध के तहत सूची में शामिल देशों के लोगों को पहले जारी किए गए वीजा रद्द नहीं होंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109